लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 01 फरवरी, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 111 | www.janexpresslive.com/epaper





मेरी एक ही पार्टी है कांग्रेस, केरल चुनाव... 12


# महाराष्ट्र में महिला डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

## घट गई पवार पावर: सुनेत्रा डिप्टी सीएम, पर 'दादा' जितनी ताकत नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। सुनेत्रा पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर इतिहास रच दिया है और वह राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गई हैं। हालांकि मंत्रालयों के बंटवारे के बाद यह साफ हो गया है कि उन्हें उतनी ताकत नहीं मिली, जितनी पहले अजित पवार के पास थी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वित्त और योजना जैसे अहम विभाग अपने पास रख लिए हैं। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने मुंबई में आयोजित समारोह में सुनेत्रा पवार को पद की शपथ दिलाई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे। शपथ के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर रही कि सुनेत्रा को कौन-कौन से विभाग मिलेंगे। सरकार की ओर से मंत्रालयों का बंटवारा पूरा कर राज्यपाल को इसकी जानकारी भेज दी गई है।



### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनेत्रा पवार को बधाई देते हुए कहा कि राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम के रूप में वह जनता के कल्याण के लिए निरंतर काम करेंगी और स्वर्गीय अजित दादा पवार के विजन को आगे बढ़ाएंगी। उनके इस संदेश को राजनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस पर सुनेत्रा ने कहा कि आपने जो आशीर्वाद दिया है, वह मेरे लिए प्रेरणादायक है। जैसे ही मैं महाराष्ट्र की सेवा के लिए नई जिम्मेदारी शुरू कर रही हूं, आपके शब्दों ने लोक कल्याण के काम के लिए मेरा आत्मविश्वास बढ़ा दिया है। राज्य के लोगों की भलाई के लिए ईमानदारी और समर्पण की भावना से काम करने का मेरा संकल्प इससे और मजबूत हो गया है। आपके भरोसे के लिए दिल से धन्यवाद।

### शपथ के बाद सुनेत्रा बोलीं दादा के असमय जाने से दुख का पहाड़ टूटा

सुनेत्रा पवार शपथ के बाद एक्स पर लिखा, आदरणीय अजीत दादा ने अपनी पूरी ज़िंदगी किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और पिछड़े लोगों को जीवन का एक मार्गदर्शक सिद्धांत दिया। आज, 'शिव-शाहू-फुले-अंबेडकर' के आदर्शों के प्रति समर्पित रहते हुए और उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, कर्तव्य की भावना के साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर की जिम्मेदारी लेते हुए, मेरा दिल सच में बहुत खुश है। उन्होंने लिखा- हालांकि दादा के असमय जाने से मेरे मन पर दुख का पहाड़ आ गया है, लेकिन उन्होंने मुझे जो कर्तव्य की भावना, संघर्ष की ताकत और लोगों के प्रति समर्पण सिखाया, वह मेरा सच्चा सहारा है।

# 'सीमा पार आतंकवाद बिल्कुल स्वीकार्य नहीं'

## विदेश मंत्री ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ कोई समझौता नहीं, दुनिया में एक जैसा नियम लागू होना चाहिए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीमा पार आतंकवाद किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों और कूटनीति के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ कठोर और एकरूप वैश्विक नीति की जरूरत पर जोर दिया।



### आतंकवाद पर सख्त संदेश

जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम सभी देशों पर समान रूप से लागू होने चाहिए, ताकि आतंकवाद को किसी भी तरह का संरक्षण न मिले।

### आत्मरक्षा का अधिकार स्वाभाविक

विदेश मंत्री ने कहा कि जिन समाजों और देशों को आतंकवाद का निशाना बनाया जाता है, उन्हें अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वे स्वाभाविक रूप से इस अधिकार का प्रयोग करेंगे।

### मध्य पूर्व की स्थिति पर चिंता

जयशंकर ने मौजूदा भू-राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि पिछले एक वर्ष में मध्य पूर्व में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने गाजा, सूडान, यमन, सीरिया और लीबिया में जारी संघर्षों का उल्लेख किया।

### भारत और अरब देशों के संबंध अहम

उन्होंने कहा कि मध्य पूर्व में हो रहे घटनाक्रमों का असर क्षेत्र से बाहर भी महसूस किया जा रहा है और भारत के लिए यह क्षेत्र रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। इसके परिणाम भारत-अरब संबंधों के लिए भी प्रासंगिक हैं।

### वैश्विक सहयोग की जरूरत

जयशंकर ने आतंकवाद को एक वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

# पश्चिमी यूपी में आज से बारिश के आसार, कोहरे में आएगी कमी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बदस्तूर जारी है। शनिवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में घना कोहरा छाया रहा और सुबह ठंड के साथ तेज हवा की वजह से सिहरन महसूस की गई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना है। सोमवार को इसका असर प्रदेश के अन्य जिलों में भी देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को सुबह बरेली, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, कानपुर और आजमगढ़ में घना कोहरा रहा और यहां दृश्यता शून्य दर्ज की गई। इसके अलावा मेरठ में दृश्यता 10 मीटर, बरेली और बलिया में 20, हमीरपुर में 40 और लखनऊ में 50 मीटर रही। प्रदेश में सबसे ठंडा हरदोई रहा जहां पर न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर मुजफ्फरनगर में न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री, मेरठ में 6.8 डिग्री, कानपुर और बाराबंकी में 7 और राजधानी लखनऊ में 8.8 डिग्री दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से एक फरवरी से लेकर तीन फरवरी तक प्रदेश में बारिश के आसार हैं। इस दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

# कफ सिरप कांड में बड़ी कार्रवाई: भोला की 5.77 करोड़ की संपत्ति जब्त, अब तक 34.50 करोड़ पर चला पुलिस का शिकंजा



**जन एक्सप्रेस। सोनभद्र**

कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी में संलिप्त भोला प्रसाद जायसवाल के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई जारी है। पूर्व में 28.50 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त किए जाने के बाद अब सोनभद्र पुलिस ने करीब 5.77 करोड़ रुपये की और संपत्ति कुर्क कर ली है। इस तरह अब तक तस्कर की कुल 34.27 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। थाना रॉबर्ट्सगंज में दर्ज एफआईआर के तहत आरोपी प्रहलाद घाट के कायस्थ टोला निवासी भोला प्रसाद के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 23 जनवरी को पहले ही 28.50 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की जा चुकी थी। इसके बाद धारा 68-एफ एनडीपीएस एक्ट के तहत वाराणसी जनपद में अभियुक्त और उसके परिजनों की संपत्तियों पर कुर्की की गई। फॉर्च्यूनर की कीमत ही करीब 40 लाख रुपये बताई गई है। कुर्की की कार्रवाई में एसआईटी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष हाथीनाला नागेश सिंह, चौकी प्रभारी डाला घनश्याम तिवारी सहित पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी और उससे अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। ऐसे अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### इन स्थानों पर हुई कार्रवाई

शनिवार को पुलिस ने मड़ौली, भरलाई और जगदीशपुर क्षेत्र में स्थित कुल सात अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत करीब 4.55 करोड़ रुपये बताई गई है। इसके अलावा चार लग्जरी व अन्य वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 51 लाख रुपये है। वहीं, बैंक खातों में जमा 70.99 लाख रुपये की राशि भी अभिग्रहित की गई है। इस तरह कुल 5.77 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई। कुर्क किए गए वाहनों में फॉर्च्यूनर लेजेंडर, हुंडई आई-20, एक्टिवा और वेस्पा स्कूटर शामिल हैं।

# ईरान के 7 शहरों में धमाके, 5 मौतें,14 लोग घायल, इजराइल बोला, इसमें हमारा रोल नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

ईरान के कम से कम 7 शहरों में धमाकों की खबर है। अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को राजधानी तेहरान, परंद, तबरीज, कोम, अहवाज, नंताज और बंदर अब्बास में विस्फोट हुए। तुर्किये की न्यूज एजेंसी अनादोलु के अनुसार धमाकों में कम से कम 5 लोगों की मौत हुई है और 14 घायल हैं। हालांकि, अभी ईरान सरकार की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। वहीं इजराइल के दो अधिकारियों ने मीडिया से कहा है कि इन विस्फोटों में इजराइल शामिल नहीं है। ईरानी समाचार एजेंसी तसनीम ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों को गलत बताया है, जिनमें कहा जा रहा था कि रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना कमांडर को निशाना बनाया गया था।

### अहवाज में धमाके से इमारत का हिस्सा उड़ गया

सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स के मुताबिक, अहवाज में एक रिहायशी इमारत में गैस विस्फोट हुआ था, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। वहीं बंदर अब्बास में एक इमारत में विस्फोट हुआ, जिससे उसकी दो मंजिलें टूट गई और कई दुकानें भी तबाह हो गई। इस धमाके में कुल 14 लोग घायल हुए।

# अयोध्या के राज्य कर उपायुक्त ने इस्तीफा लिया वापस बोले, मेरा भाई मुख्तार अंसारी गैंग का सक्रिय सदस्य

- प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि 'मैंने अपना त्यागपत्र वापस ले लिया है
- अविमुक्तेश्वरानंद के विरोध और सरकार के समर्थन में अपना त्यागपत्र अधिकारियों को भेजा था



**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**


रामनगरी अयोध्या में तैनात राज्य कर उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने अविमुक्तेश्वरानंद के विरोध और सरकार के समर्थन में अपना त्यागपत्र अधिकारियों को भेजा था। अब उन्होंने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा कि अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। प्रशांत कुमार सिंह ने कहा कि 'मैंने अपना त्यागपत्र वापस ले लिया है। मुझ पर कोई दबाव नहीं है। शनिवार को मैं अपने कार्यालय में हूं। अपना कार्य कर रहा हूं। भाई द्वारा लगाए आरोपों पर कहा कि मेरा भाई विश्वजीत सिंह, मुख्तार अंसारी की मऊ गैंग के सक्रिय सदस्य है। वह उनके आर्थिक सलाहकार रहा है।

### भाई एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है

उन्होंने कहा कि मेरे भाई पर तमाम आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उसने माता-पिता को मारा पीटा। इसके संबंध में एफआईआर दर्ज है। उसने जिओ ब्रांच मैनेजर को भी जान से मारने की धमकी दी। वह जबरन वसूली करता है। उसका काम है कि पैसों के लिए दबाव बनाना। वह एक आपराधिक व्यक्ति है। फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट मामले पर उन्होंने कहा कि मेरा भाई ने साल 2021 में सीएमओ, मऊ को एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें कहा था कि प्रशांत द्वारा दिया गया दिव्यांग प्रमाणपत्र फर्जी है। क्योंकि, उस पर दिन अंकित नहीं है। डॉक्टरों के हस्ताक्षर नहीं है। सीएमओ ने विश्वजीत द्वारा बनाए गए फर्जी प्रमाणपत्र को संज्ञान में नहीं लिया। बल्कि, मुझे जांच के लिए आदेश दिया।

### सीएमओ ने लिखित में बताया कि प्रमाणपत्र सही है

उन्होंने बताया कि सीएमओ-मऊ ने ही मुझे प्रमाणपत्र जारी किया गया था। इसके बाद मैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या के सामने प्रस्तुत हुआ। उन्होंने मऊ-सीएमओ से पूछा कि ये प्रमाणपत्र सही है या नहीं। इसके जवाब में सीएमओ ने लिखित में बताया कि प्रमाणपत्र सही है।

# न्यायालय की बिना अनुमति गैंगस्टर को जेल से रिहा करना एक बड़ी चूक–न्यायालय, जेलर को किया गया निलंबित

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

ग्रेटर नोएडा के चर्चित गैंगस्टर एवं शातिर अपराधी रवि काना की रिहाई को लेकर जेलर को निलंबित कर दिया गया है।कार्यवाही के बाद जेल महकमे में एकबार फिर खलबली मच गई है। नियमावली 1999 के नियम -7 के अधीन विक्रम सिंह यादव को विभागीय जांच के अलावा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिला जेल से रवींद्र नागर उर्फ रवि काना की रिहाई पर लगातार सवाल उठ रहे थे।इसको लेकर कारागार प्रशासन पर लगातार दबाव पड़ रहा था।अब इस मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है।मामले में जिला जेल के जेलर विक्रम सिंह को निलंबित कर दिया गया है।जबकि जेल अधीक्षक के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं।प्रकरण सामने आने के बाद डीजी जेल पीसी मीणा ने पूरे मामले की जांच डीआईजी जेल प्रयागराज को सौंपी थी।प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में रिहाई प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं,लापरवाही और नियमों के उल्लंघन के संकेत मिलने के बाद जेलर केपी यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है।जेल अधीक्षक द्वारा न्यायालय को भेजे गए पत्र में बताया गया कि आरोपी को प्रशासनिक आधार पर अगस्त 2024 में गौतमबुद्धनगर से कारागार स्थानांतरित किया गया था। 28 जनवरी 2026 को संबंधित प्रकरण का बी-वारंट कारागार को प्राप्त हुआ था। जिसमें 29 जनवरी को न्यायालय के समक्ष पेश करने का




आदेश था। पुलिस गार्ड उपलब्ध न होने के कारण आरोपी को वीसी के माध्यम से पेश किया गया।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि आरोपी के खिलाफ अन्य सभी मामलों में रिहाई आदेश पहले ही प्राप्त हो चुके थे। वह केवल बी-वारंट के आधार पर ही बंद था। वहीं जेल प्रशासन का कहना है कि वीसी पेशी के बाद न तो अभिरक्षा वारंट प्राप्त हुआ और न ही अग्रिम पेशी तिथि की कोई सूचना मिली। इसी आधार पर 29 जनवरी-2026 यानी बृहस्पतिवार को शाम 06-39 बजे आरोपी को रिहा कर दिया गया। वर्तमान में आरोपी जिला कारागार में बंद नहीं है।हालांकि न्यायालय ने इस तर्क को अस्वीकार्य मानते हुए कहा कि जब जेल प्रशासन को पहले से जानकारी थी।कि आरोपी बी-वारंट पर तलब है।और उसी दिन रिमांड को लेकर सुनवाई भी हुई।तो ऐसे में आरोपी को रिहा करना न्यायिक आदेशों की अवहेलना है।अदालत ने स्पष्ट किया कि बिना न्यायालय की अनुमति एवं सूचना के आरोपी को छोड़ना गंभीर चूक है।जो न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करती है।वहीं जेल से छूटने के बाद आरोपी कहां गया नोएडा पुलिस को नहीं पता।फिलहाल पुलिस आरोपी के संपर्क में रहे लोगों की तलाश कर रही है।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जेल अधीक्षक से तीन प्रमुख बिंदुओं पर जवाब मांगा है।पहला,जब बी-वारंट की जानकारी पहले से थी तो किन परिस्थितियों और किस आधार पर आरोपी को रिहा किया गया।दूसरा वीसी के माध्यम से रिमांड की कार्यवाही चलने के बावजूद न्यायालय को सूचित किए बिना अभियुक्त को क्यों छोड़ा गया।तीसरा क्यों न इस कृत्य को अभियुक्त के जेल कस्टडी से भागने की श्रेणी में मानते हुए जेल अधीक्षक के विरुद्ध मुकदमा चलाया जाए।अदालत ने इस पूरे प्रकरण की जानकारी डीआईजी जेल और डीजी जेल को भी भेजी है ताकि आवश्यक स्तर पर जांच और कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।इसी के चलते जेलर को दोषी मानते हुए निलंबित कर दिया गया है।

# राष्ट्र सेवा और अनुशासन की भावना सर्वोपरि रखने के साथ हुआ शिविर का समापन

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय बेड़ीपुलिया में चल रहे भारत स्काउट गाइड रोवर-रेंजर शिविर के समापन अवसर पर शनिवार को एडीएम व एसडीएम न्यायिक ने रोवर-रेंजर्स द्वारा बनाए गए विभिन्न उपकरणों का अवलोकन किया तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, सेवा और आत्मनिर्भरता का महत्व समझाया।



समापन समारोह में एडीएम (न्यायिक) अरुण कुमार व एसडीएम (न्यायिक) सौरभ यादव ने रोवर-रेंजर्स को समाज सेवा, नेतृत्व क्षमता और स्वावलंबन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर के अंतिम दिन रोवर-रेंजर्स द्वारा बिना बर्तन के भोजन बनाने की गतिविधि का प्रदर्शन किया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने आत्मनिर्भरता, संसाधनों के उचित उपयोग व टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश पाल, स्काउड सचिव सुरेश प्रसाद, रोवर प्रभारी डॉ वंश गोपाल एवं रेंजर प्रभारी डॉ. सीमा कुमारी ने शिविर की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिविर में प्रशिक्षक डीओसी स्काउट ललित कुमार, शिविर प्रभारी रामदयाल, स्काउट मास्टर जानकीशरण व रेंजर लीडर बिंदु देवी ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर रोवर रेंजर्स आकांक्षा सैनी, दीक्षा, दिलीप, प्रीति, शिवानी जोशी आदि मौजूद रहे।

# बूथों का भ्रमण कर डीएम ने लिया विशेष अभियान का जायजा

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने शनिवार को जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के तहत धनुष चैराहा स्थित विभिन्न मतदेय स्थलों (बूथ संख्या 432 से 437) का औचक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया का जायजा लेकर बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




निरीक्षण के दौरान विभिन्न बूथों के बीएलओ ने बताया कि नए मतदाताओं के नाम सम्मिलित करने के लिए फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया सतत रूप से संचालित की जा रही है। इस पर डीएम ने निर्देशित किया कि फॉर्म-6 भरते समय विशेष सतर्कता बरती जाए। स्पष्ट किया कि मतदाता के स्थायी पते के साथ उसके निवास के निकटतम प्रमुख लैंडमार्क (विशिष्ट पहचान स्थल) का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि भविष्य में मतदाता पहचान पत्र के वितरण एवं सत्यापन कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान बूथ संख्या 435 में पाया गया कि तकनीकी कारणों से एक ही परिवार के कुछ मतदाताओं के नाम अन्य बूथों में स्थानांतरित हो गए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल समाधान के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे प्रकरणों में फॉर्म-8 के माध्यम से त्रुटि सुधार कराए ताकि परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदेय स्थल पर अंकित रहें। कहा कि कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचन नामावली में पंजीकरण से वंचित न रहने पाए। अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# मतदाता सूची का शुद्धिकरण हमारा ध्येय है– प्रकाश पाल

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

शनिवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के तहत प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में नए मतदाताओं व छूटे हुए मतदाताओं के नाम दर्ज कराने को लेकर आयोजित विशेष अभियान में भाजपा नेताओं ने सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों में जाकर मतदाताओं नाम जुड़वाएं।

विशेष अभियान के तहत शनिवार को भाजपा के कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित प्रवासी सुनील पाठक, जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय आदि नेताओं ने सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों में जाकर नए मतदाताओं व छूटे हुए मतदाताओं के नाम जुड़वाए। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि एसआईआर कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जा रहा है। कहा कि एसआईआर की मतदाता सूची में सिर्फ भारतीयों के ही नाम रहेंगे। बताया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता थ्री डी- डिटेक्ट, डिलीट व डिपोर्ट के संकल्प के साथ मतदाता सूची का शुद्धिकरण करा रहा है। बताया कि एसआईआर के तहत घुसपैठियों का नाम हटाया जा रहा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को एसआईआर कार्य को सकुशल कराने के लिए प्रेरित किया। जिला प्रवासी सुनील पाठक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर 18 साल के हर युवा को मतदाता बनाए। साथ ही जो मतदाता किन्हीं कारणों से छूट गये है, उनका भी नाम जुड़वाने का काम करें। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि हर कार्यकर्ता संकल्प लेकर एसआईआर अभियान को शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, बृजेश पांडेय, रवि गुप्ता, श्रवण पटेल आदि उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान के तहत जमा कराए गए मतदाता प्रपत्र

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए शनिवार को विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया। जिसके तहत बूथों में बीएलओ ने नए व छूटे हुए मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज किए जाने के लिए फार्म छह प्राप्त कर पंजीकरण किया। यह विशेष अभियान विधानसभा 237 मानिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर आयोजित किया गया, जिसमें सम्बन्धित बूथों के बीएलओ ने अपने बूथ में उपस्थित रहकर नए मतदाताओं व छूटे हुए मतदाताओं से फार्म 6 प्राप्त कर सूची में उनका नाम दर्ज करने के लिए पंजीकरण किया। साथ त्रुटि सुधार व नाम हटवाने फार्म आठ व सात भी प्राप्त किए। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से फॉर्म छह, सात और आठ भरकर उपलब्ध कराए। इसी क्रम में कस्बा स्थित महामति प्राण नाथ महाविद्यालय में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलिज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मऊ उपजिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक-युवतियों से फॉर्म छह भरवाएं और उन्हें मतदाता पंजीकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया। बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस पर अपने बीएलओ से संपर्क कर फार्म छह भर सकता है।

## नाबालिग का अपहरण के बाद कत्ल की वारदात के तीन गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ 69 हजार का जुर्माना

**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

सदर कोतवाली क्षेत्र में 19 अक्टूबर 2016 को पीड़ित की नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के बाद उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम देकर उसे कत्ल किये जाने के मामले में पीड़ित माँ की तहरीर पर सदर कोतवाली में कदौरा थाना क्षेत्र के हरचन्द्रपुर मुल्जिम गौरव पुत्र रंगबाज उर्फ रामनाथ,अजीत उर्फ कुग्गी पुत्र रामप्रकाश ,सन्दीप पुत्र सुखराम सहित मोहित पुत्र विश्वनाथ के खिलाफ मु0अ0सं0-267/16 धारा-363,366,302/34,201,376ष्ठ आईपीसी सहित 6 पाक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया था।

वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत पाक्सो अदालत की स्कालर जज ने गौरव पुत्र रंगबाज उर्फ रामनाथ, अजीत उर्फ कुग्गी पुत्र रामप्रकाश, सन्दीप पुत्र सुखराम को धारा-363,366, 302/34,201 आईपीसी के तहत सभी को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ तेईस-तेईस हजार रुपये सहित 69 हजार का जुर्माना। जबकि अभी चौथे नाबालिग मुल्जिम मोहित की फाईल किशोर अदालत बोर्ड में विचाराधीन है। वहीं इस संगीन मामले की जांच सदर कोतवाली के तत्कालीन एस आई चंचल कुमार यादव ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। जबकि इस संगीन मामले में अभियोजन की तरफ से दमदार पैरवी करते हुये एडीजीसी रुद्रप्रताप सिंह ने अदालत से सभी मुल्जिमों को सख्त सजा देने की मांग की गई थी।

# हिन्दू सम्मेलन मे साँस्कृतिक कार्यक्रमो की रही धूम

**जन एक्सप्रेस | बाँदा**

अतर्रा कस्बे के गौराबाबा धाम मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक सँघ के सौ वर्ष पूरे होने पर विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमे झांसी से आये कलाकारों ने बुन्देलखण्डी राई लोकगीतों के साथ लोकनृत्य ने दर्शकों का मन मोहा।वही इसी कडी मे नटखट बचपन विद्मालय के बच्चों की सुन्दर झाँकियाँ प्रस्तुत की व विवेकानंद विद्मालय के बच्चों ने भजन व देशभक्ति के गीतो को सुनाकर लोगो मँत्र मुग्ध कर दिया।




चित्रकूट धाम से पधारे विशिष्ट वक्ता डाक्टर विपिन महाराज जी ने हिन्दुओं से अपील की एकता बनाकर रखे वरना बाँग्ला देश बनने मे भारत को समय नही लगेगा। डॉक्टर भारती द्विवेदी आयुर्वैदिक कालेज चिकित्सा ने महिला सशक्तिकरण पर समाज को सँदेशा दिया कि महिलाओं का सम्मान जिस राष्ट्र मे नही होता उस देश का पतन निश्चित है।कवि शाश्वत त्रिपाठी ने देशभक्ति पर कविता के माध्यम से लोगों के अंदर उर्जा का संचार कर दिया।श्याम शिवहरे नगर व्यापारी व राजेश राणा कैसियर भारतीय जीवन बीमा निगम मंचाशीन रहे।इस अवसर पर कार्यक्रम सँयोजक हर्षित मिश्रा नगर प्रचारक शिवाँश, सत्य नारायण चौरिहा नगर कार्यवाह व्यापार मँडल अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता देशबँधु रुपौलिहा व क्षेत्रीय विधायक ओममणि वर्मा व नरैनी चेयरमैन हरिश्चंद्र सोनकर, राजेश गिरि जिलाध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी राजू त्रिवेदी बबलू बाजपेई राजा राम तिवारी छोटा द्विवेदी सहित नगर के हजारों पुरुष व महिलाएं हिन्दू सम्मेलन मे मौजूद रही।

# कत्ल के तीन गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ 57 हजार का जुर्माना

### नौ साल पहले रिश्तेदार ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर

**जन एक्सप्रेस | हमीरपुर**

मौदहा कस्बे के देवी चौराहे में घर के अन्दर अलग-अलग कमरों में नौ साल पहले 12 मई 2017 को रिश्तेदार ने ही लूट के इरादे से अपने साथियों के साथ मिलकर गला दबाने के साथ ही सर कुचलकर किये गये 70 वर्षीय कृष्ण पाल सिंह, 65 वर्षीय कुसमा देवी, 45 वर्षीय रानी, 23 वर्षीय आकांक्षा, जबकि छै महीने की नन्ही मासूम सहित पांच लोगों की दिल दहलाने वाली कत्ल की वारदात को दिया था अंजाम। मृतक के नाती सौरभ सिंह ने मौदहा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा था कि, प्रापर्टी हड़पने के मकसद से ननिहाली रिश्तेदारों ने ही कत्ल की इस दर्दनाक वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद मौदहा पुलिस ने जुगुल किशोर पुत्र विजय बहादुर सिंह निवासी पासुन लेवा थाना सिसोलर,पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र झाम सिंह सहित मूलचन्द्र उर्फ मुल्लू श्रीवास पुत्र बिटोला श्रीवास सहित कामता उर्फ अजय सिंह पुत्र मलखान सिंह निवासी खण्डे मौदहा के खिलाफ मु0अ0सं0-267/17धारा-302/34,201,394,411 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया था। वही एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ल ने पूरे मामले की जानकारी देते हुये बताया कि आपरेशन कन्विक्शन के तहत डकैती अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने मुल्जिम पुष्पेन्द्र सिंह, मूलचन्द्र उर्फ मुल्लू सहित कामता उर्फ अजय सिंह को गुनाहगार मानते हुये तीनों को उम्रकैद की सजा के साथ ही उन्नीस-उन्नीस हजार रुपये का जुर्माना किया गया। जबकि अदालत में चली नौ साल की सुनवाई के दौरान चौथे मुल्जिम जुगुल किशोर की मौत हो चुकी है। वही इस दर्दनाक मामले की जांच मौदहा कोतवाली के तत्कालीन इंस्पैक्टर प्रवेन्द्र कुमार सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। जबकि अभियोजन की तरफ से अदालत में एडीजीसी मणिकर्ण शुक्ल ने जोरदार पैरवी करते हुये तीनों मुल्जिमों को सख्त सजा देने की मांग की थी।

# प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ




**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिला बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शनिवार को प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। इस दौरान उन्होंने बार एवं बेंच का सामंजस्य रखने पर जोर दिया।

जिला कचहरी परिसर में आयोजित समारोह में शनिवार को प्रशासनिक न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने नवनिर्वाचित जिला बार एसोशिएसन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा को शपथ दिलायी। साथ ही कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने महासचिव विजय प्रकाश त्रिपाठी को शपथ दिलायी। इसके बाद जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने जिला बार एसोसिएशन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी। इल्डर कमेटी के चेयरमैन बुआराम शुक्ला ने सभी अधिवक्ताओं को पद की गरिमा का ख्याल रखते हुए काम करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रपाल पाल और राजेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर परिवार न्यायालय के न्यायाधीश राकेश यादव, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, सांसद कृष्णा पटेल, पूर्व सांसद भैंरव प्रसाद मिश्रा, प्रयागराज के पूर्व सांसद रेवती रमण सिंह, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, दद्दू प्रसाद, शिवशंकर सिंह पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल तिवारी, उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता विराग गुप्त, राजापुर नगर अध्यक्ष संजीव मिश्रा, बांदा जिला पंचायत सदस्य मयंक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग का अपहरण के बाद कत्ल की वारदात के तीन गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ 69 हजार का जुर्माना

**हमीरपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र में 19 अक्टूबर 2016 को पीड़ित की नाबालिग बेटी को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के बाद उसके साथ बलात्कार की वारदात को अंजाम देकर उसे कत्ल किये जाने के मामले में पीड़ित माँ की तहरीर पर सदर कोतवाली में कदौरा थाना क्षेत्र के हरचन्द्रपुर मुल्जिम गौरव पुत्र रंगबाज उर्फ रामनाथ,अजीत उर्फ कुग्गी पुत्र रामप्रकाश ,सन्दीप पुत्र सुखराम सहित मोहित पुत्र विश्वनाथ के खिलाफ मु0अ0सं0–267/16 धारा–363,366,302/34,201,376ष्ठ आईपीसी सहित 6 पाक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया था। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत पाक्सो अदालत की स्कालर जज ने गौरव पुत्र रंगबाज उर्फ रामनाथ, अजीत उर्फ कुग्गी पुत्र रामप्रकाश, सन्दीप पुत्र सुखराम को धारा–363,366, 302/34,201 आईपीसी के तहत सभी को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ तेईस– तेईस हजार रुपये सहित 69 हजार का जुर्माना।

# आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए पुलिस कर्मियों को पुलिस ने दी विदाई

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले एक निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक व एक मुख्य आरक्षी चालक को पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस ऑफिस में उनके दीर्घकालिक सेवा योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ,सम्मानजनक एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।साथ ही उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । गौरतलब हो कि जनपद के 01 निरीक्षक, 01




उपनिरीक्षक व 01 मुख्य आरक्षी चालक अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त हो गए इनमें संजय कुमार उपाध्याय मीडिया सेल प्रभारी/आरटीसी प्रभारी, उपनिरीक्षक कृष्ण राज सिंह पुलिस लाइन,मुख्य आरक्षी चालक प्रमोद कुमार तिवारी परिवहन शाखा शामिल हैं।सम्मान समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,क्षेत्राधिकारी कार्यालय अखिलेश राजन,प्रतिसार निरीक्षक बेलास यादव सहित सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारीजन आदि मौजूद रहे।

# गुरुकुलं के प्रधान गुरू को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

आयुष ग्राम ट्रस्ट है स्थित गुरुकुलं को स्वच्छ एवं हरित विद्यालय जिला स्तरीय उत्कृष्ट कार्य पर मान्यता प्रदान हुई।इस दौरान जिलाधिकारी ने गुरुकुलम की प्रधानाध्यापक को अपने हाथों से सम्मानित किया।आयुर्वेद के क्षेत्र में लगातार कीर्तिमान स्थापित कर रहे आयुष ग्राम ट्रस्ट अब गुरुकुलम के जरिए शैक्षिक कार्य के अलावा स्वच्छ एवं हरित विद्यालयो की श्रेणी में अव्वल स्थान मिला।इस दौरान आयुष ग्राम में संचालित संस्कृत विज्ञान उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय विद्यालय को जिला स्तरीय उत्कृष्ट मान्यता मिली।इस दौरान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा को अपने हाथों से जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित करने का काम किया।बता दे कि आयुष ग्राम गुरुकुलं संस्थापक प्रबंधक राष्ट्रीय गुरु डॉ मदन गोपाल वाजपेई के लगातार मार्गदर्शन और प्रधानाध्यापिका सीमा के कार्य कुशलता एवं दूरदर्शी प्रयासों से विद्यालय में लगातार अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और वैदिक आधुनिक एवं आयुर्वेदिक उच्च शिक्षा को मजबूत प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे है।गुरुकुलम में जल संरक्षण शौचालय एवं साफ सफाई व्यवस्था संचालन और वहा रखरखाव व्यवस्था परिवर्तन क्षमता निर्माण मिशन लाइफ गतिविधियों सहित पर्यावरण स्थिरता हरित जीवन शैली जैसे सभी प्रमुख मानकों पर उत्कृष्ट कार्य के चलते उपलब्धि प्रदान की गई।इस दौरान गुरुकुलं के सभी आचार्य सह आचार्य आदि लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त की।




**'टीएमसी की विदाई का समय आ गया'**

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस कड़ी में अब शनिवार को उत्तर 24 परगना में दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना... पढ़ें पेज 12 पर...

# तुलनात्मक जांच: जब बिना शपथ-पत्र हुई कार्रवाई, तो सीएमओ शिकायत पर क्यों अड़चन?


**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, लखनऊ से जुड़ी शिकायत पर शपथ-पत्र की शर्त लगाकर जांच रोके जाने के बीच एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है – क्या उत्तर प्रदेश शासन में हर शिकायत के लिए शपथ-पत्र अनिवार्य है, या यह नियम चुनिंदा मामलों में ही लागू किया जा रहा है? राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों का अवलोकन करने पर सामने आता है कि कई गंभीर शिकायतों में बिना शपथ-पत्र के ही प्रारंभिक जांच और कार्रवाई की गई, जबकि चिकित्सा विभाग के इस प्रकरण में औपचारिकता को जांच से पहले की शर्त बना दिया गया।



कार्यालय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।



उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा अनुभाग-5
संख्या-आई0जी0आर0एस0-07/पांच-5-2025
लखनऊ: दिनांक: 05-01-2026

मो0-8090926984

आई0जी0आर0एस0 संदर्भ सं0-15157250187189 के संबंध में अपने पत्र दिनांक 13.08.2025 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 सरकार, लखनऊ को संबोधित पत्र में कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी लखनऊ में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत किया गया है।

उक्त प्रकरण के संबंध में अवगत कराना है कि कार्मिक अनुभाग-1 के शासनादेश सं0-1/2024/63/सैंतालिस-क-1-2024-13 (1)/1997 दिनांक 29 जनवरी, 2024 में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि किसी भी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध प्राप्त शिकायती-पत्रों के निस्तारण की कार्यवाही आरम्भ करने के पूर्व शिकायतकर्ता से इस बारे में एक शपथ-पत्र उपलब्ध कराने तथा शिकायतों की पुष्टि हेतु समुचित साक्ष्य उपलब्ध कराने का कहा जाए और उसके प्राप्त होने के उपरान्त ही आगे की कार्यवाही की जाए।

अतः प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में उक्त शिकायत पर किये गए हस्ताक्षर की पुष्टि एवं शिकायत के संबंध में समुचित साक्ष्य प्रस्तुत करने के साथ-साथ शपथ-पत्र भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,
(अवनिन्द्र प्रसाद राय)
उप सचिव।

## मामला-1 : शिक्षा विभाग (लखनऊ मंडल)

वर्ष 2024 में एक बेसिक शिक्षा अधिकारी के विरुद्ध वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत आईजीआरएस पर दर्ज हुई। शिकायतकर्ता से न तो शपथ-पत्र मांगा गया और न ही हस्ताक्षर की पुष्टि की प्रतीक्षा की गई।

### जिला स्तरीय

फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी गठित हुई और प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी को पद से हटाया गया।

## मामला-2 : नगर निगम (जोन-6, लखनऊ)

अवैध निर्माण और मिलीभगत की शिकायत पर नगर निगम ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच शुरू की, जबकि शिकायतकर्ता द्वारा केवल फोटो और ऑनलाइन शिकायत ही दी गई थी। बिना शपथ-पत्र के ही नोटिस, सीलिंग और जांच रिपोर्ट तैयार की गई।

## मामला-3 : राजस्व विभाग (हरदोई)

एक लेखपाल पर जमीन घोटाले की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय पहुंची। शासन ने पहले प्रारंभिक जांच के आदेश दिए, और जांच में आरोप सही पाए जाने पर शिकायतकर्ता से शपथ-पत्र की मांग की गई – यानी जांच पहले, औपचारिकता बाद में।

## मामला-4 : स्वास्थ्य विभाग (अन्य जिला)

स्वास्थ्य केंद्र में दवाओं की खरीद में गड़बड़ी की शिकायत पर सीएमओ स्तर से ही आंतरिक जांच समिति गठित की गई, जबकि शिकायतकर्ता की पहचान तक गोपनीय रखी गई। यहां भी शपथ-पत्र को जांच की पूर्व शर्त नहीं बनाया गया।

### तो फिर लखनऊ सीएमओ प्रकरण में अलग नियम क्यों?

प्रशासनिक विशेषज्ञों का कहना है कि 29 जनवरी 2024 का शासनादेश फर्जी शिकायतों पर अंकुश के लिए है, न कि हर शिकायत को जांच से पहले रोकने के लिए। अधिकांश विभागों में इस शासनादेश की व्याख्या इस तरह की जा रही है कि 'यदि आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर हों और सार्वजनिक हित से जुड़े हों, तो पहले फैक्ट-फाइंडिंग आवश्यक है।' लेकिन लखनऊ के इस मामले में जांच से पहले ही शपथ-पत्र को ढाल बना दिया गया, जिससे कार्रवाई ठप हो गई।

### दोहरा मापदंड या विभागीय संरक्षण?

तुलनात्मक अध्ययन साफ इशारा करता है कि शासनादेश का एकरूप पालन नहीं हो रहा। कहीं शिकायत को गंभीर मानकर तत्काल जांच, तो कहीं वही शासनादेश दिखाकर महीनों की देरी – यह स्थिति प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है।

### अब सबसे अहम सवाल यही है

जब कई मामलों में बिना शपथ-पत्र जांच संभव है, तो सीएमओ कार्यालय की शिकायत पर अलग पैमाना क्यों? क्या यह सिर्फ प्रक्रिया है, या फिर किसी को बचाने की कोशिश?

# पॉश इलाके में रेस्टोरेंट के भीतर फायरिंग रिटायर्ड एयरफोर्स अधिकारी को मारी गोली

- अंसल सुशांत गोल्फ सिटी में शुक्रवार देर रात सनसनीखेज वारदात, पत्नी के सामने कंधे में लगी गोली, हालत स्थिर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**




लखनऊ से इस वक्त एक बेहद चौंकाने वाली और डराने वाली खबर सामने आई है, जिसने राजधानी की कानून-व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के सबसे सुरक्षित और पॉश इलाकों में गिने जाने वाले अंसल सुशांत गोल्फ सिटी में शुक्रवार देर रात बदमाशों ने ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई। जानकारी के मुताबिक, देर रात दो युवक सीधे एक रेस्टोरेंट के भीतर घुसे और वहां मौजूद भारतीय वायुसेना से रिटायर्ड अधिकारी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। यह कोई सड़क किनारे हुई आपराधिक घटना नहीं थी, बल्कि भीड़भाड़ वाले रेस्टोरेंट के अंदर हुई गोलीबारी ने लोगों को स्तब्ध कर दिया।

बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के मालिक और एयरफोर्स से रिटायर्ड अधिकारी अवधेश कुमार पाठक अपनी पत्नी के साथ रेस्टोरेंट में मौजूद थे। उसी दौरान दो युवक अंदर दाखिल हुए और किसी को संभलने का मौका दिए बिना पिस्टल से फायर कर दिया। पहली ही गोली अधिकारी के कंधे में जा लगी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़े।

गोली चलने की आवाज सुनते ही रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी मच गई। खाना खा रहे लोग और स्टाफ अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही पलों में रेस्टोरेंट का माहौल चीख-पुकार और दहशत में बदल गया। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

घटना के वक्त घायल अधिकारी की पत्नी ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अधिकारी को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेदांता अस्पताल रेफर किया गया। डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, जो राहत की बात है।

वारदात की सूचना मिलते ही सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस के साथ-साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू की गई। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस रेस्टोरेंट के भीतर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना के पीछे के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पुरानी रंजिश, कारोबारी विवाद और रंगदारी जैसे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है। रेस्टोरेंट स्टाफ, प्रत्यक्षदर्शियों और आसपास के लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अंसल सुशांत गोल्फ सिटी जैसे सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में इस तरह की घटना बेहद चिंताजनक है। लोगों में भय का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। लेकिन यह वारदात राजधानी लखनऊ में अपराधियों के बढ़ते हौसलों की ओर इशारा करती है। सवाल यह है कि क्या अब बदमाश भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर भी बेखौफ होकर गोलियां चलाने लगे हैं?

इस सनसनीखेज घटना ने एक बार फिर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई जारी है और हर अपडेट पर नजर बनी हुई है।

# जनरेटर चोरी गैंग का पर्दाफाश, तीन शातिर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में हुई जनरेटर चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए सक्रिय चोरी गैंग का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में तीन शातिर चोरों को गिरफ़्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया जनरेटर, तांबे का तार, पंखे, लोहे की रिंग सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार, निराला नगर लखनऊ निवासी ऋषभ अग्रवाल ने थाना बख्शी का तालाब में शिकायत दर्ज कराई थी कि सीतापुर एनएच-24, ग्राम नवीनकोट नन्दना बीकेटी स्थित उनकी बिल्डिंग गोदावरी टावर के परिसर में रखे जनरेटर से 28 जनवरी 2026 की रात अज्ञात चोरों द्वारा कीमती सामान चोरी कर लिया गया। इस संबंध में थाना बख्शी का तालाब पर मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की विवेचना के दौरान उपनिरीक्षक सरफराज खान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने 31 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर ममपुर बाना कट किसान पथ से मोटरसाइकिल सवार तीन संदिग्धों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम गोविंद रावत (25), अंकित चौहान (25) तथा मुकेश कुमार गौतम (26), निवासी ग्राम कंजवारा, थाना देवा, जनपद बाराबंकी बताए।जामा तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 9 अदद पंखे, तांबे के तार के बंडल, लोहे की रिंग, विभिन्न नंबर के पंखे एवं अल्टीनेटर रोटर की कॉपर वाइंडिंग बरामद हुई। वहीं अभियुक्तों की निशानदेही पर गोदावरी टावर के पास झाड़ियों से चोरी किया गया अल्टीनेटर जनरेटर, लोहे की रिंग और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।वहीं बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। प्रभारी निरीक्षक सजंय सिंह ने बताया कि अभियुक्त तेजी से धन कमाने की नीयत से चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी व डेटा का होगा इस्तेमाल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

खेती में आधुनिक डिजिटल तकनीक, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश और बिहार ने अहम कदम उठाया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से संबद्ध महिला किसान उत्पादन संगठनों के राज्य स्तरीय संघ 'भूस्वामिनी' और 'बिहप्रो कन्सोर्टियम ऑफ प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' के बीच लखनऊ में एमओयू किया गया है। एमओयू के तहत खेती में डिजिटल टेक्नोलॉजी और डेटा के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे महिला किसान विज्ञान व तथ्य आधारित निर्णय ले सकेंगी। उत्तर प्रदेश और बिहार की महिला किसान मिलकर क्षमता निर्माण कैपेसिटी बिल्ड कार्यक्रम चलाएंगी। प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और नवाचार के जरिए महिला किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों से जोड़ा जाएगा। इससे दोनों राज्यों की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर किसान से उद्यमी बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी।कृषि उत्पादों की खरीद-बिक्री के लिए सशक्त और पारदर्शी व्यवस्था तैयार की जा रही है। महिला किसान संगठनों को बाजार तक सीधी पहुंच मिलेगी, जिससे उन्हें उपज का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

# ढिलवासी गांव के पास सुबह आम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढिलवासी में शनिवार सुबह एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना सुबह करीब 7:30 बजे डायल 112 के माध्यम से पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक रमेश यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वही गांव के बाहर स्थित एक आम के पेड़ से गमछे के सहारे युवक का शव लटका मिला। मौके पर मौजूद परिजनों ने मृतक की पहचान बबलू रावत 25 वर्ष पुत्र रामशरन रावत के रूप में की। बताया गया कि बबलू पेशे से ऑटो चालक था। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही?आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि मामले में



सभी आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु कार्यशाला



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- यातायात के सामान्य नियमों की सभी लोगों को जानकारी होनी चाहिए

विश्वेश्वरैया सभागार में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम और राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने विचार यातायात नियमों के पालन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से जन सामान्य को यातयात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। कार्यशाला का आयोजन फ्रीजाइट मीडिया द्वारा किया गया। संयोजक नेहा सिंह, सुभाष नागपाल, दिनेश सहगल थे। कार्यशाला में यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया गया। लोगों से जागरूक बनने का आह्वान किया गया। यातायात के सामान्य नियमों की सभी लोगों को जानकारी होनी चाहिए। यातायात के नियमों का पालन अपरिहार्य है। इसी में सुरक्षा का भाव निहित है। यह विधिक रूप से भी अनिवार्य है। प्रमुख नियमों में हमेशा दाईं ओर से ओवरटेक करना सिग्नल का पालन करना,रेड लाइट पर रुकना, दोपहिया वाहन चालक के लिए हेलमेट और और कार चालक के लिए सीटबेल्ट का उपयोग करना शामिल है। शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, लेन बदलें तो इंडिकेटर दें और गति सीमा में रहें।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता 30वां (वि0/यां0) लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांकः 203/31 सी0बी0-30/2026 — दिनांक : 27.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना (द्वितीय कॉल)**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से प्रतिशत दर के आधार पर निम्न कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.02.2026 से 09.02.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक निविदा मूल्य जमाकर अधिशासी अभियन्ता, विद्युत अनुरक्षण खण्ड 1, लो0नि0वि0, लखनऊ एवं कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0अनु0(वि0), लो0नि0वि0, लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुहरबन्द निविदाएं सील्ड लिफाफों में दिनांक 09.02.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक उक्त कार्यालयों में प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन 03:30 बजे जिलाधिकारी, लखनऊ के कार्यालय में ठेकेदारों या उनके उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ रु0 100/- का जनरल स्टैम्प जिस पर रु0 1.00 का रसीदी स्टैम्प हस्ताक्षरित किया हुआ लगा हो, जमा करना अनिवार्य होगा। धरोहर धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जो कार्य अधीक्षक, अ0वि0नि0ई0अनु0(वि0) लो0नि0वि0, लखनऊ के नाम बंधक हो, के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जवाहर भवन लखनऊ के दशम तल स्थित साउथ विंग कॉरीडोर (कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0) में केबिल ट्रे एवं सम्बन्धित कक्षों के विद्युत सम्बन्धित (विभिन्न कार्यालय साज-सज्जा एवं अनुरक्षण) कार्य। | 10.00 लाख | 1.00 लाख | 856.00 | 01 माह | 03 माह | लोक निर्माण विभाग में विद्युत कार्यों हेतु 'ए' श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा के पात्र होंगे। |

विशेषः-

1. निविदा सम्बंधी अन्य जानकारी दिनांक 08.02.2026 तक किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा केवल उन्हीं ठेकेदारों को बेची जायेगी जो उक्त वर्णित पात्रता पूरी करते हों पात्रता प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. अधोहस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी को बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।
4. 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा के समय देय होगी।
5. सशर्त निविदा अस्वीकृत की जा सकती है।
6. लेबर सेस/आयकर/जी0एस0टी0 की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
7. कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा उसी क्रम में एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

कार्य अधीक्षक
अ0वि0नि0ई0अनु0(वि0)
लो0नि0वि0, लखनऊ

अधीक्षण अभियन्ता
30वां (वि0/यां0) वृत्त
लो0नि0वि0, लखनऊ

UPID: 245059, Dt. 30.01.2026 Website: www.up.gov.in


# आपदा राहत प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- निराश्रितों को शीतलहरी से बचाने के लिए रैन बसेरों, कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था

उत्तर प्रदेश सरकार बाढ़, भूकंप, सूखा, अग्निकांड, शीतलहर एवं मानव-जीव संघर्ष जैसी आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध और संवेदनशील है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश का राहत आयुक्त कार्यालय आपादा प्रभाव को कम करने तथा पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए सभी संभव प्रयास कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में आपदा राहत निधि के तहत 710.12 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इस धनराशि से विभिन्न प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदा पीड़ितों को सहायता प्रदान की गई। राज्य में आपदा राहत तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने के प्रयास किये गए हैं, जिससे वर्तमान में उत्तर प्रदेश आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक मजबूत मॉडल राज्य के रूप में उभर रहा है।

प्रदेश में आपदा न्यूनीकरण, पूर्व तैयारी, प्रभावी राहत वितरण एवं पीड़ितों के पुनर्वास के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में जारी 710.12 करोड़ रुपये में सर्वाधिक 365.73 करोड़ रुपये बाढ़ प्रभावितों के बचाव के लिए जारी किए गए। इसे विशेष रूप से सरयू, गंगा और घाघरा के बाढ़ प्रभावितों के पुनर्वास पर खर्च किया गया। चक्रवात व आंधी-तूफान से होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति के लिए 14.13 करोड़, ओलावृष्टि से नुकसान की भरपाई के लिए 0.13 करोड़, अग्निकांड में क्षतिपूर्ति के लिए 14.63 करोड़ रुपये और शीतलहरी से बचाव के लिए 50.72 करोड़ रुपये जारी किये गये। राज्य सरकार द्वारा अन्य आपदाओं के लिए लगभग 246.63 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। सामान्य मद के लिए 0.44 करोड़ व अन्य राहत कार्यों के लिए 17.71 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। इस राशि को प्रदेश में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत, पुनर्वास एवं बचाव कार्यों को गति प्रदान करने एवं आपदा राहत तंत्र को प्रभावी बनाने में खर्च किया गया। राहत आयुक्त कार्यालय ने ठंड के मौसम में बचाव के लिए व्यापक प्रबंध किए, जिससे इस वर्ष शीतलहर से जनहानि में विशेष रूप से कमी आई।

# जनभवन में लगेगी प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी

- प्रदर्शनी हेतु उद्यानों एवं गृहवाटिकाओं की जजिंग प्रक्रिया प्रारम्भ
- व्यक्तिगत उद्यान प्रेमियों द्वारा विकसित गृहवाटिकाओं ने प्रतियोगिता में विशेष आकर्षण उत्पन्न किया है

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

जनभवन प्रांगण में 6 से 8 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के अंतर्गत विभिन्न वर्गों के उद्यानों एवं गृहवाटिकाओं की प्रतियोगिता हेतु जजिंग कार्य का शुभारम्भ 31 जनवरी को किया गया,जो 1 फरवरी तक जारी रहेगा।निदेशक उद्यान बीपी राम ने बताया कि इस वर्ष लखनऊ से विभिन्न श्रेणियों में 243 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई हैं। प्रतियोगिता में शासकीय, अर्धशासकीय, संस्थागत एवं व्यक्तिगत स्तर पर विकसित उद्यानों और गृहवाटिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है।प्रदर्शनी अंतर्गत उद्यान विभागभारतीय सेना, रेलवे, पीएसी मुख्यालय, मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद, एसजीपीजीआई, आरडीएसओ, आईआरटीएम, जन भवन सहित अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों के उद्यानों को शामिल किया गया है। व्यक्तिगत उद्यान प्रेमियों द्वारा विकसित गृहवाटिकाओं ने प्रतियोगिता में विशेष आकर्षण उत्पन्न किया है। शहर के ऐतिहासिक एवं विरासत स्थलों जैसे बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, सहादत अली खां का मकबरा के उद्यानों को प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में सम्मिलित किया गया है, जिससे प्रदर्शनी को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक गरिमा प्राप्त हुई है।

# मतदाता सूची में पात्रों का नाम सम्मिलित करने के लिए विशेष अभियान का प्रभावी अनुश्रवण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने बूथों का किया पर्यवेक्षण

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत रविवार को प्रदेश के समस्त मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिकों विशेषकर महिलाओं तथा युवाओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए उनसे घोषणा पत्र के साथ फॉर्म-6 भरवाए गए , इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वयं जनपद लखनऊ में तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों , मंडलायुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों का स्थलीय भ्रमण कर अनुश्रवण किया गया।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का पर्यवेक्षण किया तथा बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्य की गुणवत्ता का आंकलन किया। बीएलओ द्वारा निर्धारित समय पर बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं को आलेख्य मतदाता सूची और मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित, दोहरी प्रविष्टि अथवा अन्य कारणों से आलेख्य मतदाता सूची में सम्मिलित ना हो पाने वाले मतदाताओं से संबंधित जानकारी स्पष्ट रूप से साझा की जा रही है और उनके पास पर्याप्त संख्या में फार्म 6, 7 एवं 8 उपलब्ध है। बीएलओ द्वारा बूथ पर पहुचने वाले सभी पात्र नागरिकों को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए उनसे घोषणा पत्र सहित फार्म-6 भरवाया गया। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिकतम शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित करना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने संबंधित बूथ की मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांचें। यदि नाम सम्मिलित न हो या किसी प्रकार की त्रुटि हो तो फार्म-6, 7 अथवा 8 के माध्यम से समयबद्ध रूप से भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल-1श्ह्दृह्य.दृष्ठ.द्श1.द्बठ्ठ पर अथवा श्चष्ठहृश्वञ्च मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन या अपने बीएलओ को ऑफलाइन दावे एवं आपत्तियां प्राप्त कराएं, जिससे मतदाता सूची को और अधिक विश्वसनीय बनाया जा सके।



# श्वेता तिवारी

## ने Zero Civic Sense ट्रेंड पर बनाया वीडियो, फैंस बोले- बहुत पसंद आया

आज के डिजिटल दौर में सोशल मीडिया हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा बन चुका है. फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब और स्नैपचैट जैसे प्लेटफॉर्म अब कम्यूनिकेशन के साथ ही अपने विचार रखने और एंटरटेनमेंट का बहुत बड़ा सोर्स बन गए हैं. आए दिन इंस्टाग्राम रिल्स पर कई वीडियो लोगों को ध्यान खींचती हैं. ट्रेंड धीरे-धीरे बदलता रहता है. कुछ दिनों से इंस्टाग्राम पर जीरो सिविक सेंसट्रेंड काफी वायरल हो रहा है.इंस्टाग्राम के ज्यादातर यूजर्स इस ट्रेंड पर अपनी वीडियो बनाकर शेयर कर रहे हैं. इसी में अब सीनेमा की जानी मानी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी का नाम भी शामिल है. उन्होंने भी अपने दोस्तों के साथ इस ट्रेंड को फॉलो करते हुए वीडियो बनाकर शेयर किया है. जो फैंस को बहुत पसंद आ रहा है.

**श्वेता तिवारी का जीरो सिविक सेंस वीडियो**



श्वेता तिवारी ने बेबी होले होले गाने पर एक वीडियो शेयर किया है. कैप्शन में लिखा. जीरो सिविक सेंस भाई! इस वीडियो में एक्ट्रेस की दो सहेलियां पीछे डांस कर रही हैं और श्वेता बार-बार बीच में थिरकते हुए आ रही हैं जैसे कि उन्हें वीडियो बनाने नहीं दे रही हों. दरअसल ये एक ट्रेंड है. जो कुछ समय से काफी वायरल हो रहा है.

**फैंस का रिएक्शन**

फैंस कमेंट सेक्शन में एक्ट्रेस की इस वीडियो की जमकर तारीफ कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'नाइस फनी मोमेंट.' दूसरे ने लिखा, आप बहुत खूबसूरत लग रही हैं श्वेता मैडम. तीसरे ने लिखा, मुझे आपका जीरो सिविक सेंस बहुत पसंद आया. उनके एक फैन ने लिखा, आप बहुत प्रिटी लग रही हैं. इसके अलावा लोग एक्ट्रेस के स्टाइल की तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं.

**क्या है जीरो सिविक सेंस ट्रेंड ?**

दरअसल एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ, जिसमें एक महिला इंफ्लुएंसर वीडियो बना रही होती है और तभी पीछे से एक शख्स गुजरता है. तब उसने कहा कि पीपल हैव नो सिविक सेंस, जीरो. तभी सोशल मीडिया पर इसका काफी मजाक बनाया गया. ट्रोलिंग हुई, मीम्स वायरल हुए और कई लोगों ने मजाकिया अंदाज में इसे लिया.

## जेनिफर विंगेट को दुल्हनिया बनाने वाले हैं करण वाही? एक्टर ने सच बता दिया




टीवी के सितारे अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर चर्चा में बन रहते हैं. अब एक्टर करण वाही और एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट की दोस्ती सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटोर रही है. इंटरनेट पर ये खबर फैल रही है कि दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं. इस बात को लेकर फैंस में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है और लोग सोशल मीडिया पर उन्हें बधाइयां दे रहे हैं. लेकिन इन खबरों में कितनी सच्चाई है. इसके बारे में अब करण वाही ने अपनी चुप्पी तोड़ी है.करण वाही ने जेनिफर के साथ शादी की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया. इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक इमोजी भी लगाया है. इससे ये साफ संकेत मिलता है कि वो इस खबर को मजाक या प्रचार से ज्यादा नहीं ले रहे हैं. इसके अलावा उन्होंने रणबीर कपूर की फिल्म 'ये जवानी है दीवारी' का एक सीन पोस्ट करते हुए लिखा है कुछ रिश्ते प्यार से बढ़कर होते हैं.

**शादी की अफवाह पर तोड़ी चुप्पी**

करण ने सीधे तौर पर शादी का दावा नकारते हुए इसे फेक न्यूज बताया है. हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में जब करण वाही से इस बारे में पुछा गया तब करण ने साफ तौर पर कहा कि ये खबर बिल्कुल झूठी है. करण ने जेनिफर के साथ शादी की खबरों को पूरी तरह से नकार दिया है. उन्होंने कहा कि जेनिफर विंगेट उनकी सिर्फ अच्छी दोस्त हैं. दोनों ने अपने करियर की शुरुआत में एक साथ काम किया था.

**एक साथ किया है काम**

करण वाही और जेनिफर विंगेट की दोस्ती बहुत पुरानी है. 2007 में आए टीवी शो 'दिल मिल गए' में जेनिफर ने डॉ. रिद्धिमा गुप्ता और करण ने डॉ. सिद्धांत मोदी का किरदार निभाया था. दर्शकों को सीरियल में उनकी जोड़ी खूब पसंद आई थी. तभी से उन दोनों को अलग पहचान भी मिली थी. इसके बाद 2024 में एक वेब सीरीज 'रायसिंघानी बनाम रायसिंघानी' में भी दोनों ने साथ काम किया था, जहां उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था.

**करियर पर लगा रहे हैं ध्यान**

करण वाही फिलहाल सिंगल हैं. वहीं जेनिफर विंगेट की साल 2012 में करण सिंह ग्रोवर के साथ शादी हुई थी. दो साल बाद 2014 में दोनों का तलाक हो गया था. वर्क-फ्रंट की बात करें तो जेनिफर विंगेट 'कोड एम' वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं. वहीं करण वाही नए टीवी प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं. करण वाही और जेनिफर विंगेट के शादी करने की खबरें सिर्फ अफवाह ही साबित हुई है.

## ठंडे बस्ते में गई फरहान अख्तर की 'डॉन 3'! अब प्रियंका-कटरीना और आलिया मिलकर बनाएंगी बिगड़ा हुआ खेल!




पहले अमिताभ बच्चन ने 'डॉन' बनकर खूब गर्दा उड़ाया, उसके बाद शाहरुख खान ने बाजी जीती. अब बारी DON 3 की थी, जिसके लिए रणवीर सिंह को कास्ट किया गया था. उम्मीद थी कि जनवरी से फिल्म का काम शुरू किया जाएगा. पर अब एक्टर ने फिल्म छोड़कर फरहान अख्तर का काम बिगाड़ दिया. जिसके बाद ऐसी चर्चा थी कि शाहरुख खान को फिर से फिल्म में कास्ट किया जाएगा. लेकिन यहां भी लगता है बात नहीं बनी और अब 'डॉन 3' का काम अटक गया है. हाल ही में जानकारी सामने आई कि फरहान अख्तर फिर से 'जी ले जरा' को आगे बढ़ाने का प्लान कर रहे हैं. जिसमें आलिया भट्ट, कटरीना कैफ और प्रियंका चोपड़ा को साथ में काम करना था. सालों पहले इस फिल्म का ऐलान किया था, अब फिल्म पर क्या अपडेट आ गया है?

हाल ही में एक न्यूज वेबसाइट पर रिपोर्ट सामने आई. जिससे पता लगा कि फरहान अख्तर ने फिलहाल 'डॉन 3' से कुछ समय के लिए दूरी बनाने का फैसला किया है. हालांकि, अब पूरा फोकस अपने ड्रीम प्रोजेक्ट 'जी ले ज़रा' पर शिफ्ट कर लिया है. कहा जा रहा है कि फरहान अख्तर बिल्कुल भी जल्दबाजी नहीं करना चाहते हैं. वो तब तक इंतजार कर रहे हैं, जब तक डॉन की आइकॉनिक फ्रेंचाइजी को सही चेहरा मिले. जो कि इस विरासत को आगे ले जा सके.

**फरहान अख्तर का कहां है अगला फोकस ?**

इसी रिपोर्ट से पता लगा कि फरहान अख्तर का असली फोकस DON 3 पर ही था, पर इसकी कास्टिंग को लेकर कोई भी जल्दबाजी नहीं करना चाहते. कहा जा रहा है कि वो पूरी तरह श्योर होना चाहते हैं कि इस रोल में कौन आएगा. साथ ही यह एक लंबा प्रोसेस भी होने वाला है. हालांकि, इस फिल्म के अलावा फरहान ने अब कटरीना कैफ, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा से बातचीत शुरू कर दी है. जिनकी फिल्म 'जी ले ज़रा' को सालों से बनाने पर चर्चा हो रही है.

दरअसल डॉन 3 की कास्टिंग में अभी समय लग रहा था. ऐसे में वो 'जी ले ज़रा' की ओरिजिनल टीम के साथ बातचीत शुरू कर चुके हैं. उनके मुताबिक, यह फिल्म को आगे बढ़ाने का सही समय है. यह पिक्चर हमेशा से उनके लिए काफी खास भी रही है. दरअसल 'जी ले ज़रा' की स्क्रिप्ट पहले ही फाइनल की जा चुकी है. हालांकि, तीनों लीड एक्ट्रेस की डेट्स मैच न होने की वजह से मामला काफी वक्त से अटका हुआ था. पर अब फिल्म के लिए तीनों की डेट मैच होती है, तो 2026 के दूसरे हाफ में फिल्म का काम शुरू किया जा सकता है. बताते चलें कि क्रिएटिव तौर पर सब कुछ तैयार है, बस अब शेड्यूल ही मैच होना बाकी रह गया है.

### रवीना टंडन की बेटी

# राशा थडानी

## ने पहली बार किया ये काम, प्रभास को पसंद आ गया



सिनेमा की दुनिया में जब भी कोई नया टैलेंट उभरता है, तो उसकी सफलता पर दर्शकों के साथ ही बॉलीवुड के स्टार्स भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए नजर आते हैं. बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने एक्टिंग के बाद अब संगीत की दुनिया में कदम रखा है, जिसकी एक झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है. फैंस को राशा की आवाज बहुत ही पसंद आ रही है. इसके साथ ही साउथ के स्टार प्रभास ने भी उनके गाने की तारीफ की है.




फिल्म 'लईकी लईका' में राशा थडानी, 'मुंज्या' फेम एक्टर अभय वर्मा के साथ नजर आएंगी. फिल्म के मेकर्स ने एक्ट्रेस का पहला गाना छाप तिलक रिलीज किया. इस गाने को खुद राशा ने गया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर भी इसे शेयर किया था, जिसके बाद से राशा काफी सुर्खियों बटोर रही हैं.

**प्रभास ने की राशा की तारीफ**

साउथ के सुपरस्टार प्रभास ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर राशा थडानी के पहले गाने 'छाप तिलक' की रिकॉर्डिंग क्लिप शेयर करते हुए एक्ट्रेस की तारीफ की है. उन्होंने लिखा, राशा थडानी आपके पहले सिंगिंग डेब्यू छाप तिलक में आपकी परफॉर्मेंस बेहतरीन है. इमोशन से भरा हुआ और सीधे दिल पर लगने वाला गाना है. बहुत शुभकामनाएं. एक्ट्रेस ने भी इस स्टोरी को रीशेयर करते हुए लिखा, प्रभास सर, मैं आपकी हमेशा आभारी रहूंगी.

राशा ने अपकमिंग फिल्म के गाने 'छाप तिलक' से संगीत की दुनिया में कदम रखते हुए अपने सफर में एक नया मोड़ दिया है. गाना हाल ही में आया है और देखते ही देखते इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. फैंस कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं. प्रभास का ये रिएक्शन सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियों में है. कमेंट सेक्शन में प्रभास के फैंस का भी रिएक्शन देखने को मिल रहा है.

**कब होगी फिल्म रिलीज ?**

'लईकी लईका' फिल्म के डायरेक्टर सौरभ गुप्ता हैं. फिल्म 2026 में गर्मियों में रिलीज होगी. ये एक रोमांटिक एक्शन फिल्म है, जिसका पोस्टर जारी कर दिया गया है. इससे पहले 2025 में रिलीज हुई फिल्म 'आजाद' से राशा थडानी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाई थी. अब देखना ये होगा कि एक्ट्रेस की दूसरी फिल्म का प्रदर्शन कैसा रहता है.

# पति ने पत्नी व ससुराल पक्ष पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप, दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




रावतपुर थाना क्षेत्र के मसवानपुर निवासी विनीत कुमार ने अपनी पत्नी सानिया और उसके माता-पिता पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने महिला, उसके पिता व मां के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विनीत कुमार ने बताया कि 6 नवंबर 2023 को उन्होंने सानिया के साथ शादी की थी। दोनों ने पहले ही सहमति बना ली थी कि किसी भी हाल में धर्म परिवर्तन का दबाव नहीं डाला जाएगा। शादी के कुछ समय बाद पत्नी सानिया अपने माता-पिता के प्रभाव में आकर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव डालने लगी। विरोध करने पर वह लगातार झगड़ा और गाली-गलौज करने लगी। 26 अगस्त 2025 को दोनों के एक पुत्र का जन्म हुआ। इसके बाद पत्नी के पिता और मां लगातार बच्चे का खतना कराने का दबाव बनाने लगे। जब विनीत ने इन मांगों को ठुकराया तो तीनों ने मारपीट करते हुए परिवार को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। 16 जनवरी 2026 की रात करीब एक बजे पत्नी सानिया अपनी मां को बुलाकर घर में रखे पांच हजार रुपये नकद, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी पायल, एक सोने की चेन और सभी कीमती कपड़े समेटकर जबरन मायके चली गई। विनीत ने बताया कि कई बार समझाने के प्रयास किए गए, लेकिन पत्नी लगातार धर्म परिवर्तन करने या जेल जाने की धमकी देती रही। एसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मेड़ुवा में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। थाना अरौल क्षेत्र के ग्राम मेड़ुवा में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मंदिर के पास बनी एक झोपड़ी में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। मृतक की पहचान मुकेश उर्फ रामजी (पुत्र मनीराम), उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी मेड़ुवा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया शुरू कराई गई। थाना पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई की गई और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था सामान्य बनी हुई है। युवक की मौत के कारणों को स्पष्ट करने के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने सीसी रोड का किया लोकार्पण, विकास को मिली नई रफ्तार

### ग्राम चौपाल में सुनीं जनसमस्याएं, बच्चों की सुविधा और गांव की प्रगति पर दिया ज़ोर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के ककवन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत उत्तमपुर में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। यह सड़क ग्रामीण सर्वेश कुशवाहा के आवास से राजकीय विद्यालय तक बनाई गई है, जिससे विद्यार्थियों सहित समस्त ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।

लोकार्पण के पश्चात आयोजित ग्राम चौपाल में विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सड़क केवल आवागमन को सुगम बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा तक बेहतर पहुंच और गांव के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।विधायक ने अपने संबोधन में कहा, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार ही गांव के सशक्त और आत्मनिर्भर भविष्य की नींव है।

सरकार की प्राथमिकता है कि विकास की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और हर गांव आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अजीत कटियार, समाजसेवी नरेंद्र कटियार 'बबलू भैया' सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनसुनवाई में क्लीन चिट, ज़मीनी हकीकत में सवालों का अंबार

### हर्ष मेडिकल स्टोर की शिकायत, जांच राधे मेडिकल स्टोर की - बुलंदशहर में प्रशासनिक भ्रम या सुनियोजित खेल?

जन एक्सप्रेस। बुलंदशहर


Anil Kumar Anand

उत्तर प्रदेश सरकार के बहुचर्चित मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (ढ्ढत्रक्रस्) पर दर्ज एक गंभीर शिकायत के निस्तारण ने न सिर्फ औषधि विभाग की कार्यप्रणाली, बल्कि पूरी जनसुनवाई प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला आज़ाद पार्क पुलिस चौकी क्षेत्र से जुड़ा है, जहाँ हर्ष मेडिकल स्टोर पर नशीली दवाओं, कोडीन कफ सिरप और प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री की शिकायत दर्ज की गई थी।

लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि ढ्ढत्रक्रस् पर अपलोड की गई निस्तारण रिपोर्ट में जिस मेडिकल स्टोर की जांच दर्शाई गई है, वह 'हर्ष मेडिकल स्टोर' नहीं बल्कि 'राधे मेडिकल स्टोर' है।

शिकायत कुछ और, जांच कहीं और

मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत संख्या 40014225054699 में स्पष्ट रूप से हर्ष मेडिकल स्टोर का नाम, स्थान और गतिविधियाँ अंकित हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि-

बिना वैध अभिलेखों के नशीली दवाओं की बिक्री की जा रही है

कोडीन युक्त कफ सिरप खुलेआम बेचा जा रहा है।

स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की कथित मिलीभगत से यह कारोबार लंबे समय से चल रहा है।

लेकिन जनसुनवाई में अपलोड आख्या में औषधि निरीक्षक द्वारा जिस दुकान की जांच का उल्लेख है, वह राधे मेडिकल स्टोर बताई गई है।

सबसे बड़ा सवाल-

जब शिकायत हर्ष मेडिकल स्टोर की थी, तो जांच राधे मेडिकल स्टोर की क्यों और कैसे कर दी गई?

> **अब भी उठ रही मांग**
>
> **शिकायतकर्ता ने मांग की है कि**
>
> - पूरे मामले की पुनः उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच कराई जाए
> - सही मेडिकल स्टोर (हर्ष मेडिकल स्टोर) की जांच हो
> - ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक बिक्री डेटा और वास्तविक स्टॉक का मिलान किया जाए
> - गलत रिपोर्ट अपलोड करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय हो
>
> **सवाल अब भी कायम**
>
> - क्या जनसुनवाई पोर्टल पर किसी शिकायत का निस्तारण कर देना ही प्रशासन की जिम्मेदारी पूरी कर देता है?
> - या फिर सच्चाई तक पहुँचना भी उतना ही ज़रूरी है?

7 जनवरी 2026 की जांच - औपचारिकता या खानापूरी?

जनसुनवाई रिपोर्ट के अनुसार 7 जनवरी 2026 को औषधि निरीक्षक, बुलंदशहर द्वारा मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया और रिपोर्ट में कहा गया कि-

मौके पर नशीली दवाएं व कोडीन कफ सिरप नहीं मिले

बिक्री बिल दिखाए गए

फर्म नियमों के अनुरूप पाई गई।

इसी आधार पर शिकायत को निस्तारित कर दिया गया।

लेकिन जब जांच ही गलत दुकान की हुई, तो निस्तारण की वैधता अपने-आप संदिग्ध हो जाती है।

शिकायतकर्ता के दस्तावेज़ और आरोप

शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ों और प्रार्थना पत्रों में गंभीर आरोप लगाए गए हैं- निरीक्षण पूर्व सूचना देकर किया गया निरीक्षण से पहले संदिग्ध दवाओं को हटा लिया गया

स्टॉक रजिस्टर और बिक्री बिलों में हेरफेर किया गया

वास्तविक बिक्री और कागजी रिकॉर्ड में भारी अंतर है।

अब जब यह भी सामने आ रहा है कि जिस दुकान की शिकायत थी, उसी की जांच नहीं हुई, तो ये आरोप और मजबूत हो जाते हैं।

जनसुनवाई पोर्टल पर उठते बुनियादी सवाल यह मामला केवल एक मेडिकल स्टोर तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि पूरी जनसुनवाई प्रणाली पर सवाल खड़े करता है- क्या जनसुनवाई का मतलब सिर्फ निस्तारण दिखाना रह गया है?

संवेदनशील मामलों में क्रॉस-वेरिफिकेशन क्यों नहीं होता?

क्या गलत जांच रिपोर्ट अपलोड करना प्रशासनिक लापरवाही है या किसी को बचाने की कोशिश?

क्या ढ्ढत्रक्रस् पर शिकायतों की गुणवत्ता से ज़्यादा संख्या मायने रखती है?

स्वास्थ्य से खिलवाड़ और सिस्टम की साख नशीली दवाओं की अवैध बिक्री सीधे युवाओं, छात्रों और समाज के भविष्य से जुड़ा अपराध है। ऐसे मामलों में यदि- शिकायत किसी एक दुकान की हो जांच किसी दूसरी दुकान की कर दी जाए और फिर मामले को निस्तारित घोषित कर दिया जाए तो यह केवल स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं, बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की साख पर चोट है।

# आईसीसी टी ट्वेंटी वर्ल्ड कप ट्रॉफी आई कानपुर खेल प्रेमियों में रहा उत्साह का माहौल




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टी ट्वेंटी विश्व कप ट्राफी शनिवार को अलीगढ़ के शासनी रिंकू सिंह के स्कूल से चलकर केडीएमए इंटरनेशनल स्कूल बर्रा आठ कानपुर में आई। जिसको केडीएमए ग्रुप ऑफ स्कूल के चेयरमैन संजय कपूर एवं मुख्य अतिथि न्यूज़ 24 चैनल के डायरेक्टर सुधीर शुक्ला ने रिसीव किया। इसके बाद स्कूल प्रांगण में हुए स्वागत समारोह में सुधीर शुक्ला, इंडियन क्रिकेटर कुलदीप यादव के पिता राम सिंह यादव, मयूर ग्रुप के डायरेक्टर सुनील गुप्ता, रहमान इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर कामरान रहमान, आनंद सिंह, संजय जाटव, अतुल अग्रवाल, कपिल पांडे, मनीष मल्होत्रा, गणेश तिवारी आदि लोगों का स्वागत डॉ. संजय कपूर ने किया। उपस्थित विशिष्ट अतिथियों एवं विभिन्न एकेडिमियों से आए हुए खिलाड़ियों हस्ताक्षर अभियान द्वारा अपनी शुभकामनाएं भारतीय टीम को प्रेषित की। इस अवसर पर विश्व कप से जुड़ी प्रश्नोत्तरी बच्चों से की गई। इसके साथ ही सभी ने विश्व कप ट्रॉफी के साथ सेल्फी ली। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य एवं शिक्षक केडीएमए ग्रुप का स्कूल के सभी बच्चे केसीए से जुड़ी हुई सभी अकैडमी खिलाड़ी एवं उनके कोच के अतिरिक्त केसीए के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहें।

## बजट 2026/27 हेतु सरकार से व्यापारी समाज की अपेक्षा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों ये बढ़ते प्रभुत्व से छोटे और मध्यम व्यापारी समाप्त हो रहे है ऐसे व्यापारियों को



बचाने के लिए सरकार को चाहिए कि ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों पर अधिक टैक्स का भार बढ़ाना होगा ताकि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारियों का व्यापार जीवित रह सके, क्योंकि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं,छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए टैक्स के भार को और कम करना, टैक्सेशन प्रक्रिया में सरलीकरण, जीएसटी में व्याप्त कई जटिलताओं में सरलता लाना ही व्यापारी समाज की सरकार से अपेक्षाएं हैं। जीएसटी देने वाले छोटे और मध्यमवर्गीय व्यापारियों को मुफ्त सरकारी हेल्थ कैशलैस इंश्योरेंस का लाभ दिया जाना चाहिए। सरकार की योजनाओं में व्यापारी समाज की सहभागिता, योगदान और व्यापारियों को लाभ ऐसी नीतियों के क्रियान्वन की वित्त मंत्री से अपेक्षा करता हूं।

# महिला ने की मुख्यमंत्री से शिकायत, ढाई माह बाद दर्ज हुआ छेड़छाड़, मारपीट व लूट का मुकदमा

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




रावतपुर थाना क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़, उसके पति के साथ मारपीट और लूट के मामले में घटना के करीब ढाई माह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद की गई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं की और रिपोर्ट दर्ज करने में टालमटोल करती रही। पीड़िता के मुताबिक 9 नवंबर 2025 की सुबह करीब 5:30 बजे वह नित्यकर्म के लिए अर्मापुर गई थी। लौटते समय पंथा देवी मंदिर के पास पप्पू और रमजान ने उसे रोककर अश्लील हरकतें कीं। किसी तरह जान बचाकर वह घर पहुंची और उसी दिन थाना रावतपुर में शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोप है कि थाने में शिकायत करने की जानकारी मिलने पर उसी दिन शाम को पप्पू, रमजान, शमशुद्दीन, आरिफ, आशमा बेगम, ननकी, यासमीन, नेता, जारा और राजू घर में जबरन घुस आए। सभी ने गाली-गलौज करते हुए महिला और उसके पति को घसीटकर सड़क पर ले जाकर लात-घूंसों और डंडों से बेरहमी से पीटा। इस दौरान महिला की जेब से 4500 रुपये भी निकाल लिए गए। विरोध करने पर पप्पू, रमजान, शमशुद्दीन, आसिफ और राजू ने उसके साथ अभद्रता की। मोहल्ले के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि घायल पति को लेकर वह दोबारा थाने पहुंची, जहां पुलिस ने मेडिकल तो कराया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। परेशान होकर उसने मुख्यमंत्री जनसुनवाई में शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। महिला ने पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है।

# बिठूर पुलिस ने नान्यालय के आदेश के बाद सैकड़ो पेटी शराब की नष्ट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिठूर पुलिस ने शनिवार को नान्यालय के आदेश के बाद सहायक पुलिस आयुक्त व निरीक्षक आबकारी की उपस्थिति में बिठूर थाने में गड्ढा खुदवाकर शराब को नष्ट किया गया ये शराब 2016 के मुकदमो से संबंधित थी।

शनिवार को एसीजेएम प्रथम कानपुर नगर के आदेश के बाद बिठूर पुलिस ने सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर आशुतोष कुमार व आबाकारी निरीक्षक की मौजूदगी में वर्ष 2016 के मुकदमों से संबधित करीब 800 पेटी देशी शराब को बिठूर थाने में जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर शराब व शराब बनाने के उपकरण, शराब की बोतल, व शराब के रैपपर को नष्ट किया गया।

इस दौरान वीडियो ग्रॉफी भी कराई गई।

बिठूर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया की वर्ष 2016 में यह अवैध शराब मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र से पकड़ा था। जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्जकर आरोपियों को जेल भेजा था। जिसपर मुकदमा माननीय न्यायालय में विचारधीन था।

शनिवार को ऐसीजेएम प्रथम के आदेशानुसार थाने के माल खाने में जमा करीब 800 पेटी देशी शराब को नष्ट किया गया है।

बाक्स में

### क्या बोले ऐसीपी कल्याणपुर

ऐसीपी कल्याणपुर आशुतोष कुमार ने बताया की न्यायालय के आदेश के बाद शनिवार को 800 पेटी देशी शराब को थाने में गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया है। जिसकी वीडियो ग्रॉफी भी कराई गई है। जिसकी रिपोर्ट न्यायालय को भेजी जायेगी।

# विधानसभा चुनाव से पहले ही महोबा में सियासी पारा गर्म

जन एक्सप्रेस। महोबा



उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव भले ही वर्ष 2027 में होना है लेकिन चुनाव की आहट के पहले ही जनपद महोबा में सियासी पारा गर्म हो गया है। शुक्रवार को हुए घटनाक्रम से जनपद महोबा पूरे प्रदेश में चर्चा में आ गया। जलशक्ति मंत्री और विधायक के बीच झड़प के बाद दूसरे दलों के नेता मामले में चुटकी ले रहे हैं।

बुंदेलखंड की राजनीति में अच्छी दखल रखने वाले पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत के बेटे बृजभूषण राजपूत वर्ष 2017 में चरखारी विधानसभा सीट से भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने उन पर भरोसा जताते हुए चरखारी सीट से दोबारा टिकट दिया था।

इस चुनाव में भी बृजभूषण राजपूत ने जीत दर्ज की। उन्होंने वर्ष 2022 में सपा के प्रत्याशी रामजीवन को 41 हजार से अधिक वोटों से हराया था। उनके पिता गंगाचरण राजपूत लोकसभा व राज्यसभा सांसद रह चुके हैं। गंगाचरण और बृजभूषण राजपूत लोधी समाज का मजबूत चेहरा माने जाते हैं।

चरखारी विधानसभा क्षेत्र लोधी बाहुल है। बृजभूषण राजपूत समय-समय पर जनता से जुड़े मुद्दों को उठाते रहते हैं। उनके पिता पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत भी लंबे समय से राजनीति में हैं। पूर्व सांसद भी जनता की समस्याओं को निराकरण की आगे आते रहते हैं। अब एक बार फिर मंत्री का काफिला रोकने के मामले से चरखारी के भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत चर्चा में आ गए हैं।

# सदगुरु श्री पुरुषोत्तम दास दीक्षित जेरे महाराज जी का 23वां पुण्यतिथि महोत्सव श्रद्धा, पूर्वक हुआ सम्पन्न





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पुरातन दत्तात्रेय मंदिर स्थित सद् गुरु श्री पुरुषोत्तम दास दीक्षित जेरे महाराज जी का 23 व पुण्यतिथि महोत्सव बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। महोत्सव की शुरुआत श्री राम नाम संकीर्तन से हुई। 7:00 बजे महाराज श्री के समाधि स्थल का अभिषेक किया गया। इसके उपरांत रात्रि 11:13 पर महाराज श्री की महा आरती संपन्न हुई। महा आरती के बाद महाप्रसाद वितरित हुआ।

आपको बताते चलें दत्तात्रेय मंदिर ध्रुव आश्रम बिठूर में हर वर्ष सदगुरु श्री पुरुषोत्तम दास दीक्षित महाराज जी का पुण्यतिथि महोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष में सदगुरु महाराज जी का महोत्सव बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। पुण्यतिथि महोत्सव से एक दिन पूर्व पूरे परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बृजराज सिंह भैया जी, गोपी शुक्ला, पप्पू शुक्ला जी, पिंटू सिंह, प्रदीप सिंह, नीरज सिंह, जय नारायण सिंह, बलजीत सिंह, हनुमंत शुक्ला, अरविंद सिंह चंदेल, आदि हजारों भक्त मौजूद रहे।

## नेगवा और स्यावन ने जीते क्रिकेट मैच

जन एक्सप्रेस। महोबा। अजनर। ब्लॉक जैतपुर की ग्राम पंचायत घंघौरा में चल रहे बांके बिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दो मुकाबले हुए। जिसमें नेगवां क्रिकेट क्लब और स्यावन क्रिकेट क्लब ने जीत दर्ज की। मैच देखने के लिए क्रिकेटप्रेमियों की भीड़ जुटी रही। पहला मैच बिलहरी क्रिकेट क्लब व नेगवां क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। नेगवां क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। बिलहरी क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 10 ओवर में नौ विकेट खोकर 69 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेगवां क्रिकेट क्लब की टीम ने आठ ओवर में नौ विकेट खोकर 70 रन बनाए और एक विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा मैच स्यावन क्रिकेट क्लब व नगारा क्रिकेट क्लब के बीच हुआ। स्यावन क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवर में नौ विकेट खोकर 70 रन बनाए। जवाब में नगारा क्रिकेट क्लब की टीम 10 ओवर में 62 रन पर ही ऑलआउट हो गई। इससे स्यावन क्रिकेट क्लब ने आठ रन से मैच जीता। अंपायर की भूमिका अजेंद्र और आशाराम ने निभाई जबकि कमेंट्री अंकित व रोहित और स्कोरिंग जीतेंद्र ने की।

## छात्रों को सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ

जन एक्सप्रेस। महोबा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन शनिवार को ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित समापन व सम्मान समारोह के साथ हुआ।

इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए और दूसरों को प्रेरित करने की अपील के साथ सड़क सुरक्षा की शपथ ली। माह भर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने 18 वर्ष से कम आयु में वाहन न चलाने, हेलमेट पहनने जैसे नियमों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने नशे की हालत में वाहन चलाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की सलाह देते हुए यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अधिकारी, विद्यालय प्रबंधन, बस व ट्रक यूनियन के अध्यक्ष, आल्हा परिषद के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कुश्ती ने करवा दिया मंत्री और विधायक में दंगल

जन एक्सप्रेस। महोबा



विधानसभा चरखारी के अमानपुरा गांव में शुक्रवार को आयोजित कुश्ती के चलते प्रदेश के कद्दावर मंत्री और क्षेत्रीय विधायक में बीच सड़क पर दंगल हो गया। कुश्ती के पहलवान अपने दांव-पेच आजमाने के लिए अखाड़े में उतरते, उससे पहले ही इस कुश्ती को लेकर शहर की सड़कें ही राजनीति का अखाड़ा बन गईं।

कुश्ती प्रतियोगिता के उद्घाटन के लि सरपट दौड़ रहे मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के काफिले को चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने समर्थकों के साथ रोककर सड़क पर राजनीति का ऐसा दंगल खेला कि पूरे प्रदेश की राजनीति में भूचाल आ गया।

अब मामले में आगामी फैसलों को लेकर प्रदेश नेतृत्व पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं।

आगामी दिनों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने वाले हैं। इसमें ग्राम प्रधान से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष बनने तक के ख्वाब देखने वाले नेता अपनी जगह बनाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रहे हैं। कोई क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराकर अपनी उम्मीदवारी दिखा रहा है तो कोई कुश्ती, दंगल के आयोजन में बड़े नेताओं को अतिथि के तौर पर बुलाकर अपना दबदबा और पहुंच दिखा रहा है। सूत्रों का कहना है कि जिला पंचायत की जैतपुर सीट से मंगरौलकलां के पूर्व प्रधान अर्जुन सिंह राजपूत अपनी दावेदारी कर रहे हैं और काफी दिनों से क्षेत्र में सक्रिय हैं। अर्जुन सिंह राजपूत काफी पहले समय से दंगल आदि प्रतियोगिताओं में अतिथि के तौर पर दबदबे वाले नेता को उद्घाटन में बुलाते रहे हैं। क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण को राजनीति विरासत में मिली है और उनकी प्रो-हिंदुत्व वाली छवि के चलते पहले से ही क्षेत्र में दबदबा है।

सूत्र बताते हैं कि अमानपुरा में अर्जुन सिंह ने इस कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया और अतिथि के तौर पर उप्र सरकार में जलशक्ति मंत्रालय संभालने वाले कद्दावर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को आमंत्रित किया। इस आयोजन में प्रोटोकाल का ध्यान नहीं रखा गया। बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण राजपूत को उनकी विधानसभा क्षेत्र में आयोजन होने के बाद भी आमंत्रित नहीं किया गया। उधर, विधायक समर्थकों के साथ महोबा आ गए और अमानपुरा जाने से पहले मंत्री के काफिले को रोक लिया। उन्होंने क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत खोदी गई सड़कों से लोगों के परेशान होने का मुद्दा उठाकर मंत्री को घेरने का प्रयास किया। सड़क पर चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद पूरे प्रदेश की राजनीति में भूचाल की स्थिति देखने को मिली। जिला प्रशासन ने भी तत्काल ही बैठक करके डेमेज कंट्रोल का प्रयास किया। वहीं दूसरी ओर तय समय से काफी देर बाद अमानपुरा पहुंचे जलशक्ति मंत्री ने कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन करके अपने दौरे की औपचारिकताओं को पूरा किया। जनचर्चा है कि स्थानीय राजनीति से अनभिज्ञ जलशक्ति मंत्री इस आयोजन के चलते राजनैतिक मोहरा बन गए। अब सभी की नजरें इस घटनाक्रम पर प्रदेश नेतृत्व की ओर से होने वाली प्रतिक्रिया पर टिकी हुई हैं।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# धरती पर बढ़त हासिल करने के बाद ड्रैगन की नजर आकाश पर

**कृत्रिम बुद्धि जितनी तेज गति से बढ़ रही है, उतनी ही तेजी से उसके लिए जरूरी संसाधन खत्म हो रहे हैं। अंतरिक्ष इस समस्या का स्वाभाविक समाधान है। वहां चौबीस घंटे सूर्य ऊर्जा है, ताप प्रबंधन स्वाभाविक है और विस्तार की कोई सीमा नहीं। यही कारण है कि चीन और अमेरिका दोनों इसे भविष्य का कम लागत वाला मार्ग बता रहे हैं। लेकिन यह केवल लागत का सवाल नहीं है। यह सामरिक प्रभुत्व का प्रश्न है। अंतरिक्ष में स्थापित एआई केंद्र केवल नागरिक उपयोग तक सीमित नहीं रहेंगे। वही केंद्र जासूसी उपग्रहों के आंकड़े संसाधित करेंगे।**

*चीन ने अगले पांच वर्षों में अंतरिक्ष आधारित कृत्रिम बुद्धि आंकड़ा केंद्र यानि एआई डाटा सेंटर स्थापित करने की योजना की घोषणा कर पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है। धरती पर सामरिक बढ़त हासिल करने के बाद अब चीन की नजर आकाश में अपनी ताकत का विस्तार करने पर है ताकि उसे कहीं से भी कोई चुनौती नहीं दे सके। हम आपको बता दें कि चीनी अंतरिक्ष कंपनी चीन एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलोजी कॉरपोरेशन ने संकल्प लिया है कि वह गीगावाट श्रेणी की अंतरिक्ष डिजिटल बुद्धि अवसंरचना यानि स्पेस डिजिटल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करेगा। यह योजना चीन के अगले पंचवर्षीय विकास कार्यक्रम का अहम स्तंभ मानी जा रही है। चीन के सरकारी माध्यमों के मुताबिक इन अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्रों में क्लाउड कम्प्यूटिंग, एज़ कम्प्यूटिंग और उपकरण स्तर की क्षमताओं का एकीकरण होगा। कम्प्यूटिंग पावर, भंडारण क्षमता और कम्यूनिकेशन बैंडविड्थ को गहराई से जोड़ा जाएगा ताकि पृथ्वी से एकत्र आंकड़ों का प्रसंस्करण सीधे अंतरिक्ष में हो सके। इस पहल का उद्देश्य यह है कि ऊर्जा खपत और कूलिंग जैसी समस्याओं से जूझ रहे धरती आधारित आंकड़ा केंद्रों का बोझ अंतरिक्ष में स्थानांतरित किया जाए। इसी सिलसिले में चीन की निजी कंपनी एडीए स्पेस ने पिछले साल मई में 12 उपग्रह प्रक्षेपित किए थे जिनमें उच्च क्षमता वाले एआई चिप लगे हैं। इन उपग्रहों में प्रत्येक 744 ट्रिलियन गणनाएं प्रति सेकंड करने में सक्षम है। नवंबर महीने से इन उपग्रहों पर एक प्रमुख चीनी एआई मॉडल का संचालन किया जा रहा है और दो मिनट से भी कम समय में अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्र से उत्तर प्राप्त हो रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने इसे आकाश में गणना का युग आरंभ होने की घोषणा बताया है। उधर, अमेरिका भी पीछे नहीं है। अमेरिकी निजी अंतरिक्ष कंपनियां खासकर एलन मस्क की स्पेस एक्स और अन्य तकनीकी दिग्गज अंतरिक्ष आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कम्प्यूटिंग को भविष्य की सफलता का स्वाभाविक मार्ग मान रहे हैं। अमेरिका की एक अंतरिक्ष कंपनी ने हाल ही में एक उपग्रह पर एआई के सफल संचालन का दावा किया, हालांकि चीन का कहना है कि उसने अकेले उपग्रह की बजाय 12 उपग्रहों वाला व्यावहारिक अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्र स्थापित कर तकनीकी बढ़त बना ली है। चीन का लक्ष्य 2800 उपग्रहों वाला विशाल स्पेस कम्प्यूटिंग नेटवर्क खड़ा करना है जो वर्ष 2035 तक पूर्ण होगा। इस परियोजना को सरकारी संरक्षण प्राप्त है क्योंकि चीन ने अंतरिक्ष को अपनी पंद्रहवीं पंचवर्षीय योजना में रणनीतिक प्राथमिकता घोषित किया है। उधर, समानांतर रूप से अमेरिका में भी उच्च क्षमता वाले एआई चिप, निजी पूंजी और रियूजेबल रॉकेटों के बल पर अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्रों की दिशा में तेज प्रगति हो रही है। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। अंतरिक्ष में विकिरण से चिप को बचाने की तकनीक महंगी है और इससे प्रदर्शन घटता है। उपग्रह खराब होने पर मरम्मत असंभव होती है और नया उपग्रह भेजना पड़ता है, जिससे अंतरिक्ष मलबे की समस्या बढ़ती है। इसके बावजूद अमेरिका और चीन दोनों ही इसे भविष्य की अनिवार्यता मानते हुए पूरी ताकत झोंक चुके हैं। देखा जाये तो इसमें कोई दो राय नहीं कि जो देश अंतरिक्ष में एआई पर कब्जा करेगा, वही धरती पर अर्थव्यवस्था, युद्ध और सूचना का नियंत्रण संभालेगा। चीन ने इस सच्चाई को समय रहते पहचान लिया है और अब वह सीधे आकाश में सत्ता का आधार खड़ा कर रहा है। धरती पर आंकड़ा केंद्र अब गले का फंदा बन चुके हैं।*

**एक्सप्रेस आलेख**

**किसी संकोच के यह स्वीकार करना चाहिए कि रुपया भारतवासियों के लिए सिर्फ एक मुद्रा नहीं है, यह भारत के आर्थिक आत्मविश्वास की कसौटी है। कहना होगा कि यदि नीतिगत फोकस नहीं बदला, तो 95 रुपये प्रति डॉलर की आशंका भविष्य की वास्तविकता बन सकती है और तब यह कहना कठिन होगा कि यह गिरावट अचानक हुई क्योंकि इसके संकेत आज साफ दिखाई दे रहे हैं इसलिए इसे हम हल्के में न लें और न ही इन परिस्थितियों को वी. अनंत नागेश्वरन के कहे से वैश्विक मानें। वास्तव में हम अपनी कमजोरी स्वीकारें और उन्हें दूर करने के लिए सही दिशा में प्रयास करें, यही सही उत्तर है आज की इस समस्या का न कि इससे भागना कोई स्थायी हल है।**

# रुपये की गिरावट को इतना हल्के में मत लीजिए



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**सरकार निर्यात वृद्धि को रुपये की मजबूती का आधार बताती रही है। इसमें संदेह नहीं कि सेवा क्षेत्र का निर्यात प्रभावशाली रहा है। 2005 से 2024 के बीच भारत का सेवा निर्यात ढाई गुना बढ़ा और वैश्विक सेवाओं के निर्यात में उसकी हिस्सेदारी 4.3 प्रतिशत तक पहुंच गई। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल निर्यात 825.3 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा, जिसमें सेवाओं का योगदान 387.6 अरब डॉलर था।**

भारत और यूरोपीय संघ के बीच हाल में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को सरकार एक ऐतिहासिक आर्थिक उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है। यह समझौता निःस्संदेह भारत के निर्यातकों के लिए नए अवसर पैदा करता है और दीर्घकाल में व्यापारिक संबंधों को मजबूती देने की क्षमता रखता है, किंतु इसी उत्सवधर्मी माहौल के बीच एक गंभीर आर्थिक संकेत डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये का निरंतर कमजोर होने को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। देखा जाए तो वर्ष 2013 में जहां एक डॉलर के मुकाबले रुपया लगभग 68 के स्तर पर था, वहीं जनवरी 2026 तक यह 92 (91.95 रुपये प्रति डॉलर) के करीब पहुंच चुका है। लगभग 35 प्रतिशत का यह अवमूल्यन विदेशी मुद्रा बाजार का आंकड़ा आज भारत की एक हकीकत है, जो साफ तौर पर कहता है कि ये स्थिति हमारी अर्थव्यवस्था की गहरी और संरचनात्मक कमजोरियों का दर्पण है। अब इस सच्चाई को न तो वैश्विक परिस्थितियों के बहाने ढंका जा सकता है और न ही मजबूत बुनियादी कारकों के दावों से खारिज किया जा सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के बाद मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने रुपये की गिरावट को उभरते बाजारों की मुद्राओं की सामूहिक कमजोरी का हिस्सा बताया। बेशक; इसमें आंशिक सच्चाई है, वैश्विक स्तर पर डॉलर इंडेक्स 110 के आसपास बना हुआ है और अमेरिका की सख्त मौद्रिक नीति ने डॉलर को मजबूत किया है। किंतु सवाल यह है कि जब वैश्विक दबाव लगभग सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर समान है तब भारत का रुपया अपेक्षाकृत अधिक दबाव में क्यों है? यहीं से घरेलू आर्थिक चूकों की ओर ध्यान जाता है और इनकी जांच अनिवार्य हो जाती है। पिछले डेढ़ वर्षों में भारत की विदेशी मुद्रा स्थिति कमजोर हुई है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले आठ महीनों में विदेशी मुद्रा भंडार करीब 40 अरब डॉलर घटकर लगभग 650 अरब डॉलर रह गया। इसी दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी तेज रही। अकेले जनवरी 2026 में लगभग 5 अरब डॉलर का पूंजी बहिर्गमन दर्ज किया गया, जिसका सीधा असर रुपये पर पड़ा। हालांकि यह भी सच है कि 16 जनवरी तक विदेशी मुद्रा भंडार 701.4 अरब डॉलर के स्तर को छू गया था, जिससे भारत लगभग 11 महीनों के आयात को कवर कर सकता है। यह भंडार देश के कुल बकाया विदेशी कर्ज के करीब 94 प्रतिशत के बराबर है और वैश्विक झटकों से निपटने के लिए एक मजबूत लिक्विडिटी बफर प्रदान करता है। पर साथ में यही भंडार भारत की आयात-निर्भर अर्थव्यवस्था की कमजोर नस को भी उजागर करता है। क्योंकि ये विदेशी मुद्रा जिस तेजी से आती हुई दिखती है, उतनी ही तेजी से अचानक निकासी करती हुई भी दिखी है। यानी कि इस पर भारत की अर्थव्यवस्था को अधिक भरोसा नहीं करना चाहिए। ऐसे ही यह भी एक तथ्य है कि वर्ष 2025 में भारत ने लगभग 800 टन सोने का आयात किया, जिस पर 60 अरब डॉलर से अधिक खर्च हुआ। कोयला, कच्चा तेल और उर्वरकों का आयात बिल भी लगातार बढ़ता गया। परिणामस्वरूप चालू खाते का घाटा (सीएडी) जीडीपी के 2.5 प्रतिशत तक पहुंच गया, जिसे किसी भी उभरती अर्थव्यवस्था के लिए खतरे का संकेत माना जाता है। सरकार निर्यात वृद्धि को रुपये की मजबूती का आधार बताती रही है। इसमें संदेह नहीं कि सेवा क्षेत्र का निर्यात प्रभावशाली रहा है। 2005 से 2024 के बीच भारत का सेवा निर्यात ढाई गुना बढ़ा और वैश्विक सेवाओं के निर्यात में उसकी हिस्सेदारी 4.3 प्रतिशत तक पहुंच गई। वित्त वर्ष 2025-26 में कुल निर्यात 825.3 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा, जिसमें सेवाओं का योगदान 387.6 अरब डॉलर था। दूरसंचार उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों और ऑटोमोबाइल्स के निर्यात में भी वृद्धि हुई है। लेकिन इसके बावजूद वस्तु व्यापार में भारत भारी घाटे में बना हुआ है। मर्चेंडाइज ट्रेड डेफिसिट आज भी लगभग 200 अरब डॉलर के आसपास है। यही असंतुलन रुपये पर लगातार दबाव बनाए रखता है और सेवा निर्यात की सफलता इस सच्चाई को छिपा नहीं पाती। अब बात भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए की गहराई से करते हैं, जिसके तहत 97 प्रतिशत भारतीय उत्पादों को यूरोपीय बाजार में प्राथमिकता मिलेगी और 70 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर शून्य सीमा शुल्क लागू होगा। कपड़ा, चमड़ा, मसाले, गहने, समुद्री उत्पाद और श्रम-साध्य उद्योगों के लिए इसे एक बड़ा अवसर माना जा रहा है। सैद्धांतिक रूप से यह समझौता रुपये को मजबूती दे सकता है, किंतु वर्तमान हकीकत यह है कि यूरोपीय संघ के बाजार में भारतीय उत्पादों की हिस्सेदारी आज भी लगभग दो प्रतिशत के आसपास अटकी हुई है। इसका मुख्य कारण भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की सीमित क्षमता और गुणवत्ता मानकों में कमजोरी है। जब तक यह समझौता पूरी तरह जमीनी स्तर पर प्रभावी होगा, तब तक रुपये के सामने नए संकट खड़े हो सकते हैं। यह भी समझने की जरूरत है कि आज भारत में मैन्युफैक्चरिंग का योगदान जीडीपी में लगभग 17 प्रतिशत है, जबकि चीन में यह 28 प्रतिशत और वियतनाम में लगभग 25 प्रतिशत है। स्पष्ट है कि बिना मजबूत विनिर्माण आधार के एफटीए जैसे समझौते भी रुपये को स्थायी मजबूती नहीं दे सकते। हालांकि भारत ने डॉलर पर निर्भरता कम करने और स्थानीय मुद्रा में व्यापार बढ़ाने के प्रयास किए हैं। रूस के साथ रुपये-रूबल में तेल व्यापार इसका उदाहरण है, लेकिन यह प्रयोग 10 अरब डॉलर के स्तर से आगे नहीं बढ़ सका। समस्या यह रही कि रूस के पास जमा हुए रुपयों के उपयोग का व्यावहारिक रास्ता नहीं निकल पाया। आज भी भारत का लगभग 80 प्रतिशत विदेशी व्यापार डॉलर आधारित है और पेट्रोलियम व्यापार का 90 प्रतिशत हिस्सा डॉलर में होता है। प्रणाली और अमेरिकी बॉन्ड बाजार डॉलर की बादशाहत को और मजबूत करते हैं। ऐसे में सवाल यह नहीं कि डॉलर को चुनौती देना कितना कठिन है, बल्कि यह है कि जब ब्राजील या इंडोनेशिया अपनी मुद्रा को अपेक्षाकृत स्थिर रख सकते हैं तो भारत क्यों नहीं कहना होगा कि इसका उत्तर उत्पादकता, निर्यात संरचना और आयात निर्भरता में छिपा है। रुपये की कमजोरी का सीधा असर आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। आयात महंगा होने से पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य तेल और उर्वरकों की कीमतें बढ़ती हैं। कई राज्यों में पेट्रोल की कीमतें 110 रुपये प्रति लीटर के पार जा चुकी हैं। उर्वरक सब्सिडी का बोझ बढ़ता है और अंततः इसका भार करदाताओं पर पड़ता है। साथ ही छोटे और मंझोले उद्योगों के लिए डॉलर में लिया गया कर्ज महंगा हो जाता है। ऐसे में यहां समझने वाली बात यह है कि किसी भी मुद्रा की मजबूती चालू खाते के संतुलन, उच्च उत्पादकता, विविधीकृत निर्यात और नियंत्रित आयात निर्भरता पर निर्भर करती है। भारत इन सभी मोर्चों पर अब भी अधूरा दिखता है। वैश्विक परिस्थितियों का परिणाम मान लेना आत्मसंतोष होगा। मैन्युफैक्चरिंग को जीडीपी के 25 प्रतिशत तक ले जाना, पीएलआई योजनाओं को वास्तविक उत्पादन में बदलना, गैर-डॉलर व्यापार को बढ़ावा देना, सोने और ऊर्जा आयात पर निर्भरता घटाना सही मायनों में ये सभी कदम भारत के लिए अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता हैं।



**ऐसे में यहां समझने वाली बात यह है कि किसी भी मुद्रा की मजबूती चालू खाते के संतुलन, उच्च उत्पादकता, विविधीकृत निर्यात और नियंत्रित आयात निर्भरता पर निर्भर करती है। भारत इन सभी मोर्चों पर अब भी अधूरा दिखता है। वैश्विक परिस्थितियों का परिणाम मान लेना आत्मसंतोष होगा।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 15:39 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 11:57 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | प्रीति, 10:18 |
| सूर्योदयः | 07:10 |
| सूर्यास्तः | 18:10 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 04:47-06:09 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:18-13:02 |

## जन एक्सप्रेस

### पोटली ये ज्ञान की !

*संविधान की ना समझ ।*
*है केवल चिल्लाना ।।*
*केवल लाल किताब से ।*
*ना बदले जमाना ।।*
*समझ बढ़ानी होगी ।*
*तभी मिलेगा वोट ।।*
*वरना है स्थायी ।*
*मिल रहा जो चोट ।।*
*ना बनेगी बात ।*
*और ना कायाकल्प ।।*
*पोटली ये ज्ञान की ।*
*रहेगी जब तक अल्प ।।*
*लाना है सुधार तो ।*
*हो जाओ गंभीर ।।*
*ना खोलेगी जनता ।*
*बिन बदले तकदीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

# अदरक-मुलेठी का काढ़ा: इस काढ़े को पीकर ठीक हो सकता है गले का इंफेक्शन

**सर्दियां** अपने साथ सेहत से जुड़ी कई सारी समस्याएं लाती हैं। ज्यादातर लोग स्किन की समस्याओं से परेशान रहते हैं तो कुछ लोगों को हर कुछ दिनों पर सर्दी-जुकाम की दिक्कत बनी रहती है। इसी तरह कुछ लोगों को इस मौसम में गले में इंफेक्शन की दिक्कत होती है तो लगातार दर्द और खिचखिच की समस्या परेशान करती है। ऐसे में हर बार दवाओं की मदद लेना सेहत के लिए उतना फायदेमंद नहीं है बल्कि, इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं।

**क्या अदरक-मुलेठी का काढ़ा गले के इन्फेक्शन को ठीक कर सकता है?:** हां, अदरक-मुलेठी का काढ़ा गले के इन्फेक्शन में काफी हद तक राहत दे सकता है, लेकिन इसे पूरी तरह इलाज नहीं माना जाना चाहिए। दरअसल, ये पुराना देसी नुस्खा है जिसका इस्तेमाल गले की खुजली कम करने के साथ खिचखिच से राहत दिलाने में मददगार है। इतना ही नहीं, गले के इंफेक्शन होने के बाद लंबे समय तक जो समस्याएं लोगों को महसूस होती रहती हैं उनमें भी इस काढ़े का पीना मददगार हो सकता है।



**एंटी इंफ्लेमेटरी है ये काढ़ा:** अदरक में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होता है तो मुलेठी गले की सूजन से राहत दिलाने वाला है। इससे गले की सूजन में कमी आती है और आप राहत महसूस कर सकते हैं। इसलिए इन दोनों से बने काढ़े को पीने से आपको बेहतर फील हो सकता है और धीमे-धीमे गले की सूजन कमी आ सकती है।

**एंटी बैक्टीरियल गुणों से भरपूर:** अदरक-मुलेठी का काढ़ा एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है जिससे गले में बैक्टीरियल इंफेक्शन पैदा बनने वाले बैक्टीरिया को निष्क्रिय करने में मदद मिल सकती है। अदरक मुलेठी का काढ़ा गले की खुजली को कम करने के साथ खांसी कम करने में मदद कर सकता है जिससे आप बेहतर महसूस कर सकते हैं।

**दर्द और खराश को कम करने में मददगार:** गले में इंफेक्शन होने पर लगातार दर्द और खराश की समस्या बनी रहती है और इस स्थिति में अदरक और मुलेठी का काढ़ा पीना फायदेमंद हो सकता है। दरअसल, अदरक जहां गले के दर्द को ठीक कर सकता है वहीं मुलेठी गले में एक सॉफ्ट कोटिंग करता है जिससे खराश कम करने में मदद मिलती है।

**जलन और खांसी से राहत दिलाने वाला:** मुलेठी गले की परत पर सुकून देने वाली कोटिंग बनाती है, जिससे जलन और खांसी में आराम मिलता है तो अदरक का रस खांसी कम करने में मददगार है। इस काढ़े को पीने से बलगम ढीला होता है और आवाज बैठने की समस्या में भी राहत मिल सकती है। हालांकि, हल्के वायरल या मौसमी इन्फेक्शन में यह घरेलू उपाय सहायक हो सकता है, लेकिन अगर गले में तेज दर्द, बुखार, पस या इन्फेक्शन लंबे समय तक बना रहे।

**एक्सप्रेस विशेष**

# माखनलाल जी ने देखा था पत्रकारिता विश्वविद्यालय का सपना



प्रो. संजय द्विवेदी

**आम कहावत थी 'जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।' और सच में अखबार की ताकत का अहसास आजादी के दीवानों को हो गया था। इसी के चलते स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े नेताओं ने अपने पत्र निकाले।**

**माखनलाल जी ने 1913 में 'प्रभा' नाम की एक उच्चकोटि की पत्रिका के माध्यम से साहित्यिक पत्रकारिता में भी सार्थक हस्तक्षेप किया। लोगों को झकझोरने एवं जगानेवाली रचनाओं के प्रकाशन के माध्यम से 'प्रभा' हिंदी जगत का एक जरूरी नाम बन गयी। दादा की 56 सालों की ओजपूर्ण पत्रकारिता की यात्रा में प्रताप, प्रभा व कर्मवीर उनके विभिन्न पड़ाव रहे। साथ ही उनकी राजनीतिक वरीयता भी बहुत उंची थी।**

**जनसंचार** और पत्रकारिता की शिक्षा आज एक विशिष्ट अनुशासन बन चुकी है। देश में पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा पर केंद्रित चार विश्वविद्यालय कार्यरत हैं, लेकिन हमें यह जानना चाहिए कि पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने ही सबसे पहले पत्रकारिता विद्यापीठ (विश्वविद्यालय) का सपना देखा था। उन्होंने भरतपुर(राजस्थान) में 1927 में आयोजित संपादक सम्मेलन में कहा था- 'हिंदी समाचार पत्रों में कार्यालय में योग्य व्यक्तियों के प्रवेश कराने के लिए, एक पाठशाला आजकल के नए नामों की बाढ़ में से कोई शब्द चुनिए तो कहिए कि एक संपादन कला के विद्यापीठ की आवश्यक्ता है। ऐसी विद्यापीठ किसी योग्य स्थान पर बुद्धिमान, परिश्रमी, अनुभवी, संपादक-शिक्षकों द्वारा संचालित होना चाहिए। उक्त पीठ में अन्यान्य विषयों का एक प्रकांड ग्रंथ संग्रहालय होना चाहिए।' यह संयोग ही है कि उनके इस स्वप्न को 1990 में मध्यप्रदेश सरकार ने साकार करते हुए उनके नाम पर ही भोपाल में पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना की। बाद के दिनों में रायपुर में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय और जयपुर में हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। इसके साथ ही दो साल पूर्व भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) को भी डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल चुका है। यह बात बताती है कि हमारे पुरखे किस तरह अपनी विधा को अकादमिक रुप से स्थापित होते देखना चाहते थे। माखनलाल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे कवि, लेखक, पत्रकार, संपादक, स्वतंत्रता सेनानी अनेक भूमिकाओं में सामने आते हैं। वे अप्रतिम वक्ता भी थे। इसलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उनके बारे में कहा- 'हम सब लोग तो बात करते हैं, बोलना (भाषण) तो माखनलाल जी ही जानते हैं।' इतना ही नहीं राष्ट्रपिता ने कहा- 'मैं बाबई जैसे छोटे स्थान पर इसलिए जा रहा हूं क्योंकि वह माखनलालजी का जन्मस्थान है। जिस भूमि ने माखनलालजी को जन्म दिया, उसी भूमि को मैं सम्मान देना चाहता हूं।' यह संयोग ही है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और माखनलाल जी पुण्यतिथि एक ही दिन 30 जनवरी को मनाई जाती है। चर्चित शायर श्री फिराक गोरखपुरी भी माखनलाल जी कलम के प्रशंसक थे। उनका कहना था कि- 'उनके लेखों को पढ़ने से ऐसा मालूम होता था कि आदि-शक्ति शब्दों के रूप में अवतरित हो रही है या गंगा स्वर्ग से उतर रही है। यह शैली हिंदी में ही नहीं, भारत की दूसरी भाषाओं में भी विरले ही लोगों को नसीब हुई है। मुझ जैसे हजारों लोंगो ने अपनी भाषा और लिखने की कला माखनलाल जी से ही सीखी।' पं. माखनलाल चतुर्वेदी के संपादन में निकला 'कर्मवीर' एक ऐसा पत्र है, जिसकी धमक हम आज भी महसूस करते हैं। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में 'कर्मवीर' एक ऐसा नाम है, जिसे छोड़कर भारतीय पत्रकारिता का समग्र मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। इसी तरह उसके संपादक पं. माखनलाल चतुर्वेदी और उनकी संपूर्ण जीवनयात्रा, आत्मसमर्पण के खिलाफ लड़ने वाले संपादक की यात्रा है। वस्तुतः वे एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रहे थे और कोई मोर्चा ऐसा न था, जहां उन्होंने अपनी छाप न छोड़ी हो। सही मायने में 'कर्मवीर' के संपादक ने अपने पत्र के नाम को सार्थक किया और माखनलाल जी स्वयं कर्मवीर बन गए। 4 अप्रैल, 1889 को होशंगाबाद(मप्र) के बाबई जिले में जन्में माखनलालजी ने जब पत्रकारिता शुरू की तो सारे देश में राष्ट्रीय आंदोलन का प्रभाव देखा जा रहा था। राष्ट्रीयता एवं समाज सुधार की चर्चाएं और फिरंगियों को देश बदर करने की भावनाएं बलवती थीं। इसी के साथ महात्मा गांधी जैसी तेजस्वी विभूति के आगमन ने सारे आंदोलन को एक नई ऊर्जा से भर दिया। दादा माखनलाल जी भी उन्हीं गांधी भक्तों की टोली में शामिल हो गए। गांधी के जीवन दर्शन से अनुप्राणित दादा ने रचना और कर्म के स्तर पर जिस तेजी के साथ राष्ट्रीय आंदोलन को ऊर्जा एवं गति दी वह महत्व का विषय है। इस दौर की पत्रकारिता भी कमोबेश गांधी के विचारों से खासी प्रभावित थी।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# ग्राम विठौरा कलां में मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का बरखेड़ा विधायक ने किया भव्य शिलान्यास

- ई0सी0सी0ई एजुकेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





जनपद के विकासखण्ड मरौरी क्षेत्र के ग्राम विठौरा कलां में आज मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का भव्य शिलान्यास सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक बरखेड़ा एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से विद्यालय के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान ई0सी0सी0ई0 एजुकेटर के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

### विद्यालय का निर्माण- आधुनिक सुविधाओं के साथ

शिलान्यास समारोह में बताया गया कि उक्त विद्यालय लगभग 24 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। विधायक बरखेड़ा ने कहा कि यह विद्यालय प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 12 तक की पढ़ाई कराएगा। बच्चों के समग्र विकास के लिए विद्यालय में मिनी स्टेडियम, छात्रावास, कम्प्यूटर लैब और तकनीकी शिक्षा जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए खाने और रहने की भी पूरी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिक्षा संस्थान ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेंगे और क्षेत्र में शिक्षा का स्तर बढ़ेगा।

### जिलाधिकारी का संदेश- शिक्षा सभी का अधिकार

जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें ताकि सभी बच्चे शिक्षित बन सकें। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है और इससे जनपद की साक्षरता दर में सुधार होगा।

जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जनपद के पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान कर जनपद को झोपड़ी मुक्त बनाने का संकल्प जारी है। इसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए गए।

### शिक्षा ही समाज और राष्ट्र का सशक्त आधार है- स्वामी प्रवक्तानंद



कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य में मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मंडल अध्यक्ष महेश लोधी, नंदलाल जी, अशोक कुमार, हरेंद्र कुमार, हरिराम सोनकर, प्रेमशंकर गंगवार, युगल वर्मा, हरिओम शर्मा, करन शर्मा, मथुराप्रसाद सहित मंडल के अनेक सम्मानित कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि शिक्षा एवं विकास के इस प्रयास से क्षेत्र के बच्चों और ग्रामीणों को बेहतर जीवन व अवसर प्राप्त होंगे।

शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र का सशक्त आधार है।

उन्होंने कहा कि यह विद्यालय ग्रामीण बच्चों के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आया है और इसके माध्यम से क्षेत्र के बच्चे प्री-प्राइमरी से लेकर 12वीं कक्षा तक आधुनिक सुविधाओं के साथ पढ़ाई कर सकेंगे। स्वामी जी ने अभिभावकों से विशेष अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और शिक्षा में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा में कोई भी कसर न छोड़ी जाए, क्योंकि ज्ञान ही भविष्य को उज्जवल बनाता है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में खेलकूद, तकनीकी शिक्षा और कम्प्यूटर प्रशिक्षण जैसी आधुनिक सुविधाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगी।

महामंडलेश्वर ने कहा कि इस तरह के शिक्षा संस्थानों के निर्माण से न केवल बच्चों का भविष्य संवरता है बल्कि क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास भी सुनिश्चित होता है।

उन्होंने ग्रामीणों से एकजुट होकर शिक्षा और विकास के इस मिशन में सहयोग करने का आह्वान किया।

### भूमि पूजन और अन्य विकास कार्य

समारोह में बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिठौरा कलां एवं मझरा कुठिया के मध्य लगभग 5 एकड़ भूमि में विद्यालय के भूमि पूजन का भी आयोजन किया गया। यह विद्यालय आवासीय एवं भोजन सुविधाओं के साथ मिनी स्टेडियम सहित विकसित किया जाएगा।

साथ ही बरखेड़ा, उगनपुर, सुहास, दौलतपुर और आसपास के क्षेत्रों के लगभग 7 किलोमीटर सड़क मार्ग के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन भी सम्पन्न हुआ, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी।

# शासन से 29.88 करोड़ रुपए मिलने के बाद गन्ना किसानों के खातों में तुरंत हुआ भुगतान

- बीसलपुर, पूरनपुर, बरखेड़ा और पीलीभीत चीनी मिलों ने किसानों को भेजा गन्ना मूल्य, राहत की सांस

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**

पीलीभीत। किसान सहकारी चीनी मिलों के गन्ना मूल्य भुगतान में शासन की ओर से बड़ी राहत मिली है। जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने बताया कि शासन से 29.88 करोड़ रुपए की धनराशि प्राप्त होते ही किसानों के खातों में आरटीजीएस के माध्यम से तुरंत ट्रांसफर कर दिया गया।

इसमें से बीसलपुर चीनी मिल को 17.88 करोड़ और पूरनपुर चीनी मिल को 12 करोड़ रुपए प्रदान किए गए।

यह राशि किसानों के गन्ने के मूल्य भुगतान को सुचारु और समयबद्ध बनाने के लिए उपलब्ध कराई गई।

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने कहा कि किसान अपने गन्ने की पेराई सुचारु रूप से कराने के लिए अपनी मिलों का सहयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि गन्ना मिलों को उपलब्धता के अनुसार ही गन्ना बेचें, ताकि पेराई कार्य में व्यवधान न आए और भुगतान समय पर हो सके। उन्होंने कहा कि सभी मिलों द्वारा किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए विशेष निगरानी की जा रही है।

## इस प्रकार हुआ भुगतान का विवरण

### बीसलपुर चीनी मिल

बीसलपुर चीनी मिल ने इस राशि का उपयोग करते हुए 06 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में भेज दिया। अब तक 79.57 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान किया जा चुका है।

### पूरनपुर चीनी मिल

पूरनपुर चीनी मिल ने 17 दिसंबर 2025 तक के गन्ने का भुगतान किसानों के खातों में किया। अब तक कुल 48.12 प्रतिशत गन्ना मूल्य किसानों को प्राप्त हो चुका है।

### पीलीभीत चीनी मिल

पीलीभीत चीनी मिल ने शत-प्रतिशत भुगतान पूरा कर लिया है और सभी किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया गया।

### बरखेड़ा चीनी मिल

बरखेड़ा चीनी मिल ने पिछले वर्ष का भुगतान पूरा कर दिया है। इस वर्ष के पेराई सत्र का भुगतान भी शुरू हो गया है। अब तक नए पेराई सत्र का 2.45 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी मिलों द्वारा अब तक कुल 410.54 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है। इस दौरान 164.03 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा गया और 15.58 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया।

### गन्ना पेराई कार्य की स्थिति

- वर्तमान में सभी चीनी मिलें अपने-अपने क्षेत्र में पेराई कार्य में सक्रिय हैं-
- एल.एच. चीनी मिल- 102.08 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा
- बरखेड़ा चीनी मिल- 34.95 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा
- बीसलपुर चीनी मिल- 13.32 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा
- पूरनपुर चीनी मिल- 13.68 लाख क्विंटल गन्ना खरीदा
- जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि सभी मिलें समयबद्ध तरीके से गन्ना मूल्य भुगतान कर रही हैं। किसी भी किसान को भुगतान में देरी नहीं होगी।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि गन्ना बेचने के लिए मिलों के निर्देशों का पालन करें, ताकि सत्र पूरी तरह से सफल हो सके।

# संदिग्ध परिस्थितियों में तेंदुए की मौत से मचा हड़कंप

## आबादी के पास गन्ने के खेत में मिला शव पोस्टमार्टम के लिए बरेली आईवीआरआइ भेजा गया



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र में जंगल से निकले तेंदुए की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने ग्रामीणों और प्रशासन में हड़कंप मचा दिया। तेंदुए का शव आबादी से सटे गन्ने के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया और पोस्टमार्टम के लिए बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआइ) भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के कई गांवों में बीते कुछ दिनों से तेंदुआ देखा जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि यह तेंदुआ कई बार आबादी के पास घूमता और लोगों पर हमले की कोशिश करता रहा। बीते तीन दिनों से यह तेंदुआ गांव पटिहन की आबादी के आसपास सक्रिय था, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया था। गुरुवार देर रात तेंदुआ नेतापुर की आबादी में भी घुस गया। वन विभाग की टीम उसकी निगरानी कर रही थी। शुक्रवार रात तेंदुआ श्रीनगर गौंटिया की आबादी से सटे गन्ने के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया।

### ग्रामीणों की सतर्कता से खुला मामला

शनिवार सुबह खेत में पड़े तेंदुए का शव देख ग्रामीणों ने तुरंत खुटार सामाजिक वानिकी विभाग को सूचना दी। रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया। रेंजर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तेंदुआ बीमार था और आबादी के निकट गन्ने के खेतों में लगातार मूवमेंट कर रहा था। वन विभाग की टीम उसकी निगरानी कर रही थी। तेंदुए के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरेली आईवीआरआइ भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

### वन विभाग की सतर्कता और भविष्य की योजनाएं

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि जंगल से निकले किसी भी जंगली जानवर को अकेले न छोड़ें और इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। विभाग ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुओं की गतिविधि पर नजर रखने के लिए निगरानी जारी है।

और आवश्यकतानुसार उन्हें जंगल में सुरक्षित तरीके से वापस छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों में फिलहाल थोड़ी राहत है, लेकिन तेंदुए की मौत और उसकी गतिविधियों ने इस क्षेत्र में जंगली जानवरों और मानव बसावट के बीच सुरक्षा की अहमियत को उजागर कर दिया है।

# गोमती नदी के उद्गम स्थल को संवारा जाएगा

## पीलीभीत के माधोटांडा में 56.88 करोड़ की लागत से होगा विकास, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने दी मंजूरी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जिले के माधोटांडा क्षेत्र में स्थित गोमती नदी के उद्गम स्थल को सजाने-संवारने और नदी के पुनर्जीवन की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। उद्गम स्थल के संरक्षण और विकास के लिए 56.88 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। उद्गम स्थल पर कराए जाने वाले विकास कार्यों के मॉडल फोटो भी जारी किए गए हैं। माधोटांडा के पास स्थित फुलहर झील से गोमती नदी का उद्गम होता है। यही से निकलकर गोमती नदी आगे चलकर लाखों लोगों के जीवन का आधार बनती है। उद्गम स्थल पर गोमती मैया का मंदिर सहित कई अन्य धार्मिक स्थल स्थित हैं। यहां तीन झीलें भी मौजूद हैं, लेकिन लंबे समय से संरक्षण के अभाव में गोमती नदी का जलस्तर और प्रवाह प्रभावित हो रहा था।

गोमती उद्गम स्थल के संरक्षण और नदी के पुनर्जीवन की मांग श्रद्धालुओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। पूर्व में कुछ विकास कार्य कराए गए, लेकिन उससे गोमती नदी की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो सका। श्रद्धालुओं की मांग को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाई। केंद्रीय टीम द्वारा स्थल का निरीक्षण और जांच किए जाने के बाद विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। इसके आधार पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने गोमती नदी के उद्गम स्थल के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 56.88 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण और अन्य आवश्यक विकास कार्य भी कराए जाएंगे, जिसकी अलग से कार्ययोजना जल्द तैयार की जाएगी।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने बीएलओ को सौंपे फॉर्म

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने शनिवार को तकिया दीनारपुर के 81 मतदेय स्थलों पर जाकर ग्रामीणों से मतदाता सूची के प्रारूप छह फार्म भरवाकर बीएलओ को सौंपे। इस अवसर पर कई ग्रामीणों ने फार्म भरकर जमा किए।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ ने अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पहुंचकर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई और नए मतदाताओं के फार्म भरे। इसमें भाग संख्या 79 व 80 (कम्पोजिट विद्यालय अमरैयाकलां), भाग संख्या 81 (प्राथमिक विद्यालय तकिया दीनारपुर), भाग संख्या 82 (प्राथमिक विद्यालय रुरिया सलेमपुर), भाग संख्या 78 (प्राथमिक विद्यालय खाता), भाग संख्या 76 व 77 (महादिया), भाग संख्या 83 व 84 (टांडा गुलाबराय), भाग संख्या 85 (नवदिया टोडर), भाग संख्या 86 (नौरंगाबाद) शामिल रहे। इस अवसर पर बीएलओ राजेश्वरी, उर्मिला देवी, शवीना नाज, रामनरेश, सर्वेश कुमार, पुष्पा देवी, राकेश सिंह, दुर्गा देवी, मथुरा प्रसाद आदि उपस्थित रहे। सुपरवाइजर सूर्यप्रकाश गंगवार, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, मो. फुरकान, मनोज कुमार, ऋषि सक्सेना, विपिन दीक्षित, आलोक अवस्थी आदि ने दावे और आपत्तियों का जायजा लिया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने विशेष रूप से नए मतदाताओं के फार्म भरवाने में सहयोग किया। इस मौके पर प्रधान हुकुम सिंह यादव, विचित्र सिंह, अजय पाल, रामनरेश, शिवम, रमन, आशाराम, उभन आदि मौजूद रहे।

# बैंक में बंधक जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा, अदालत के निर्देश पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव पकड़िया निवासी रामसिंह पुत्र मंगली प्रसाद ने बैंक में बंधक जमीन का धोखाधड़ी से बैनामा कराने और उसके बाद उत्पन्न समस्याओं को लेकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित की शिकायतों पर कोई कार्रवाई न होने के कारण मजबूर होकर उन्होंने अदालत का रुख किया, जिसके निर्देश पर पुलिस ने विक्रेता भानुप्रताप सिंह पुत्र बनवारी लाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। रामसिंह ने अदालत को बताया कि अप्रैल 2019 में उन्होंने तहसील बीसलपुर के गांव किशनपुर स्थित एक किता खेत (गाटा संख्या 722, रकवा 0.1945 हेक्टेयर) सहखातेदार भानुप्रताप सिंह से बैनामा के माध्यम से खरीदा। उन्होंने कहा कि उक्त भूमि पहले ही दिनांक 5-12-2013 को बैंक ऑफ इंडिया, ओड़ाझार, पीलीभीत में 4,39,230 रुपए में बंधक थी। इस बात की पूरी जानकारी विक्रेता भानुप्रताप को थी, फिर भी उन्होंने धोखाधड़ी करके भूमि को रामसिंह के नाम बैनामा कर दिया। नामांतरण के समय जब रामसिंह ने विक्रेता से बैंक लोन की अदायगी के संबंध में पूछा, तो भानुप्रताप ने जमा करने का आश्वासन दिया, लेकिन अभी तक लोन जमा नहीं किया गया। इसी कारण भूमि का नामांतरण भी नहीं हो सका। एक सप्ताह पूर्व जब रामसिंह ने लोन अदायगी के लिए भानुप्रताप से पूछा, तो उसने गाली-गलौज की और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इस धोखाधड़ी के कारण विक्रेता ने कुल 3,60,000 रुपए की धनराशि हड़प ली। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में दियोरिया पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर उन्होंने न्याय की गुहार लगाई। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस को निर्देश दिया कि वे तुरंत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू करें। थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि अदालत के निर्देश पर जमीन बिक्री में धोखाधड़ी के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके। पुलिस ने यह भी बताया कि जांच के दौरान आरोपी की संपत्ति, बैंक लेनदेन और बैनामों का विवरण जुटाया जा रहा है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की है कि भूमि खरीद-बिक्री में सावधानी बरतें और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी होने पर तुरंत शिकायत करें।

## मंडी पर किसानों ने फूंका डिप्टी आरएमओ का पुतला



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

किसानों की समस्याओं को लेकर शनिवार को मंडी समिति में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में किसान मंडी समिति पहुंचे और डिप्टी आरएमओ विजय शुक्ला का पुतला फूंक कर नारेबाजी की।किसानों का आरोप था कि मंडी समिति में लगभग एक माह से एक दर्जन किसानों का धान आरएफसी क्रय केन्द्रों पर पड़ा हुआ है, लेकिन लक्ष्य पूरा होने के कारण धान की खरीद बंद कर दी गई। किसानों ने कहा कि इस कारण उन्हें गहन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने पुतला जलाने के साथ धान भी जलाया और प्रशासन से तत्काल धान खरीद शुरू कराने की मांग की।

इस दौरान जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह, बलजीत सिंह, सर्वेश कुमार, रंजीत कुमार, महेन्द्र कुमार, सर्वेजीत सिंह और बलजिंदर सिंह समेत कई किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की और चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे और बड़ा प्रदर्शन करेंगे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन, जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश

## वीरांगना अवंतीबाई बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी-2026 के अंतर्गत शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में समापन समारोह आयोजित किया गया। परिवहन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज शामिल रहें। वहीं जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे। मुख्य उद्बोधन में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज को सुरक्षित और सुखद जीवन की दिशा में ले जाने वाला संदेश है। यह अभियान न केवल पीलीभीत में बल्कि पूरे प्रदेश और देश में चलाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराना केवल परिवहन विभाग, जिला प्रशासन या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सड़क दुर्घटना में केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है। विद्यार्थियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने माता-पिता और परिजनों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक करें। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि भले ही यह अभियान एक माह का था, लेकिन इसके संदेश को निरंतर अपनाना आवश्यक है। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि से जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों का उदाहरण लेते हुए यदि सभी लोग सड़क पर अनुशासन के साथ वाहन चलाएं, तो दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बच्चों को सड़क सुरक्षा का सबसे मजबूत माध्यम बताते हुए कहा कि वे भावनात्मक रूप से अपने परिवार को नियमों के पालन के लिए प्रेरित कर सकते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन ही सुरक्षा की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने बताया कि जनपद पीलीभीत को जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट के रूप में चिन्हित किया गया है। दुर्घटनाओं की रोकथाम और निगरानी के लिए थानावार पांच क्रिटिकल कॉरिडोर टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जितना सतर्क रहेगा और सुरक्षा उपायों का प्रयोग करेगा, वह उतना ही सुरक्षित रहेगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पूरे माह जन-जागरूकता अभियान, प्रवर्तन कार्रवाई, वाहन चालकों का प्रशिक्षण, स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण, जीरो फैटालिटी योजना, सड़क संरचना सुधार और आपातकालीन चिकित्सा सहायता जैसे विषयों पर व्यापक कार्य किया गया। मुख्य गतिविधियों में हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान के तहत पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट आने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई। स्कूल वाहनों की जाँच कर सुरक्षा मानकों की पुष्टि। ग्राम-ग्राम में सड़क सुरक्षा कार्यशालाएं आयोजित। छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसे खूब सराहा गया। राहवीर योजना के अंतर्गत जिले के प्रथम राहवीर के रूप में एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक इंतजार खां को सम्मानित किया गया। सड़क सुरक्षा माह में उत्कृष्ट योगदान देने वाली शिक्षिकाओं को रोड सेफ्टी चैंपियन के रूप में सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें भाषण, चित्रकला, रील और नुक्कड़ नाटक शामिल थें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण, नए मतदाताओं के नामांकन पर विशेष ध्यान

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को राजकीय ड्रमण्ड इण्टर कालेज और वीरागंना अवन्तीबाई इण्टर कालेज के मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ से सुबह से प्राप्त किए गए फॉर्म 6, 7 और 8 के आवेदन संबंधी जानकारी ली और विशेष रूप से 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के नामांकन पर जोर दिया।

जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि कोई भी युवा मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से न छूटे और सभी पात्र मतदाताओं को सही समय पर सूची में जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन करने की प्रक्रिया पारदर्शी और सुचारू रूप से पूरी होनी चाहिए, ताकि सभी नागरिक अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग कर सकें।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद, मरौरी ब्लाक और सदर तहसील में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नोटिस प्राप्त मतदाताओं की ए.ई.आर.ओ. द्वारा की जा रही सुनवाई प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अधिकारियों को हिदायत दी कि सुनवाई और नामांकन प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। निरीक्षण में ए.ई.आर.ओ., बीएलओ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि यह अभियान विशेष रूप से युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए चलाया गया है। उन्होंने बीएलओ और अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बूथों पर मतदाता सूची के अद्यतन और नए मतदाताओं के नामांकन में पूरी सावधानी बरतें और किसी भी योग्य नागरिक को नामांकन से वंचित न होने दें।

## 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक और अंत्योदय कार्डधारक अवश्य बनवाऐं अपना आयुष्मान कार्ड: डीएम

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिक एवं अंत्योदय राशनकार्डधारक आयुष्मान भारत योजना के पात्र हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रत्येक नागरिक का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला अस्पताल में आयुष्मान मित्र तैनात हैं, जो आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कर रहे हैं। लाभार्थी पुरुष जिला अस्पताल के कमरा नंबर 04 और महिला लाभार्थी कमरा नंबर 19 में अपना कार्ड बनवा सकते हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए आधार कार्ड और अंत्योदय राशनकार्डधारकों के लिए राशनकार्ड लाना अनिवार्य है। उन्होंने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर योजना का लाभ प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए

# 22 फरवरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में लगेगा मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

जन एक्सप्रेस। उरई




शहर के राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई परिसर में 22 फरवरी 2026 को एक मेगा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को न्यायिक सहायता के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। इस शिविर के माध्यम से जिले के जरूरतमंद नागरिकों को न्यायिक मार्गदर्शन और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। शनिवार को अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी सतीश चन्द्र द्विवेदी, सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी और अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेंद सिंह ने पत्रकारों को इस शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मेगा शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब, वंचित, महिला, वृद्ध, दिव्यांग और अन्य कमजोर वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना है। इससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकेंगे और न्याय से वंचित नहीं रहेंगे। नोडल अधिकारी ने जानकारी दी कि शिविर में निःशुल्क विधिक परामर्श, लंबित विवादों के समाधान और लोक अदालत से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। उन्होंने बताया कि शिविर में जनपद के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही पंजीकरण कर लाभान्वित किया जाएगा। इससे आम नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और उनके समय की भी बचत होगी। प्रेसवार्ता के दौरान नोडल अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे अपनी योजनाओं की अद्यतन सूची समयबद्ध रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं। यह सुनिश्चित करेगा कि शिविर को सुव्यवस्थित, सुचारु और अधिकतम जनोपयोगी बनाया जा सके।।आयोजकों ने आम जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।

### बीमारी के चलते हालत बिगड़ने से उपनिरीक्षक की मौत

जन एक्सप्रेस द्द उरई
उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर में शुगर की बीमारी से पीड़ित उपनिरीक्षक की हालत बिगड़ने से मौत हो गई। कानपुर देहात के ग्राम बेहमई निवासी 55 वर्षीय रामजी सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह शहर के मुहल्ला पटेल नगर ठड़ेश्वरी मंदिर के पास मकान बनाकर पत्नी मंदा देवी के साथ रहते थे। वह शुगर की बीमारी से पीड़ित थे और इलाज भी चल रहा था। जबकि शुगर के कारण ही उनका एक पैर भी कट गया था। बताया गया कि वह लखनऊ के हजरतगंज थाने में एसआई के पद पर तैनात थे, और बीमार होने के कारण अभी घर पर थे। पिछले साल उनके पुत्र की भी शुगर के कारण मौत हो चुकी है। शनिवार की सुबह रामजी सिंह की भी मौत हो गई। सूचना पर जेल चौकी प्रभारी अनिल सिंह मौके पहुंचे और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिले के समस्त मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची का वाचन सम्पन्न

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं पहुंचकर किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उरई



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 31 जनवरी 2026 को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का वाचन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची की पारदर्शिता सुनिश्चित करना तथा नागरिकों को अपने नाम, विवरण एवं संभावित त्रुटियों के सुधार के प्रति जागरूक करना रहा। मतदेय स्थलों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची को पढ़कर सुनाया गया, जिसे सुनने हेतु बड़ी संख्या में नागरिकगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। साथ ही मौके पर ही नागरिकों की सुविधा हेतु फॉर्म-6 (नया पंजीकरण), फॉर्म-7 (नाम विलोपन) एवं फॉर्म-8 (संशोधन) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए गए, जिससे पात्र व्यक्तियों को त्वरित आवेदन की सुविधा प्राप्त हुई। कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी एवं अनुश्रवण के लिए सभी ईआरओ/एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी लगातार भ्रमणशील रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने स्वयं उपस्थित रहकर टाउन हॉल उरई, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय नया पटेल नगर उरई, नगर पालिका परिषद उरई, शालिग्राम पाठक इंटर कॉलेज कौंच तथा कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज कौंच सहित विभिन्न मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं अद्यतनता सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए।उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने नाम की जांच अवश्य करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से समय रहते सुधार कराएं, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में कोई भी पात्र मतदाता मतदान से वंचित न रहे।

## श्रीमद् भागवत के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का हुआ वर्णन

जन एक्सप्रेस। जालौन

सिकरीराजा गांव में अमर सिंह भदौरिया के आवास पर आयोजित सासाहिक श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास गगन द्विवेदी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के प्रसंग का वर्णन किया। इस दौरान भक्तों 'नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की' के जयकारे लगाए। कथा के चौथे दिन भागवताचार्य गगन द्विवेदी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अधर्म, अन्याय और अत्याचार के विनाश तथा धर्म की स्थापना के लिए हुआ। जब पृथ्वी पर पाप बढ़ गया और साधु-संतों पर अत्याचार होने लगे, तब भगवान विष्णु ने देवकी के गर्भ से कृष्ण रूप में अवतार लिया। कारागार में जन्म लेकर भगवान ने यह संदेश दिया कि ईश्वर किसी भी परिस्थिति में भक्तों की रक्षा करते हैं। कथा व्यास ने कंस के अत्याचारों, देवकी और वासुदेव की पीड़ा और कारागार में हुए अलौकिक घटनाक्रम वर्णन कर कहा कि भगवान के जन्म के साथ ही कारागार के द्वार स्वयं खुल गए, पहरेदार निद्रा में चले गए और वासुदेव बालक कृष्ण को लेकर यमुना पार गोकुल पहुंचे। कृष्ण जन्म प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर पारीक्षित चंदन कुंवर, अमर सिंह भदौरिया, अर्चना, सुनीता, शशी, विनीता, मीना, विनीता, गिरेन्द्र सिंह, मोनू, गुड्डु, राजू, जीतू, पवन, दीपक, मोंटी, विक्की, सतेंद्र सिंह, गौरव, सौरव आदि रहे।

# बालू माफिया का कहर जारी: जालौन–हमीरपुर इछौरा जिटकरी सीमा पर गैंग का अवैध खनन, प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस। उरई



बेतवा नदी में अवैध बालू खनन का खेल जोरों पर है। स्वीकृत खंड हमीरपुर जिले के खदान संख्या 25/22 इछौरा जिटकरी से सटे जालौन क्षेत्र में माफिया गैंग हावी हो गया है। डिजियाना ग्रुप के संचालन में हैवी पोकलैंड मशीनों से नदी के बीच गड्ढे खोदकर ओवरलोड ट्रकों में मौरंग लोड की जा रही है, जिससे करोड़ों की सड़कें तबाह हो रही हैं और भूगर्भ जलस्तर तेजी से गिर रहा है। स्थानीय किसान चिंतित हैं कि इस तरह खनन चला तो खेती का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। डकोर कोतवाली क्षेत्र के टीकर गांव के पास हमीरपुर का खंड संचालक बेतवा की जलधारा में मशीनें चला रहा है। जालौन सीमा पार ओवरलोडिंग हो रही है, जिसका ठेका कुछ माफियाओं ने ले लिया है। वे खुद को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करीबी बताकर खनन करवा रहे हैं। एनजीटी नियमों और सरकारी मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ा दी जा रही हैं। नदी का प्राकृतिक आकार बिगड़ रहा है, जबकि जालौन और हमीरपुर प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि भूगर्भ जल पहले ही न्यूनतम स्तर पर पहुंच चुका है। अवैध खनन से नदी तट धंस रहे हैं और आने वाले वर्षों में सूखे का संकट गहरा सकता है। ओवरलोड ट्रकों से सड़कों का बुरा हाल है नेशनल हाईवे से लेकर ग्रामीण मार्ग तक गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लेकिन ग्रामीणों को भरोसा नहीं वे कहते हैं कि बार-बार वादे होते हैं, पर माफिया पर कोई अंकुश नहीं लगता। क्या इस बार भी खानापूर्ति होगी, या वास्तविक कार्रवाई। जिला खनिज अधिकारी सनी कौशल से फोन पर वार्तालाप करनी चाहिए तो फोन नहीं उठाया जनपद में अधिकारियों के यह आलम है कि फोन भी नही उठते हैं।

## ऑपरेशन के बाद तबीयत बिगड़ी, डॉक्टर पर रिपोर्ट दर्ज

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** हाइड्रोसील का ऑपरेशन करवाने के बाद युवक की तबीयत बिगड़ गई। लखनऊ में काफी इलाज करवाने के बाद उसकी जान बची। युवक ने हाइड्रोसील का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कररही है। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम बूढ़ा गांव निवासी अनूप सिंह पुत्र राम मोहन सिंह के अनुसार उसने उदरौली महोली सीतापुर के डॉक्टर एस के विश्वास से हाइड्रोसील का ऑपरेशन करवाया था। ऑपरेशन के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और डॉक्टर ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया। अनूप सिंह के अनुसार लखनऊ में उसकी एचआईवी जांच हुई जिसमें एचआईवी पाया गया। उसका इलाज में 20 लाख रुपया खर्च हुआ, तब उसकी जान बची। प्रभारी निरीक्षक पिहानी ने बताया आरोपी डाक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## भतीजे ने मां व चाचा के साथ मिलकर विधवा ताई को किया मरणासन्न, 3 लोगो पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। हरपालपुर



हरपालपुर थाना क्षेत्र के लमकन गांव में एक युवक ने अपनी मां और चाचा के साथ मिलकर विधवा ताई के साथ जमकर मारपीट की। आरोप है कि युवक ने लाठी से महिला के दोनों पैर तोड़ दिए। गंभीर रूप से घायल महिला का मेडिकल कॉलेज हरदोई में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़िता के भतीजे की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
सांडी थाना क्षेत्र के सादुल्लापुर गांव निवासी भरत शुक्ला ने शनिवार को हरपालपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी बुआ चंद्रा देवी पत्नी स्वर्गीय चंद्र प्रकाश दीक्षित लमकन गांव में अकेली रहती हैं और उनकी कोई संतान नहीं है। आरोप है कि करीब 15 दिन पूर्व चंद्रा देवी के घर से उनके देवर रामप्रकाश के पुत्र रोहित ने रुपये चोरी कर लिए थे। शुक्रवार शाम जब चंद्रा देवी ने चोरी के रुपये वापस मांगे तो रोहित आग-बबूला हो गया। आरोप है कि रोहित अपनी मां और चाचा अनूप के साथ मिलकर चंद्रा देवी के घर में घुस गया और लाठी-डंडों से बेतहाशा मारपीट की। मारपीट में महिला मरणासन्न हो गईं और रोहित ने लाठी से उनके पैर तोड़ दिए। घटना के बाद पड़ोसियों ने घायल महिला को सीएचसी हरपालपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पीड़िता का इलाज वहीं चल रहा है। भरत शुक्ला ने यह भी आरोप लगाया कि रोहित इससे पहले भी चंद्रा देवी के घर से अनाज चोरी कर चुका है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि तहरीर के आधार पर रोहित, उसकी मां और चाचा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल महिला के मेडिकल परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज के चिकित्साधिकारी को पत्र भेजा गया है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### इंडियावुड वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण में भारत की विकास गति को देगा नई ताकत

**आगरा।** 26 फरवरी से 2 मार्च 2026 तक बेंगलुरु स्थित बैंगलोर इंटरनेशनल एग्ज़ीबिशन सेंटर (बीआईईसी) एक बार फिर वैश्विक वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण उद्योग का केंद्र बनेगा, जब इंडियावुड2026 का आयोजन किया जाएगा।
नूर्नबर्गमेस्से इंडिया द्वारा आयोजित इस द्विवार्षिक प्रदर्शनी का यह 26वां संस्करण है, जो वुडवर्किंग, फर्नीचर उत्पादन और मैट्रेस निर्माण के लिए एक वैश्विक शिखर सम्मेलन के रूप में स्थापित हो चुका है। इस आयोजन को यूरोपीय वुडवर्किंग मशीनरी निर्माताओं के महासंघ का भी समर्थन प्राप्त है। अब तक के सबसे बड़े संस्करण के रूप में इंडियावुड 2026 में 50 से अधिक देशों के 1,000 से ज्यादा ब्रांड्स भाग लेंगे। लगभग 90,000 उद्योग पेशेवरों की उपस्थिति और 85,000 वर्ग मीटर में फैली प्रदर्शनी के साथ यह संस्करण पिछले आयोजन की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। भागीदारी का यह स्तर भारत की विनिर्माण क्षमताओं में बढ़ते वैश्विक भरोसे को रेखांकित करता है और विकसित भारत के विज़न के अनुरूप उन्नत विनिर्माण, निर्यात और वैश्विक एकीकरण को मजबूती देता है।

## फार्म 6 भरकर कर छूटे मतदाता अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल करा सकते है: डीएम




जन एक्सप्रेस।

निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान के अन्तर्गत इंग्लिस मीडियम जूनियर हाई स्कूल टोडरपुर के प्रागंण विशेष अभियान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित ग्रामवासियों से वार्ता करते हुए कहा कि जो लोग बाहर रहते है या किसी ग्रामवासी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तथा नव विवाहित महिलाओं एवं 18 वर्ष के ऊपर से सभी लोग फार्म 6 भरकर कर आज ही बीएलओ के पास जमाकर अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल करा सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में छूटने न पाये। उन्होने कहा कि बीएलओ द्वारा गांव मतदाताओं के नाम पढ़कर बताये जायेगें और जिस व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट नहीं होगा, उसका फार्म 6 भराकर उसका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जायेगा। इससे पहले डीएम ने भोजन कर रहे विद्यालय के बच्चों से मिड् डे मील के बारे में जानकारी ली तथा प्रधानाचार्य को बच्चों को गुणवत्ता परक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस अवसर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी,एसडीएम शाहाबाद, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, बीएलओ एवं भारी संख्या में ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

## ओबीसी महासभा व अंबेडकर समिति ने जातिगत गणना की मांग को लेकर किया प्रदर्शन



**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** ओबीसी महासभा अंबेडकर सेवा समिति ने संयुक्त रूप से जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर शनिवार को दोपहर अंबेडकर पार्क में एकत्रित होकर प्रमुख मार्गों पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंप कर जातिगत जनगणना कराने और यूजीसी लागू करने की मांग की। ओबीसी महासभा के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश शर्मा के नेतृत्व में ओबीसी के अतिरिक्त एससी एसटी वर्ग के लोग बड़ी संख्या में अंबेडकर पार्क में एकत्रित हुए। यहां से एक जुलूस में नारेबाजी करते हुए डाक बंगले के सामने से ब्लाक चौराहा होते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां पर नारेबाजी करते हुए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया पिछले सात वर्षों से ओबीसी महासभा जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार ज्ञापन दे रही है। उसके बाद भी जनगणना प्रपत्रों में ओबीसी का कॉलम नहीं जोड़ा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि अगर ऐसा नहीं होता है तो संगठन मजबूरन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर सभासद आदित्य गौतम, नरवेश कुमार, राजकुमार जिंदल, जितेंद्र कुशवाहा, प्रमोद कुमार, जगजीत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 31 जनशिकायतें



जन एक्सप्रेस। हरदोई

हरदोई।कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 31 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष के कोल्ड स्टोरेज से 800 बोरी धान चोरी,8 लाख का नुकसान

जन एक्सप्रेस। सांडी



साण्डी कस्बे में स्थित पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व भाजपा नेता दिनेश चंद्र गुप्ता के साण्डी कोल्ड स्टोरेज परिसर से धान की बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने कोल्ड स्टोरेज कैंपस में लगे धान के चट्टे को निशाना बनाते हुए लगभग 700 से 800 बोरी धान चोरी कर लिया। इस चोरी से करीब 8 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।
बताया गया है कि साण्डी कस्बे के नवाबगंज निवासी दिनेश चंद्र गुप्ता का मुख्य मार्ग पर साण्डी कोल्ड स्टोरेज स्थित है, जिसका संचालन उनके छोटे पुत्र अंशुल गुप्ता द्वारा किया जाता है। कोल्ड स्टोरेज में जहां आलू का भंडारण होता है, वहीं बगल में स्थित राइस मिल में धान की कुटाई भी की जाती है। इसी कारण कोल्ड स्टोर की उत्तरी दीवार के पास धान की कातिया का चट्टा लगाया गया था।शनिवार सुबह जब मजदूर चट्टा हटाने पहुंचे, तो पीछे की साइड से 700-800 बोरी धान गायब मिली। घटना की जानकारी मिलते ही कोल्ड स्टोरेज में हड़कंप मच गया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।सूचना पर पहुंची साण्डी पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। थाने में दी गई तहरीर में चोरी गई बोरियों की कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई गई है। थाना प्रभारी बसंत राम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और किसानों में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता का माहौल है।

## धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव




जन एक्सप्रेस। शाहाबाद

उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरिया पुरवा में विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया7 कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय में आये अतिथि गणों के स्वागत से हुआ7 सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों की 100 मीटर व 200 मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमे छवि कक्षा 7 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में बच्चों ने हम होंगे कामयाब एक दिन नामक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इसी श्रृंखला में प्रधान मुनेन्द्र कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश को शिक्षा के मामले में निपुण बनाने की मुहिम चलाई जा रही है इसमें हम सबको सहयोग देना चाहिए। कार्यक्रम में पूनम अवस्थी सहायक अध्यापक, सिद्धार्थ कुमार सहायक अध्यापक, उदय कुमार आर्य, शिप्रा, अनंत राम, राम सेवक आदि अन्य अतिथि गण उपस्थित रहे।

# ठूठीबारी थाने का वार्षिक निरीक्षण : एसपी की सख्ती से मचा हड़कंप

- हूटर हॉर्न और आरो प्लांट मामले में थानाध्यक्ष को लगाई कड़ी फटकार
- चौकीदारों की बैठक में उपहार न मिलने पर कप्तान का दिखा सख्त तेवर

जन एक्सप्रेस । महराजगंज




जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने शनिवार को ठूठीबारी कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की। इस मौके पर कोतवाली पुलिस द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय, मालखाना सीसीटीएनएस कक्ष, बैरक भोजनालय, आवास, महिला हेल्प डेस्क, डे रजिस्टर, अपराध रजिस्टर तथा शस्त्रागार से निकाले गए आर्म्स, आबनिशन व हथकड़ियों का बारीकी से परीक्षण किया। एसपी ने बैरकों में स्वच्छता, वाहनों को डंपिंग यार्ड में सुव्यवस्थित रखने और सभी सीसीटीवी कैमरों के सुचारू संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि थाने में आने वाले हर फरियादी की समस्या का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। महिला हेल्प डेस्क व महिला बीट अभिलेखों की विशेष समीक्षा करते हुए मामलों के शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए गए। एसपी ने कहा कि इंडो-नेपाल की खुली सीमा सुरक्षा बलों के लिए चुनौती है, जिस पर लगातार काम किया जा रहा है। पगडंडी रास्तों पर मोबाइल पेट्रोलिंग, संवेदनशील नाकों पर सीसी कैमरे तथा पुलिस-एसएसबी के समन्वय से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। निरीक्षण के क्रम में पुलिस वाहनों में उपयोग होने वाले हूटर हॉर्न मालखाने के अंदर रखे पाए गए। इस पर एसपी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए थानाध्यक्ष को सख्त नसीहत और चेतावनी दी। वहीं मालखाने से बाहर निकलते ही फरियादियों के लिए लगाए गए आरो प्लांट को देखकर भी कप्तान साहब ने तीखी फटकार लगाई और मूलभूत सुविधाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके बाद थाना क्षेत्र के चौकीदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के उपरांत परंपरानुसार उपहार स्वरूप टॉर्च और साफा और कंबल दिया जाना था, लेकिन जैसे ही एसपी ने कुर्सी संभाली और देखा कि उपहार मौजूद नहीं हैं, उनका रुख सख्त हो गया। थानाध्यक्ष नवनीत नगर को सख्त तेवर दिखाते हुए एसपी बिना रुके अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। एसपी के निरीक्षण से स्पष्ट संदेश गया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और थानों में अनुशासन व जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर एसआई बृजेश पांडेय , रमेश पूरी, दिनेश सिंह यादव, विक्की शाह, लालचंद वर्मा, लक्ष्मीपुर चौकी इंचार्ज मनीष पटेल, महिला एसआई खुश्बू सहित समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

# मनरेगा में भारी अनियमितता का आरोप, जांच की मांग

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जिले में मनरेगा कार्यों में व्यापक भ्रष्टाचार का आरोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। ब्लाकों में शिकायतों का पुलिंदा लेकर लोग अपनी शिकायतों को ब्लाक से लेकर मुख्यालय तक जिम्मेदारों के चौखट पर दस्तक देना बदस्तूर जारी है। ताजा मामला निचलौल विकासखंड के ग्राम पंचायत ठूठीबारी में मनरेगा योजना के तहत कराए गए चकबंध कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। पंचायत सदस्य उमाकांत पाण्डेय ने खंड विकास अधिकारी को दिए पत्र में बताया कि स्वीकृत नरेश के खेत से लेकर झरही नदी तक चकबंद कार्य अन्य संसाधन प्रयोग कर नियम के विरुद्ध कराया गया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) कार्यों में न तो निर्धारित मानक के अनुरूप खुदाई कराई गई और न ही कार्यस्थल पर मजदूरों की वास्तविक उपस्थिति रही। इसके बावजूद सरकारी अभिलेखों में कार्य को पूर्ण दर्शाते हुए आईडी व मस्टर रोल के माध्यम से धनराशि का दुरुपयोग किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जिन स्थानों पर चकबंद कार्य दिखाया गया है, वहां आज भी पूर्व की स्थिति जस की तस बनी हुई है, जबकि कागज़ों में लाखों रुपये खर्च होना दर्शाया गया है। यह भी कहा गया है कि कार्यों में माप पुस्तिका (एमबी) और तकनीकी स्वीकृति के नियमों की खुलेआम अनदेखी की गई। इस प्रकार की अनियमितताओं से न केवल सरकारी धन की क्षति हो रही है, बल्कि मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायतकर्ता एवं पंचायत प्रतिनिधि ने संबंधित विभाग के अधिकारी से स्थलीय सत्यापन, तकनीकी जांच और वित्तीय ऑडिट कराया जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जन एक्सप्रेस के संवाददाता ने निचलौल के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शमा सिंह से संपर्क किया, तो उन्होंने इस मामले में एडीओ पंचायत से बात करने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ ली। इसके बाद संवाददाता ने निचलौल के एडीओ पंचायत विनय कुमार पाण्डेय से मोबाइल फोन पर बातचीत की, तो उन्होंने शिकायत और जांच से पूरी तरह अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि हमें कोई जानकारी नहीं है और एपीओ से बात करने की सलाह दे दी। जब संवाददाता ने एपीओ शिवेंद्र सूर्यवंशी से संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि वह सरकारी कार्य से महराजगंज में हैं। शिकायतकर्ता की शिकायत के संबंध में उन्होंने कहा कि इस मामले को अब सोमवार को ही देखा जाएगा। ऐसे में पूरा मामला विभागीय अधिकारियों की टालमटोल और जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति को उजागर करता है, जिससे शिकायतकर्ता न्याय की आस में भटकने को मजबूर हो गया है।

# सीडीओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण, फार्मासिस्ट को फटकार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में शनिवार को जनस्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपालनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं पैथोलॉजी व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। सीडीओ ने निरीक्षण के समय उपस्थिति रजिस्टर पर मनोज कुमार पांडे फार्मासिस्ट की उपस्थिति दर्ज न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की जिस पर डा. सुरेश कुमार एमओ द्वारा बताया गया कि वर्कलोड अधिक होने के कारण इनको सीएचसी पिरथीगंज पर गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार पर ड्यूटी लगाई गई है। दवा कक्ष वार्ड में साफ सफाई तथा गंदगी पाये जाने पर फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाई और चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र साफ सफाई एवं खिड़कियों को कवर कराने एवं स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिये गये। पैथालाजी कक्ष में अनिल कुमार एलटी से सभी प्रकार की जाँच की जानकारी मॉगी जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि कुल 35 प्रकार की जाँच होती है मरीजों के जॉच की रिर्पोट मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से देने के निर्देश देते हुये सीडीओ ने पैथोलॉजी व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त किया। जन औषधि केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उपस्थित मो. सुहेल द्वारा दवा की उपलब्धता आदि की जानकारी मांगने पर संतोष जनक जबाब न दे पाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कक्ष की साफ सफाई, दवा का रख रखाव सही कराने का निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए. एन. प्रसाद भी उपस्थित रहे।

# थाना बाघराय पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कुंडा प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बाघराय पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना बाघराय के उपनिरीक्षक रमेश सिंह यादव और कांस्टेबल सौरभ शर्मा ने क्षेत्र में गश्त और वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान वाद संख्या-97/25 धारा 147 बीएनएसएस से संबंधित अभियुक्त इन्द्रजीत, पुत्र स्व. कल्लू, निवासी कोर्रही तुलवापुर, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की उम्र लगभग 52 वर्ष है।पुलिस टीम ने इस गिरफ्तारी को अभियान की बड़ी सफलता बताया है। अभियुक्त को पकड़कर आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्ती का संदेश गया है।

# सड़क सुरक्षा बैठक में डीएम का सख्त रुख, एनएच पीडब्ल्यूडी पर भड़के

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की प्रमुख सड़कों की स्थिति, दुर्घटना संभावित स्थलों (ब्लैक स्पॉट) के निस्तारण तथा यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन पर गहन चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने महराजगंज-ठूठीबारी राजमार्ग के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर कड़ा असंतोष व्यक्त करते हुए एनएच पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली को असंतोषजनक बताया। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित एवं अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। साथ ही अधिशासी अभियंता, एनएच पीडब्ल्यूडी को फरवरी माह में प्रस्तावित दिशा बैठक से पूर्व अद्यतन प्रगति रिपोर्ट सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिशासी अभियंता के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी करने का भी आदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने गोरखपुर-सोनौली मार्ग की धीमी प्रगति पर भी गहरी नाराज़गी जताई। उन्होंने महराजगंज-परतावल मार्ग पर सड़कों के किनारे तत्काल व्हाइट पेंटिंग कराने तथा परतावल-पनियरा मार्ग पर सड़क किनारे मौजूद गड्ढों की शीघ्र भराई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्र वाहन चलाकर विद्यालय न आएं तथा बिना हेलमेट किसी भी छात्र को विद्यालय परिसर में प्रवेश न दिया जाए। पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया व फरेंद्र विधायक बीरेंद्र चौधरी ने सड़कों पर आवश्यक संकेतक लगवाने हेतु विधायक निधि से धन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया है। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। एआरटीओ ने 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान किए गए प्रवर्तन कार्यों की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, आरटीओ मनोज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, मा0 सांसद प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने साइबर ठग को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में शनिवार को साइबर थाने के प्रभारी दिवाकर सिंह व उनकी पुलिस टीम ने ऑनलाइन गेमिंग, ट्रेडिंग एवं लोन एप के माध्यम से ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते वर्ष जुलाई माह में आरोपी के साथियों ने जेठवारा थाना इलाके के एक दुकानदार को लोन दिलाने के नाम पर उसका एटीएम व पासबुक लेकर ठगी की थी। जिस मामले में साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही जेल भेज चुकी है। एसपी दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में जांच के क्रम में प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना दिवाकर सिंह व निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त पंकज कुमार अग्रहरि को जौनपुर जिले की नगर कोतवाली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी सिद्धार्थ नगर जिले का रहने वाला है। आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन, सिम, चार डेबिट कार्ड व दो पैनकार्ड बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि अंकित पाल जो पहले इस मुकदमे में पकड़ा गया था वह मेरा दोस्त है । तथा आशीष श्रीवास्तव आलम बाग लखनऊ व अन्य साथियों की मदद से हम लोग सीधे साधे लोगो को बहला फुसलाकर धोखाधड़ी से उनके आई0डी0 पर खाता खुलवाकर तथा उन खातो पर अन्य व्यक्तियों के नाम से रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर को लिंक कराकर सिम तथा खाते से प्राप्त किट को ले लेते है । जिसका उपयोग साइबर अपराधियों को कोरियर के माध्यम से राजेश कुमार पटना बिहार, शकील उर्फ रौकी गुवाहाटी असम को भेज देते है । जिसमें हमलोग गेमिंग एप, ट्रेडिंग एप तथा लोन एप के जरिये साइबर फ्राड करके उन खातो में पैसे मंगाते है तथा उन पैसे को निकाल कर आपस में बाट लेते है। वर्तमान समय में मेरे इस काम में बस्ती निवासी सूरज यादव उसका सहयोग करता है तथा कुछ लोगो के एटीएम व बैंक पासबुक मै सूरज के पास भेज देता हूँ। जैसे ही उन बैंक खातों में फ्राड की धनराशि आती है तो मै सूरज को व्हाट्सएप मैसेज या काल करके बता देता हूँ वह धनराशि को एटीएम के माध्यम से निकाल लेता है और अपने खाते में जमा करके, मै जो भी बैंक अकाउन्ट प्रोवाइड करवाता हूँ उसमें पैसे डाल देता है और फ्राड से निकाली गई धनराशि को मेरे बताये अनुसार मेरे बैंक के क्यूआर कोड या बैंक खाते में भी भेज देता है। इसके बाद मै इस प्रकार के सभी मैसेजो को अपने मोबाइल से अपने बचाव के लिये डिलीट कर देता हूँ। साइबर थाना प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है।

# थाना बाघराय पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कुंडा प्रतापगढ़

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशानुसार अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बाघराय पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना बाघराय के उपनिरीक्षक रमेश सिंह यादव और कांस्टेबल सौरभ शर्मा ने क्षेत्र में गश्त और वांछित अभियुक्तों की तलाश के दौरान वाद संख्या-97/25 धारा 147 बीएनएसएस से संबंधित अभियुक्त इन्द्रजीत, पुत्र स्व. कल्लू, निवासी कोर्रही तुलवापुर, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की उम्र लगभग 52 वर्ष है।पुलिस टीम ने इस गिरफ्तारी को अभियान की बड़ी सफलता बताया है। अभियुक्त को पकड़कर आगे की विधिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत बूथों पर आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गयी

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में शनिवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 ( एसआईआर ) कार्यक्रम के अन्तर्गत आलेख्य मतदाता सूची प्रकाशन सभी बूथों पर किया गया। नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र तिवारी की उपस्थिति में प्रतापगढ़- 248 के बूथ सगरा, चकबनतोड़, सराय खांडेराय आदि बूथों पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गई। नायब तहसीलदार ने सभी स्थानीय लोगों से अपील करते हुये कहा कि जो भी नागरिक 18 साल के हो गए हैं वे सभी लोग फार्म-6 एवं घोषणा पत्र भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराए, यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार का संशोधन है तो उसे आवश्यक करवा ले। सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा ने कहा की सभी बीएलओ यह सुनिश्चित कर लें कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए, सभी मतदाता अपना नाम सूची में अवश्य सम्मिलित कराए। इस अवसर पर बी.आर.सी. अरविंद, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, बीएलओ आशीष, मधु मिश्रा एवं हरिशंकर आदि उपस्थित रहे। विशेष अभियान तिथि में प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में यदि कही कोई कमी रह गई है तो उस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की गयी।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 15 फरवरी तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में शनिवार को सहायक श्रम आयुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया है कि उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव प्रयागराज की प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की पूर्व में अन्तिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गयी थी जिसे संशोधित करते हुये आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गयी है। इस तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। उन्होने बताया है कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे, कोरोना काल में निराश्रित हुये बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के बच्चे प्रवेश हेतु पात्र है। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्रों का वितरण जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपायुक्त मनरेगा कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय एवं तहसील स्तरीय श्रम कार्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है। अटल आवासीय विद्यालय सीबीएसई से सम्बद्ध सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय है जिसमें गुणवत्तापूरक शिक्षा, डिजिटल बोर्ड, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, स्टेशनरी, स्कूल, ड्रेस, भोजन तथा बालक एवं बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक छात्रावास की निःशुल्क व्यवस्था है।

# पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले की हथिगवां थाने की पुलिस ने गौवध अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम व गैंगस्टर जैसे गंभीर मामलों में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना हथिगवां प्रभारी सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसआई प्रिन्स तिवारी व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कमलेश सरोज पुत्र जगन्नाथ सरोज को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त कमलेश सरोज थाना इलाके के परसीपुर गांव का रहने वाला है। इसके विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# कोहड़ौर–चंदौका मार्ग अपनी दुर्दशा पर बहा रहा आंसू, जनप्रतिनिधियों का प्रयास महज कागजों तक सिमटा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर से कांधरपुर व चंदौका होते हुए अमेठी जिले को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क इन दिनों बुरी तरह जर्जर व बदहाल हो चुकी है। इस सड़क को लेकर क्षेत्रीय लोग जनप्रतिनिधियों की चौखट पर फरियाद कर करके थक चुके हैं। हालांकि सड़क को लेकर सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य लगातार आश्वासन देते चले आ रहे हैं। लेकिन जनता का कहना है कि कार्रवाई महज कागजों तक सिमट कर रह गई है। बता दें कि इसी रास्ते रोजाना लगभग आधा दर्जन स्कूलों के हजारों की संख्या में बच्चों का आवागमन होता है साथ ही दर्जनों गांवों के क्षेत्रीय लोगों के साथ ही गैर जनपद के राहगीरों का भी आवागमन लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क में जगह जगह गढ्ढे हैं और धूल उड़ रही है। पगडण्डी में तब्दील हो चुकी सड़क की खराब हालत के कारण दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को रोजाना जोखिम उठाकर गुजरना पड़ रहा है। यह सड़क क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन इसकी अनदेखी से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सदर विधायक द्वारा आश्वासन बराबर मिल रहा है लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है ताकि आवागमन सुचारू हो सके और संभावित दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इलाके के श्री प्रकाश उर्फ दुबऊ, राजेन्द्र पाठक, राकेश तिवारी, राजेन्द्र शुक्ल, उमेश तिवारी, अजीत दूबे, गुड्डु दूबे समेत लोगों का कहना है कि कभी टेंडर तो कभी बजट के फेर में मामला चलता रहता है लेकिन कोई काम धरातल पर नहीं दिख रहा है। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से महज आश्वासन मिलता है बाकी सालों से हम लोग इस जर्जर सड़क से आवागमन को मजबूर हैं।

# शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

## जौनपुर में एक करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार






**एसटीएफ व पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना सिकरारा पुलिस एवं एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक डीसीएम वाहन से 435 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ0 कौस्तुभ द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सिकरारा उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस व एसटीएफ टीम ने आयुष्मान आरोग्य उपकेंद्र सिकरारा के पास वाहन संख्या यू06एक्स6696 (आईसर डीसीएम) को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से राजधानी व्हिस्की 750 एमएल की कुल 5220 बोतलें, कुल मात्रा लगभग 3915 लीटर, बरामद की गई। मौके से दो अभियुक्त पंकज पाल उर्फ टिटू निवासी मुरादाबाद तथा प्रिन्स श्रीवास्तव उर्फ सिंटू निवासी वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना सिकरारा में मु.अ.सं. 38/26 अंतर्गत बीएनएस की सुसंगत धाराओं एवं आबकारी अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना सिकरारा पुलिस व एसटीएफ प्रयागराज की संयुक्त टीम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी है।

# जौनपुर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन कार्यालय में बवाल, मारपीट के बाद पलटा मामला, एक्सईएन ने लेखाधिकारी पर दर्ज कराई एफआईआर

**वेतन बिल पर हस्ताक्षर को लेकर उपजा विवाद, जातिसूचक गाली व धमकी का आरोप, दोतरफा मुकदमों से मचा हड़कंप**




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रान्तीय खंड कार्यालय में शुक्रवार को हुई मारपीट की घटना ने अब नया और सनसनीखेज मोड़ ले लिया है। जहां एक ओर वरिष्ठ खंडीय लेखाधिकारी राममिलन यादव ने एक्सईएन कार्यालय में ठेकेदारों द्वारा पिटाई किए जाने का आरोप लगाते हुए अभियंता और कथित विधायक प्रतिनिधियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, वहीं अब अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) राजेंद्र कुमार ने लेखाधिकारी के खिलाफ लाइन बाजार थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। इस दोतरफा कार्रवाई से विभागीय और प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

### वेतन बिल बना विवाद की जड़

एक्सईएन राजेंद्र कुमार द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 30 जनवरी 2026 को दोपहर करीब दो बजे वह माननीय जिला जज की बैठक में शामिल होकर कार्यालय पहुंचे थे। उस समय कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन बिलों पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया चल रही थी। पूर्व में जारी विभागीय आदेश के तहत एक सहायक अभियंता, दो अवर अभियंता और एक वरिष्ठ सहायक का वेतन रोके जाने का निर्देश था, जिस पर एक्सईएन ने नियमानुसार हस्ताक्षर कर दिए। इसी क्रम में वरिष्ठ खंडीय लेखाधिकारी राममिलन यादव का भी एक दिन का वेतन रोके जाने का आदेश था, लेकिन उनके वेतन बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए गए थे। जब इस विषय में उनसे जानकारी ली गई तो उन्होंने पूरे माह का वेतन आहरित कराने की मांग शुरू कर दी।

### बातचीत से बढ़ा विवाद

एक्सईएन का आरोप है कि उन्होंने लेखाधिकारी से स्पष्ट कहा कि जब तक एक दिन का अवकाश स्वीकृत नहीं हो जाता, तब तक शेष दिनों का वेतन लिया जा सकता है और उसी के अनुसार बिल पर हस्ताक्षर कर दिए जाएं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते तीखे विवाद में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान वरिष्ठ खंडीय लेखाधिकारी ने आपा खोते हुए एक्सईएन के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। इतना ही नहीं, जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। मौके पर मौजूद कार्यालय कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला।

### एक्सईएन ने दर्ज कराई एफआईआर

घटना से आहत एक्सईएन राजेंद्र कुमार ने लाइन बाजार थाने में तहरीर देकर लेखाधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। तहरीर में जातिसूचक गाली, मानसिक उत्पीड़न और धमकी का उल्लेख किया गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर कानूनी परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### पहले पिटाई का आरोप, अब पलटा मामला

उधर, वरिष्ठ खंडीय लेखाधिकारी राममिलन यादव इससे पहले मीडिया और पुलिस को दिए बयान में आरोप लगा चुके हैं कि एक्सईएन के चैंबर में कुछ ठेकेदारों ने उन्हें कमरे में बंद कर लात-घूंसों से पीटा।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि इस पूरी घटना के पीछे सत्ता पक्ष के एक विधायक के करीबी लोगों की भूमिका है और उन पर गलत तरीके से साइन कराने का दबाव बनाया जा रहा था। लेखाधिकारी की तहरीर पर अभियंता समेत सत्ता पक्ष के दो विधायकों के कथित प्रतिनिधियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

ऐसे में अब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए हैं।

### पुराना बताया जा रहा विवाद

सूत्रों के अनुसार, लेखाधिकारी और विभागीय अधिकारियों व ठेकेदारों के बीच विवाद नया नहीं है। बताया जा रहा है कि यह विवाद पिछले एक वर्ष से चला आ रहा है। ठेकेदारों की शिकायत पर शाहगंज विधायक द्वारा शासन स्तर पर जांच की मांग भी की गई थी। हालांकि जांच तो नहीं हुई, लेकिन लेखाधिकारी का तबादला कर दिया गया था, जिसे बाद में उन्होंने उच्च न्यायालय से स्थगित करा लिया।

### राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में चर्चा

इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर विभागीय तंत्र, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच टकराव को उजागर कर दिया है। जिले के राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में इस प्रकरण को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। कोई इसे सत्ता पक्ष के भीतर खींचतान से जोड़ रहा है, तो कोई इसे विभागीय भ्रष्टाचार और दबाव की लड़ाई बता रहा है।

### पुलिस जांच जारी

फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए जाएंगे और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। पीडब्ल्यूडी कार्यालय में हुई इस घटना ने न सिर्फ विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि जिले में इसे चर्चा का बड़ा विषय बना दिया।

# एडीओ पंचायत ने बदलापुर में लिखी विकास की नई इबारत: डॉ.प्रदीप

जन एक्सप्रेस। बदलापुर



शनिवार को ब्लाक सभागार में एक भावुक और गरिमामयी समारोह के बीच निवर्तमान सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम अवध को भावभीनी विदाई दी गई।

उनके सेवानिवृत्ति होने पर आयोजित इस विदाई समारोह में ब्लॉक के कर्मचारी, ग्राम प्रधान और सफाईकर्मियों ने उन्हें याद करते हुए उनके कार्यकाल को अनुकरणीय बताया। विदाई समारोह में बोलते हुए उत्तरप्रदेश ग्रामपंचायत अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम अवध का कार्यकाल सिर्फ सरकारी फाइलों का निस्तारण नहीं, बल्कि विकास की नई इबारत लिखने जैसा रहा है। उन्होंने सरकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में जो निष्ठा और कर्मठता दिखाई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

'बिछड़न का यह पल, स्मृतियों में सदा महकेगा। इस भाव को व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ सिंह ने अपने विदाई भाषण में कहा, यह विदाई नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत है। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि निवर्तमान सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम अवध ने कहा कि ब्लॉक के सभी कर्मचारियों और जन-प्रतिनिधियों ने मुझे जो सहयोग दिया, मैं उसे कभी नहीं भूल पाऊँगा। यहाँ बिताया गया हर दिन मेरे जीवन की अमूल्य निधि है। यह कहते हुए वह भावुक हो गए। समारोह को खण्ड विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद द्विवेदी, ग्राम प्रधान महमूदपुर संजय सिंह तथा पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख ओंकारनाथ मिश्रा ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रधान संघ, ग्रामपंचायत अधिकारी संघ,ग्राम विकास अधिकारी संघ तथा सफाई कर्मचारी संघ ने सहायक विकास अधिकारी पंचायत राम अवध को शॉल, स्मृति चिन्ह और बुके भेंटकर सम्मानित किया। सभागार में उपस्थित सभी कर्मियों ने नम आँखों से विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। समारोह का संचालन सहायक विकास अधिकारी आनन्द मिश्रा ने तथा आगन्तुको के प्रति आभार सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह ने व्यक्त किया। इस मौके पर सचिव दुर्गेश तिवारी, सचिव विनय यादव, सचिव पूजा सोनी, सचिव अजय रजक, सचिव रूही धूरिया, सचिव अनूप सिंह, सचिव रणजीत सिंह, प्रधान महदा रवि मौर्या, सचिव श्रीपति मौर्य, सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष ज्ञानानंद सरोज, संदीप तिवारी, आशीष सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## जौनपुर पुलिस के तीन जांबाज़ कर्मी सेवानिवृत्त, एसपी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर में शनिवार को पुलिस विभाग के तीन अनुभवी व कर्तव्यनिष्ठ कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरांत उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी चालक एवं कर्मशाला कर्मचारी ने पुलिस सेवा से विदाई ली। पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जौनपुर ने सेवानिवृत्त कर्मियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल, सुखमय एवं समृद्ध भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में उनके द्वारा दी गई सेवाएं सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगी। सेवानिवृत्त होने वालों में उपनिरीक्षक प्रेमशंकर द्विवेदी, मुख्य आरक्षी चालक दिवान मुजतबा खां तथा कर्मशाला कर्मचारी सुरेश कुमार मिश्र शामिल हैं। तीनों कर्मियों ने अपने सम्पूर्ण सेवाकाल में निष्ठा, अनुशासन एवं लगन के साथ कर्तव्यों का निर्वहन किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्यूटी पार्लर में घुसकर महिला से अभद्रता, वीडियो बनाने का आरोप

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई, एसपी से लगाई गुहार**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मछलीशहर थाना क्षेत्र में एक ब्यूटी पार्लर संचालिका के साथ अभद्रता, मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शिकायत के बावजूद स्थानीय पुलिस ने न तो मेडिकल कराया और न ही मुकदमा दर्ज किया। अब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता फातमा पत्नी शाहरूख शाह का कहना है कि 30 जनवरी को दोपहर करीब 12 बजे शादीगंज निवासी सूर्या मौर्य उर्फ पप्पू मौर्य अपने कुछ साथियों के साथ सरकारी अस्पताल के सामने स्थित उनके ब्यूटी पार्लर में जबरन घुस आया। आरोप है कि युवक पार्लर के अंदर वीडियो बनाने लगा। मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी गई और धक्का-मुक्की करते हुए महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल मछलीशहर पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। पीड़िता का कहना है कि न तो मेडिकल परीक्षण कराया गया और न ही प्राथमिकी दर्ज की गई, जिससे वह और उसका परिवार भय के माहौल में जीने को मजबूर है। अंततः पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिला सुरक्षा को लेकर एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## बसपा के मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में चुनावों के लिये बनी रणनीति



जन एक्सप्रेस। बस्ती

शनिवार को बहुजन समाज पार्टी का मण्डल स्तरीय कार्यकर्ता समीक्षा बैठक प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बसपा जिलाध्यक्ष जयहिन्द गौतम ने बताया कि कार्यकर्ता बैठक में बूथ स्तर की तैयारियों, एसआईआर, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और आगामी विधानसभा चुनाव आदि पर गहन विचार विमर्श किया गया। कार्यकर्ता समीक्षा बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुये मुख्य मण्डल प्रभारी बस्ती, मण्डल सुधीर कुमार भारती ने कहा कि बूथ और सेक्टरों को मजबूत कर बसपा आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जमीनी कार्यकर्ताओं के बूते मजबूत सरकार बनायेगी। कहा कि कार्यकर्ता अभी से त्रिस्तरीय पंचायत और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाय और मतदाता सूची की गहन समीक्षा कर खामियों को दूर करायें। समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि मुख्य मण्डल प्रभारी बस्ती मण्डल के.के. गौतम, उदयभान, राम सूरत चौधरी ने कहा कि बूथ और सेक्टरों को जमीनी धरातल पर मजबूत करने से ही राजनीतिक, सामाजिक स्तर पर सफलता मिलेगी। अध्यक्षता करते हुये कल्पनाथ बाबू ने कहा कि मण्डल के सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ और सेक्टरों का गठन करने के साथ ही उसे मजबूत बनाये जाने की दिशा में तेजी से प्रयास करना होगा। कहा कि इन्ही समर्पित जमीनी कार्यकर्ताओं के बूते बसपा सूबे में सरकार बनायेगी। बैठक में मुख्य रूप से संजय धूसिया, जब्बार अली, सीताराम शास्त्री, राजकुमार आर्य, राजेन्द्र कुमार गौतम, अवनीश कुमार, झिनकान प्रसाद, दिनेश गौतम, अलीम अहमद, के.पी. राठौर, यशवन्त निगम, आर.डी. प्रेमी, के.सी. मौर्य, अनूप कुमार, राम सरोज, सुरेश चौहान, प्रदीप कुमार, अतर सिंह गौतम, भूपेन्द्र कुमार, राजेश राव, जुगुल किशोर चौधरी, राजेश प्रताप सिंह, बच्चूलाल, शैलेन्द्र कुमार गौतम, पिन्स कुमार निगम, देशराज गौतम, महेन्द्र कुमार, राजू राव, राना अम्बेडकर, भवानीभीख, उमेश चन्द्र विश्वकमा के साथ ही बसपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी एक्सईएन दफ्तर में बवाल के बाद बढ़ा सियासी पारा

- बवाल के बाद दूसरे दिन पूरे दफ्तर में छाया रहा सन्नाटा, अफसर से लेकर कर्मचारी तक रहे ख़ौफजदा
- मारपीट मामले में दोनो पक्षों पर दर्ज हुआ मुकदमा, एक्सईएन की ओर से दर्ज मुकदमे में बढ़ी एससी एसटी की धारा




जन एक्सप्रेस। जौनपुर

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता कार्यालय में हुई मारपीट और अभद्रता के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को दूसरे पक्ष का भी मुकदमा दर्ज कर लिया। विभाग के अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार द्वारा दर्ज कराये गए इस मुकदमे में पुलिस ने एससी-एसटी की गंभीर धारा लगाया है।

### जबकि बीती रात पीडब्ल्यूडी के

एक्सईएन समेत शाहगंज और बदलापुर के विधायक के खास कहे जाने वाले रजनीश सिंह और गुड्डू प्रधान समेत तीन पर मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन शनिवार को दूसरे दिन की हुई इस कार्रवाई का पूरे महकमें में जबरदस्त चर्चा थी। फिलहाल मामला जो भी हो लेकिन सत्ता पक्ष के दो जनप्रतिनिधियों का इस पूरे मामले में सीधे तौर पर नाम आने के बाद से पूरे जिले में सियासी माहौल खास गर्म हो गया है। जिले के सबसे महत्वपूर्ण लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार के कक्ष में बुलाकर वरिष्ठ खंडीय लेखाकार राममिलन यादव की पिटाई किए जाने के इस मामले की धमक राजधानी लखनऊ तक देखी जा रही है। उधर थाना लाइन बाजार पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल पीडब्ल्यूडी कार्यालय में लेखाधिकारी राम मिलन यादव के साथ कथित रूप से दो विधायक के खास लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में अधिशासी अभियंता की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने एक्सईन राजेंद्र कुमार, खुटहन थाना क्षेत्र निवासी रजनीश सिंह और सुल्तानपुर जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र निवासी गुड्डू प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार की तहरीर के जवाब में लेखाधिकारी राम मिलन यादव के विरुद्ध भी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर विधिक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है। थाना लाइन बाजार पुलिस के अनुसार, प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह पूरा मामला थाना लाइन बाजार क्षेत्र अंतर्गत स्थित पीडब्ल्यूडी कार्यालय से जुड़ा हुआ है।

## स्कूल छुट्टी के समय जौनपुर की सड़कें बनीं पार्किंग स्थल

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जनपद मुख्यालय में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। विशेषकर स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी के समय शहर की सड़कों पर हालात भयावह हो जाते हैं। जिले के अधिकांश निजी स्कूलों द्वारा 32 से 50 सीटर बसों से बच्चों के आवागमन की व्यवस्था की गई है। जैसे ही एक साथ सैकड़ों की संख्या में ये बसें चारों दिशाओं से शहर के भीतर प्रवेश करती हैं, पूरा नगर जाम की गिरफ्त में आ जाता है। और कई बार ऑटो रिक्शा और टू व्हीलर बाइक सवारों की जान भी जोखिम में आ जाती है जब लोग आगे निकलने के चक्कर में एक दूसरे से टकराते हैं और मारपीट भी होती है जैसा की एक टू व्हीलर जावेद अहमद ने बस के नीचे आते-आते आज बच गए बाल बाल उन्होंने यह बात बताई की व्यवस्था बहुत ही खराब है आज हम बच गये। स्थिति यह हो जाती है कि स्कूल बसें बच्चों को उतारते हुए शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हैं और पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। नतीजा यह कि पूरा जौनपुर दो से तीन घंटे तक जाम में कराहता रहता है। आम नागरिकों, मरीजों, व्यापारियों और कार्यालय जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुबह के समय भी हालात इससे अलग नहीं हैं। अभिभावक अपने बच्चों को टू-व्हीलर, फोर-व्हीलर, बैटरी रिक्शा और ऑटो से स्कूल-कॉलेज छोड़ने निकलते हैं।

# उद्घाटन मैच में सिद्धार्थनगर ने विक्रमजोत को 28 रनों से हराया

जन एक्सप्रेस। बस्ती



**हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त करते कप्तानगंज विधायक कविंद्र चौधरी**

हरैया। स्वर्गीय रणजीत सिंह की स्मृति में नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू द्वारा बीआर इंटर कॉलेज के परिसर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार को हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य डॉ रामनरेश सिंह मंजुल और विशिष्ट अतिथि कप्तानगंज विधायक कवींद्र चौधरी अतुल ने स्वर्गीय रणजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर और फीता काटकर खेल का शुभारंभ कराया। उद्घाटन मैच में चंद्रदीप घाट सिद्धार्थनगर ने विक्रमजोत को 28 रनों से हराया। बेहतर प्रदर्शन करने पर सिद्धार्थनगर के सैफ को मैन ऑफ द मैच दिया गया। सिद्धार्थनगर के कप्तान मोहम्मद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। सिद्धार्थनगर ने निर्धारित 10 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाया। इसके जवाब में खेलने उतरी विक्रमजोत की टीम 6 विकेट के नुकसान पर 145 रन ही बना सकी। विक्रमजोत की तरफ से सत्यप्रकाश द्वारा 33 गेंद में 11 छक्का लगाते हुए 77 रन की पारी खेली गई लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सकी। सिद्धार्थनगर के सैफ ने 15 गेंद पर 26 रन बनाने के साथ ही तीन ओवर में 45 रन देकर दो विकेट लिया इसके लिए उनको मैन ऑफ द मैच दिया गया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि रणजीत सिंह सच्चे समाज सेवक थे उनकी स्मृति में यह आयोजन बहुत ही प्रशंसनीय है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि इस तरह का खेल आयोजन खिलाड़ियों के लिए एक बेहतर अवसर है यहां से अच्छा प्रदर्शन करके खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाते हैं। इस अवसर पर दया शंकर मिश्र, अशोक सिंह, थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह, सुभाष त्रिपाठी, मो. शहजाद, धर्मध्वज सिंह सभासद, उदय प्रताप सिंह रमाकांत पांडेय, कृपा शंकर शुक्ल, वरुण सिंह, अतुल तिवारी, सत्य प्रकाश, कुलदीप श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, अविनाश श्रीवास्तव, नमन सिंह, सुमित सिंह, आलोक वर्मा आदि मौजूद रहे।

# राजस्व निरीक्षकों को सेवानिवृत्ति पर दिया भावभीनी विदाई

जन एक्सप्रेस। बस्ती




शनिवार को सदर तहसील के सभागार में राजस्व निरीक्षक ईश्वर चन्द्र श्रीवास्तव, शिव नरायन प्रसाद और श्रीकृष्ण चौधरी को सेवा निवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। राजस्व निरीक्षक संघ जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता और मनोज शुक्ल के संचालन में वक्ताओं ने कहा कि राजस्व निरीक्षक ईश्वर चन्द्र श्रीवास्तव, शिव नरायन प्रसाद और श्रीकृष्ण चौधरी का कार्य व्यवहार उत्तम रहा है। उपस्थित लोगों ने उनके सुखद जीवन की कामना करते हुये उपहार दिया। उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, उप जिलाधिकारी अतिरिक्त प्रभार उमाकान्त तिवारी, तहसीलदार विनय प्रभाकर, नायब तहसीलदार कुदरहा वीर बहादुर सिंह, कमलेन्द्र सिंह, ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवा निवृत्ति एक प्रक्रिया है। उन्होने सेवा निवृत्ति राजस्व निरीक्षको का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा, राजस्व निरीक्षक संघ के मण्डलीय मंत्री सुभाष पाण्डेय, सहायक भूलेख अधिकारी अजय चौधरी, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष के कार्यवाहक अध्यक्ष राम आधार पाल, मंत्री तौलू प्रसाद के साथ ही रणवीर सिंह, दिनेश वर्मा, दिनेश पाण्डेय, उमापति उपाध्याय, रामकुमार लाल, दीपक दूबे, विद्या सागर वर्मा, अंगद वर्मा, रामनयन, शिवनरायन प्रसाद, अरविन्द उपाध्याय, राम सागर, उमेश चन्द्र वर्मा के साथ ही अनेक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैरियर को मिले पंख: जौनपुर में समग्र शिक्षा माध्यमिक कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन सही दिशा, उज्ज्वल भविष्य

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत शनिवार को रजा डीएम शिया इंटर कॉलेज में कैरियर गाइडेंस मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच के अनुरूप माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों के कैरियर मार्गदर्शन हेतु 'पंख' कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों की अभिरुचि एवं योग्यता के अनुसार उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि कैरियर चयन में सही दिशा चुनना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी क्षमता पहचानने और भविष्य की स्पष्ट योजना बनाने में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन कराने हेतु प्रोत्साहित किया, जिससे छात्र-छात्राएं माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में योगदान दे सकें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्पेंद्र सिंह (कीर्ति चक्र) ने विद्यार्थियों को विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से कैरियर की जानकारी देते हुए सेना में सेवा के विभिन्न अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को अनुशासन व समर्पण का महत्व समझाया। मेले में समस्त राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य अपने-अपने विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल एवं मॉडल का जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों द्वारा क्रमवार अवलोकन किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई।

# बेटी के सामने पिता ने रेता पत्नी का गला

## 15 साल पहले लव मैरिज की थी उसके बाद अवैध संबंध के शक में पत्नी को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस। सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली के अंतर्गत मिश्राना चौकी के क्षेत्र काशीराम आवास कॉलोनी में शनिवार सुबह एक हत्या का मामला सामने आया। यहां अंशुल श्रीवास्तव ने कथित अवैध संबंध के शक में अपनी 30 वर्षीय पत्नी खुशबू श्रीवास्तव की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी।पुलिस के अनुसार, खुशबू और अंशुल ने लगभग 15 साल पहले प्रेम विवाह किया था। वैवाहिक विवादों के कारण खुशबू कुछ समय से अपने मायके में रह रही थी। मृतका का मायका और ससुराल एक ही कॉलोनी के एक ही ब्लॉक में स्थित हैं। खुशबू की मां चार मंजिला इमारत में रहती हैं, जबकि आरोपी अंशुल का आवास निचले ब्लॉक में है। शनिवार सुबह करीब 11 बजे अंशुल खुशबू के पास पहुंचा। उसने खुशबू को नानी के कमरे से अपने साथ चलने के लिए कहा। खुशबू के इनकार करने पर दोनों के बीच बहस बढ़ गई।

आरोप है कि इसी दौरान अंशुल ने चाकू निकालकर खुशबू का गला रेत दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के समय घर में मौजूद खुशबू की 13 वर्षीय बेटी महक श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि उसने यह पूरी वारदात अपनी आंखों से देखी। बेटी के अनुसार, पिता ने मां पर अचानक हमला किया था। परिजन खुशबू को तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खुशबू के तीन बच्चे हैं, जिनमें 13 वर्षीय बेटी महक, 11 वर्षीय बेटा प्रांशु और एक 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पति अंशुल श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रापर्टी डीलरों की धुन पर नाच रहा लेखपाल पीड़ितो से बख्शीश लेकर नहीं बक्शा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

ब्लाक फूलबहेड की ग्राम पंचायत महेवा तहसील सदर लखीमपुर का मामला जहां प्रापर्टी डीलरों का खेल पीड़ित हुए फेल मामला राहस्यमी गाटा संख्या 431 को कुछ प्रापर्टी डीलरों द्वारा खरीदा गया हुआ यू गाटा संख्या 431 की आड में प्रापर्टी डीलर ने गाटा संख्या 443 जो ग्राम समाज की भूमि पर पर रहे 50 सालो से रह रहे लोग अपने ही मकान के किराएदार बना दिए गए और प्रापर्टी डीलरो ने न्यायालय को गुमराह किया उसके बाद न्यायालय द्वारा एसडीएम को आदेश किया उक्त गाटे की यथास्थिति की पैमाइश की जाए उक्त आदेशानुसार स्थानीय लेखपाल पंकज तोमर के साथ मौके पर राजस्व टीम गयी औरपैमाइश की पैमाइश के बाद पीड़ितों से ,,,,,,? लेने के बाद लेखपाल साहब ने वो किया जो नहीं करना चाहिए था पीड़ितों को गुमराह किया और रहम भी नहीं किया और जो रिपोर्ट लगाई संदिग्ध है।हास्यप्रद बात यह है रिपोर्ट में लिखा गाटा संख्या 431 के आगे घनी आबादी है जबकि सच्चाई यह है।गाटा संख्या 431 जो प्रापर्टी डीलर की भूमि है। उसके आगे ग्राम समाज की भूमि 443 है जिसपर पट्टेदार काबिज़ है।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर प्रशासन बनाम पत्रकार सद्भावना क्रिकेट मैच आयोजित

### मैच के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

मैन ऑफ द मैच- आर्यन
मोस्ट फोर- राजीव त्यागी
मोस्ट सिक्स- रवि राठी
मोस्ट डॉट बॉल- प्रशिक्षु आई.ए.एस. अर्पित कुमार
मोस्ट विकेट- अमित दीक्षित
मोस्ट कैचेज- श्यामेंद्र मोहन चौधरी



जन एक्सप्रेस। कन्नौज

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आपसी सौहार्द, समन्वय एवं सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशासन-11 बनाम पत्रकार-11 सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम, सौरिख में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कर मैच का शुभारंभ किया। अधिकारियों ने ऐसे आयोजनों को प्रशासन एवं मीडिया के मध्य समन्वय और सद्भाव को सुदृढ़ करने वाला बताया।

मैच 20-20 ओवर का खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पत्रकार इलेविन ने निर्धारित ओवरों में 95 रन बनाए। टीम की ओर से अमित दीक्षित 17 रन, अभिषेक दुबे 2 रन, अमित मिश्रा 5 रन, गौरव चौरसिया 0, सौरभ अवस्थी 12, रानू 28, गोपाल तिवारी 2, नित्य मिश्रा 15, विवेक यादव ने 2 रनों का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रशासन इलेविन की ओर से प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अर्पित कुमार 4, रवि राठी 40, आर्यन 20, श्यामेन्द्र मोहन चौधरी 0, राजीव त्यागी 10, अभिषेक सिंह 6, डॉ शार्दुल सिंह 0, रोहित 1, डॉ बृजेश शुक्ला 0 एवं दीपक 6 रन के सहयोग से तथा दीपक एवं अभिषेक सिंह नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाने में सफल रहे।

मैच में अंपायर की भूमिका सौरभ पाल एवं अजय शर्मा ने निभाई, जबकि कॉमेंट्री सोनू चौरसिया द्वारा की गई। प्रतियोगिता का सफल संचालन मनोज कुमार कुशवाहा (हॉकी प्रशिक्षक) द्वारा किया गया।कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन ने समस्त अतिथियों को बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले बलराम यादव (एथलेटिक प्रशिक्षक), प्रदीप पाल एवं नितेश यादव का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार बॉथम, ग्राम प्रधान हरिभानपुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# क्रॉस रोड इंटरनेशनल स्कूल की एनओसी पर सवाल, भवन की सुरक्षा जांच की उठी मांग

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी




शहर की बांकेगंज रोड स्थित क्रॉस रोड इंटरनेशनल स्कूल को लेकर इन दिनों क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों के बीच स्कूल भवन की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि कुछ समय पूर्व स्कूल भवन में आग लगने की घटना के बाद उसका लिंटर और दीवारें जर्जर हो चुकी है, इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा सांठ गांठ कर स्कूल की एनओसी जारी कर दी गई, जो कई संदेहों को जन्म दे रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार जिस भवन में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, उसकी स्थिति मजबूत नहीं है। आरोप है कि आग की घटना के बाद भवन की तकनीकी जांच नहीं कराई गई, जबकि उसी भवन में रोजाना सैकड़ों बच्चे और शिक्षक मौजूद रहते हैं।

ऐसे में किसी भी समय कोई बड़ी अनहोनी होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। समाजसेवियों का कहना है कि शिक्षा के नाम पर बच्चों और शिक्षकों की जान को खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए। उन्होंने मांग की है कि स्कूल भवन की पीडब्ल्यूडी या सक्षम तकनीकी एजेंसी से मानक के अनुसार जांच कराई जाए और जब तक भवन पूरी तरह सुरक्षित घोषित न हो जाए, तब तक विद्यालय के संचालन पर रोक लगाई जाए।

लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि भवन वास्तव में कमजोर है तो एनओसी किन परिस्थितियों में जारी की गई। इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। समाजसेवियों ने प्रशासन से अपील की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निरीक्षण कर स्पष्ट स्थिति जनता के सामने रखी जाए, ताकि किसी भी संभावित हादसे से पहले आवश्यक कदम उठाए जा सकें। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बच्चों का भविष्य और जीवन दोनों ही अनमोल हैं, इसलिए प्रशासन को इस मामले में कठोर और पारदर्शी कार्रवाई करनी चाहिए।

# डॉक्टर मनोज कुमार ने बचाये अभिषेक के पैर आयुष्मान से हुआ इलाज

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



जनपद उन्नाव के जिला अस्पताल में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज कुमार ने सफीपुर निवासी अभिषेक के लिए भगवान बन गए जिला अस्पताल में भर्ती अभिषेक राठौर के पिता अशोक कुमार राठौर ने बताया की विगत दिनांक 25 जनवरी 2026 को मियांगंज से नत्थू खेड़ा बाजार के पास दिन में 4 बजे अनिकेत चौरसिया की मोटर सायकिल एक कार से टकरा गई पीछे बैठे अभिषेक को गंभीर चोट आई और उनका दाहिना पैर कई जगह से टूट गया जब की अनिकेत को हल्की चोट आई आनन फानन में परिजनो ने अभिषेक को जिला अस्पताल उन्नाव में भर्ती कराया जहाँ हड्डी रोग विशेषज्ञ मनोज कुमार ने अभिषेक का इलाज शुरु किया गया बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र अभिषेक ने मुस्कुराते हुए बताया कि डॉक्टर मनोज कुमार मेरे लिए भगवान से कम नही और मुझे चलने के लायक बना दिया और जिन्दगी बचा ली और सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज से सरकारी लाभ मिला डॉक्टर मनोज कुमार ने बताया आयुष्मान कार्ड बनवाने से गरीब मरीजों आयुष्मान भारत योजना (क्क्ष्छ्व्न) के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष ?5 लाख तक का कैशलेस स्वास्थ्य बीमा मिलता है यह योजना गंभीर बीमारियों के लिए पूरे भारत में सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज, 1,500 से अधिक चिकित्सीय प्रक्रियाओं (सर्जरी, दवाएं, डायग्नोस्टिक्स) और 3 दिन पहले से 15 दिन बाद तक का खर्च कवर करती है जिसके तहत अभिषेक राठौर का का इलाज हुआ।

# व्यापार मंडल लूट का खुलासा करने वाले को करेगा सम्मानित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



बांकेगंज-गोला मार्ग पर 19 जनवरी को हुई दो लाख पचास हजार रुपये की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस खुलासे से कस्बा निवासी व्यापारी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने संतुष्टि व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि बदमाशों के पास मिले कूपन उनकी दुकान के ही थे। इस घटना के खुलासे के बाद व्यापारी वर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है।व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल ने जानकारी दी कि पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद इस लूटकांड का पर्दाफाश किया। मामले की जांच के दौरान दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की गई थी, लेकिन पुलिस ने किसी निर्दोष को जेल नहीं भेजा। इससे संतुष्ट होकर व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर खुलासा करने वाली टीम को सम्मानित करने के लिए एक समारोह आयोजित करने की अनुमति मांगी है। पुलिस के अनुसार, इस लूट में कुल 7 लोग शामिल थे। इनमें से 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि शेष 2 आरोपियों की तलाश जारी है और पुलिस उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।यह वारदात एक पूर्व कर्मचारी की मुखबिरी पर अंजाम दी गई थी।अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष सुनील मलिक के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जनपदीय स्वाट टीम,सर्विलांस टीम और थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज,टेक्निकल सर्विलांस और सटीक मुखबिरी की सहायता से घटना का शीघ्र अनावरण किया।

## ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रकों पर कार्यवाही



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

क्षेत्र में ओवर हाइट और ओवरलोड वाहनों से हो रहे हादसों के बाद एस डी एम और पुलिस अधिकारियों की ताबड़तोड़कर कार्यवाही से ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया है। कार्य वाही के दौरान 20 से अधिक ट्रकों को सीज किया गया है। शनिवार को एसडीएम चलवुराज आर और सीओ अरुण कुमार सिंह ने अलग-अलग जगहों पर ओवर हाइट गन्ना लदे ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीज कर दिया है है जिससे ट्रक चालकों में हड़कंप मच गया है। जिसके चलते राजनीतिक सिफारिशों का दौर शुरू हो गया है। दूसरी ओर स्कूलों में बच्चों को लेकर जाने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई है। जिसके चलते स्कूल प्रबंधकों में अफरातफरी मच गई है।

## उन्नाव कचहरी में बार काउंसिल का चुनाव हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जनपद में कचहरी परिसर में आयोजित एडवोकेट बार काउंसिल चुनाव में भारी जनसमर्थन एडवोकेट अनुराग पांडे के पक्ष में नजर आया। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम तक चला, जिसमें वकीलों की उमड़ी भीड़ ने लोकतांत्रिक उत्सव का रूप ले लिया। मजबूत पुलिस तैनाती ने सुरक्षा सुनिश्चित की, और पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। अनुराग पांडे के प्रमुख समर्थकों में एडवोकेट अंकुर चौहान, दीपक ठाकुर, एडवोकेट मनीष तिवारी, एडवोकेट सौरभ शुक्ला, एडवोकेट जागेंद्र अवस्थी, पूर्व संयुक्त मंत्री एडवोकेट विशाल भारती तथा एडवोकेट गौरव वर्मा आदि शामिल रहे वकील कचहरी परिसर में सक्रिय दिखे जहां उन्होंने समर्थन का प्रदर्शन किया। मतदान प्रतिशत काफी उच्च रहा।एडवोकेट अनुराग पांडे ने कहा, यह व्यापक समर्थन वकील समुदाय की एकता को दर्शाता है।

जो बार काउंसिल को मजबूत बनाएगा एडवोकेट समर्थकों ने जोर देकर कहा, अनुराग पांडे ही सही विकल्प हैं। परिणामों का इंतजार जारी है। जो वकीलों के भविष्य को आकार देगा।

# अधिष्ठान से मुन्नालाल वर्मा और पुलिस से प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह हुए रिटायर

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जनपद सृजित होने के लगभग एक वर्ष बाद स्थानांतरित होकर कन्नौज आये वरिष्ठ लिपिक मुन्नालाल वर्मा आज अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व देवेंद्र सिंह, प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय/ डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय ने कलेक्ट्रेट अधिष्ठान को दिए गए 27 वर्षो की उनकी विविध सेवाओ को याद किया और उनके कार्य समर्पण की सराहना की और शाल उढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया, जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट अधिष्ठान की ओर से उन्हें प्रतीक स्मृति चिंन्ह के रूप में एक प्रतिमा भेंट की।

जिलाधिकारी ने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में जिले की इस अच्छी परंपरा का उल्लेख किया कि कार्मिक की सेवानिवृत्ति पर आयोजित होने वाले विदाई समारोह में पूर्व में सेवानिवृत्त हो चुके कार्मिक भी भाग लेने आये है यह एक स्वस्थ परंपरा है। सभी ने श्री वर्मा के स्वस्थ, मस्त और व्यस्त रहने की कामना की।

वही दूसरी ओर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को शॉल भेंट कर विदाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गयी।

आज जनपद से 08 पुलिसकर्मी अपनी सेवाकाल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा विदाई समारोह में सम्मिलित होकर सभी पुलिसकर्मियों को उपहार, स्मृति चिन्ह देकर उनके आगामी सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना कर शुभकामनाओं सहित विदाई दी गयी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा भी सेवानिवृत होने वाले पुलिसकर्मियों को अपनी शुभकामनायें दी गई।

आज सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों मे प्रतिसार निरीक्षक सुखपाल सिंह, रेडियो निरीक्षक चन्द्र कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक चैनपाल सिंह सोलंकी, उप निरीक्षक मुईनउल्ला खाँ, उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, उप निरीक्षक विशाल सिंह, मुख्यआरक्षी शिवप्रसाद और आरक्षी राजेश सिंह शामिल है।

# अराजकता फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग




जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

चौकी प्रभारी सेठघाट लखीमपुर खीरी जनपद लखीमपुर ग्राम पंचायत मिदनियाँ गढ़ी शिक्षा का मन्दिर सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय के प्रांगण में कुछ अराजक तत्वों के द्वारा अराजकता फैलाई जा रही है। जहां पर आए दिन कुछ ना कुछ अराजकता बनी हुई है जिसमें कुछ अराजक तत्वों के द्वारा विद्यालय के सामने तथा विद्यालय गेट पर उनके द्वारा नशीले पदार्थों का रोजाना सेवन किया जाता है।जिसमे विद्यालय गेट के पास दारू की सीसी गांजा सिगरेट पान पुड़िया गुटका विद्यालय गेट पर ही पड़े मिलते है। जिससे विद्यालय की आया आशा रानी प्रतिदिन स्कूल के सामने पड़ी गंदगी के अंबार को साफ करती हैं विद्यालय समय पर अराजक तत्व ग्रुप बनाकर खड़े मिलते हैं जिससे विद्यालय आने वाले नन्हे बच्चो बालिकाओ शिक्षक के मन से भय की स्थिति बनी रहती हैं। जो आगे चलकर किसी घटना की वजह बन सकती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश शुक्ला ने प्रशासन से यह मांग कर रहे हैं कि प्रशासन इसे जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर अराजक तत्वों पर उचित कार्यवाही करें।जिससे अराजको के द्वारा किसी भी प्रकार की अराजकता न फैलाई जा सके।

जिससे विद्यालय के पास एक सुरक्षित माहौल में बच्चे आसानी से पहुंच सकेंगे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया जेल का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने जिला कारागार उन्नाव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह के साथ जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जेल के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और वहां की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों के रहने की व्यवस्था का जायजा लिया।जेल में बंदियों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।जिलाधिकारी गौरांग राठी ने कहा कि जेल में बंदियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जेल में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए।पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने कहा कि जेल में बंदियों के पुनर्वास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जेल में बंदियों को शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे ताकि वे समाज में वापस आकर अपना जीवन सुधार सकें।निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि जेल की व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करें।

### नगर पंचायत बरवर मे हिन्दू सम्मलेन का आगाज

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। मोहम्मदी तहसील क्षेत्र के कस्बा बरबर मे भाजपा क्षेत्रीय विधायक मोहम्मदी लोकेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई मे भव्य हिन्दू सम्मेलन का आगाज हुआ।इस दौरान लोकेंद्र प्रताप सिंह विधायक ने हिन्दुओ की एकता पर प्रकास डालते हुए सभी आपसी जाति धर्म बदलकर केवल हिन्दू धर्म पर विश्वास रखने की व ऐक रहने की अपील की। इस सम्मेलन में ब्रह्मकुमारी बहन संध्या, बहन दिव्या, कार्य क्रम अध्यक्ष अहिवरन सिंह, संयोजक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य लाल बहादुर वर्मा, धर्मेश शर्मा, नितिन द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश पाण्डे, यस वर्मा, क्षेत्र के तमाम, ग्राम प्रधान, भाजपा कार्यकरता सहित तमाम संख्या मे हिन्दू धर्म के लोग मौजूद रहे।

### विद्या निकेतन में युग्मन कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। शनिवार को विद्यालय युग्मन कार्यक्रम के अंतर्गत पीएम उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर, विकास खण्ड बांकेगंज के छात्र/छात्राओं को स्थानीय विद्यालय विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज का भ्रमण कराया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, प्रयोगशाला, सभागार, शिक्षण कक्षों, पुस्तकालय, एक्टिविटी रूम, पठन -पाठन आदि को देखा। छात्र / छात्राओं ने अपने विचार साझा करते हुये विद्यालय की स्वच्छता , अनुशासन, हरियाली की प्रशंसा की। विद्यालय प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी ने आगन्तुक छात्र/छात्राओं के स्वच्छ गणवेश एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुये छात्र/छात्राओं को विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लेने के लिये नि:शुल्क बस सेवा देने का आश्वासन दिया।

### भीषण गंदगी की वज़ह से राहगीरों का मार्ग पर निकलना दुश्वार

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। शनिवार को मोहल्ला थर्वरन गंज में कलीम के घर के पास वाली गली में जनसामान्य का निकलना दूभर हो गया है।कलीम की माने तो ऐसा लगता है कि मुहल्ले वालों ने गन्दगी का अम्बार लगा रखा है। गन्दगी की वजह से इस जलभराव में कीड़े पड़ गए हैं, जिस से जनस्वास्थ्य को भयंकर खतरा उत्पन्न हुआ है।मोहल्ले वासियों ने नाली निर्माण के सम्बन्ध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका लखीमपुर को दरख्वास्त दी है, परन्तु जे.ई.नगर पालिका ने इस प्रकरण पर चुप्पी साध रखी है। आये दिन इस क्षेत्र की आबादी वायरल, बुखार, जुकाम और दस्त, पेचिश से पीड़ित रहती है।

## सिविल लाइन में अधेड़ का शव मिला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। सिविल लाइन मोहल्ले में शनिवार सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव उसके किराए के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।यह घटना 31 जनवरी 2026 को सुबह करीब 8:30 बजे की है। मृतक की पहचान कोलकाता निवासी राजकिशोर गुप्ता के रूप में हुई है,जो खंभार खेड़ा मिल में कार्यरत थे। वह सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित सिविल लाइन मोहल्ले में किराए पर रह रहे थे।मकान मालकिन शिवानी मिश्रा ने बताया कि राजकिशोर पिछले लगभग पांच वर्षों से उनके घर में किराएदार के रूप में रह रहे थे। उन्होंने बताया कि मकान की देखरेख करने वाले रामनारायण के पास मृतक की पत्नी का फोन आया था,जिसमें फोन न उठने की जानकारी दी गई थी।सुबह देखने पर शव मिला।सदर कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने दोपहर 2:00 बजे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मामला संदिग्ध लगने पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, मृतक शराब पीने का शौकीन था और घटना के समय घर में अकेला था। पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा। पुलिस रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# संस्था द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की क्षेत्र के आम जन में चर्चा व प्रशंसा

## सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान द्वारा पन्द्रहवां नि: शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन आई कैंप का आयोजन कार्यकम सुनिश्चित किया गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

उन्नाव जनपद के विकास खंड हसनगंज के ग्राम भिखारी खेड़ा में निर्मित डा. बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर खेल कूद मैदान में निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन आई कैंप का आयोजन अगामी तीन फरवरी को ग्राम प्रधान तारावती पाल की अध्यक्षता में किया जाएगा जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश कुमार रावत करेंगे उक्त जानकारी देते हुए प्रधान पुत्र व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने मीडिया को बताया कि तीन फरवरी को कैम्प में जिन मरीजों को मोतियाबिंद की समस्या पाई जाएगी उन सभी की बी पी सुगर नेत्र ज्योति आदि का परीक्षण कैम्प स्थल पर ही कर मरीजों को उसी दिन संस्था के वाहनों से कानपुर बर्रा स्थित नारी समर्था साईं आई हॉस्पिटल कानपुर में भर्ती करवाया जाएगा और फेको विधि से लेंस वाला आपरेशन कराकर भोजन बिस्तर की व्यवस्था के साथ दवा चश्मा सब फ्री में देकर अगले दिन सभी मरीजों को वापस कैंप स्थल पर संस्था के वाहनों से छोड़ा जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि सभी मरीज अपना अपना मोबाइल नंबर आधार कार्ड की छाया प्रति और अगर आयुष्मान कार्ड बना हो तो उक्त सभी प्रपत्र अपना पंजीकरण कराने हेतु अपने साथ में अवश्य लाए। ग्राम प्रधान तारावती व संस्था संरक्षक द्वारा विगत वर्षों से सराहनीय सामाजिक कार्यों को किया जा रहा है जो आस पास क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# 'टीएमसी की विदाई का समय आ गया'

## बंगाल में ममता बनर्जी पर बरसे शाह, कार्यकर्ताओं में भरा जोश

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल में भाजपा ने अपना चुनावी बिगुल फूंक दिया है। इस कड़ी में अब शनिवार को उत्तर 24 परगना में दिग्गज नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि अब टीएमसी की विदाई का समय आ गया है। इसी के गृहमंत्री अमित शाह ने ममता सरकार पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया। अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि बंगाल के लोग टीएमसी को उखाड़ फेकेंगे। इनकी विदाई का समय आ गया है। इसी के साथ गृहमंत्री ने ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पर वंदे मातरम के अपमान का भी आरोप लगाया।

### घुसपैठियों को खुश करने के लिए वंदे मातरम का विरोध

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, 'इस साल वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ है। पीएम मोदी की सरकार ने पूरे देश में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाने का फैसला किया है, लेकिन विडंबना देखिए। जब बंगाल में जन्मे और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम पर संसद में चर्चा हुई, तो ममता बनर्जी के सांसदों ने चर्चा का विरोध किया। क्या बंगाल की धरती वंदे मातरम के इस विरोध को बर्दाश्त कर सकती है? हमें यह संदेश बंगाल के हर व्यक्ति, हर वोटर, हर नागरिक तक पहुंचाना है कि ममता बनर्जी और टीएमसी वोट बैंक की राजनीति और घुसपैठियों को खुश करने के लिए वंदे मातरम का विरोध कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'वंदे मातरम का विरोध करके ममता बनर्जी नरेंद्र मोदी का विरोध नहीं कर रही हैं, बल्कि वह बंगाल की पहचान और भारत के गौरव का विरोध कर रही हैं। मैं बंगाल के लोगों से अपील करता हूं कि अगले चुनावों में बंगाल की पहचान का विरोध करने वाली टीएमसी को पूरी तरह से उखाड़ फेंकें और यहां देशभक्तों की सरकार लाएं।'

### आनंदपुर अग्निकांड का उठाया मुद्दा

वहीं आनंदपुर अग्निकांड पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'आनंदपुर में लगी आग कोई हादसा नहीं है। 25 लोगों की जान चली गई है, और 27 लोग लापता हैं। यह घटना क्यों हुई? इस मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा है? मोमो फैक्ट्री के मालिक कौन हैं? मोमो फैक्ट्री के मालिक किसके साथ फ्लाइट से विदेश गए हैं? और मोमो फैक्ट्री के मालिक को अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? अगर ये घुसपैठिए (मृतक) होते तो क्या ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती? बंगाली नागरिकों की हत्या हुई है। इस मामले में आप वोट बैंक की राजनीति क्यों कर रही हैं? ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए।'

### निष्पक्ष-न्यायिक जांच की मांग

उन्होंने आगे कहा, 'आज, मैं यहां से मांग करता हूं कि बंगाल की मुख्यमंत्री इस घटना की निष्पक्ष, न्यायिक जांच कराएं, और जो लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं, उन्हें जेल भेजा जाए। सुवेंदु अधिकारी और सामिक भट्टाचार्य पीड़ितों के परिवारों से मिलने गए थे। हमारे कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया, और पुलिस ने उन पर बर्बरता की। ममता बनर्जी की पार्टी और सरकार का भ्रष्टाचार अब छिपा नहीं रह सकता। आनंदपुर गोदाम में लगी आग चिल्ला-चिल्लाकर कह रही है कि इसमें ममता बनर्जी के लोग शामिल हैं। अगर ममता बनर्जी इसे छिपाना चाहती हैं, लेकिन अप्रैल के बाद जब बीजेपी सरकार आएगी, तो हम इस आग के दोषियों को चुन-चुनकर जेल भेजेंगे।'

### आंकड़े गिनाकर ममता सरकार को चेतावनी

अपने संबोधन में शाह ने कहा, 'ममता बनर्जी मेरा मजाक उड़ा रही थीं, ममता दीदी जब प्रभु श्री राम ने राम सेतु बनाया तब रावण ऐसा ही मानता था कि इस प्रकार से मुझे कोई हरा सकता है क्या? मैं आपको बताता हूं 2014 में हमें सिर्फ दो सीट मिली थी, 2019 में 41 फीसदी वोट और 18 सीटें मिली थीं, 2024 में 39 प्रतिशत वोट मिला और 2021 की विधानसभा में 38 प्रतिशत वोट और 77 सीटें लेकर सुवेंदु अधिकारी हमारे विपक्ष के नेता बने हुए हैं। ममता दीदी 38% से 45% का छलांग लगाना है आप इस बार देखना भाजपा का वोट 50% से अधिक होगा और प्रचंड बहुमत से हमारी सरकार बनने वाली है।'

# केरल हाईकोर्ट का अहम फैसला: मेडिकल तरीके से गिराया जा सकेगा 31 हफ्ते का भ्रूण




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। केरल

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने एक दंपती राहत दी है। कोर्ट ने उनके 31 हफ्ते से अधिक समय के भ्रूण का चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति दी। यह भ्रूण दिमाग और सिर से जुड़ी जन्मजात गंभीर विकृतियों से पीड़ित है।

### मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में क्या कहा?

जस्टिस शोभा अन्नम्मा ईप्पन ने मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर गर्भपात की इजाजत दी। बोर्ड ने राय दी थी कि अगर बच्चे का जन्म होता है तो वह गंभीर शारीरिक विकृतियों से ग्रस्त होगा। मेडिकल बोर्ड ने यह भी कहा कि गर्भावस्था को आगे बढ़ाना महिला के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। कोर्ट ने मामले के तथ्यों, रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री, इस विषय से जुड़े स्थापित कानूनी सिद्धांतों और मेडिकल बोर्ड की सिफारिशों पर विचार किया। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि यदि गर्भपात की अनुमति नहीं दी गई, तो इससे केवल नतीजे में देरी होगी और परिवार की तकलीफ और बढ़ेगी।

### कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को दिया निर्देश

कोर्ट ने कोट्टायम मेडिकल कॉलेज को गर्भपात कराने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को तुरंत एक मेडिकल टीम गठित करने और प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। कोर्ट ने कहा, मेडिकल टीम अपने विवेक और सर्वोत्तम निर्णय के अनुसार चिकित्सा विज्ञान में सुझाई गई सबसे उचित प्रक्रिया अपनाएगी, ताकि गर्भपात किया जा सके और पहली याचिकाकर्ता (महिला) की जान बचाई जा सके।

### 'गर्भपात से अंतिम स्कैन कर दोबारा की जाए पुष्टि'

हाईकोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि गर्भपात से पहले अंतिम स्कैन कर भ्रूण की विकृतियों की दोबारा पुष्टि की जाए। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर भ्रूण जीवित जन्म लेता है, तो अस्पताल उसे जीवित रखने के लिए सभी आवश्यक सहायता देगा, जिसमें इन्क्यूबेशन और किसी भी सुपर-स्पेशलिटी में इलाज शामिल है। कोर्ट ने कहा, बच्चे को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार दिया जाएगा और याचिकाकर्ता पति-पत्नी बच्चे की पूरी जिम्मेदारी लेंगे तथा इलाज का खर्च भी वहन करेंगे।

### याचिकाकर्ता ने कोर्ट को क्या बताया था?

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया था कि भ्रूण दिमाग और सिर की जन्मजात विकृतियों से पीड़ित है, जिनमें माइक्रोसेफली जैसे लक्षण शामिल हैं, जिससे गंभीर और जीवनभर रहने वाली शारीरिक व न्यूरोलॉजिकल विकलांगता की आशंका बहुत अधिक है।

# 'बिना सलाह के फैसले लेना सरकार की आदत'

## कपिल सिब्बल ने यूजीसी नियमों के साथ आरटीआई पर भी कही बात



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

यूजीसी के संसदीय नियमों को लेकर जारी विवाद के बीच राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार का किसी से सलाह-मशविरा न करने का रवैया उसके हर फैसले में दिखाई देता है। सिब्बल ने चेतावनी दी कि समाज के किसी भी वर्ग को नजरअंदाज करना देश के भविष्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। सिब्बल ने एक इंटरव्यू में कहा कि यूजीसी के नए संसदीय नियमों पर मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है, इसलिए इस पर सीधे टिप्पणी करना उचित नहीं होगा। लेकिन व्यापक दृष्टिकोण से उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित राष्ट्र बन सकता है, जब हर वर्ग को साथ लेकर नीतियां बनाई जाएं। उन्होंने कहा कि समाज में विभाजन पैदा करने वाली कोई भी कोशिश देश के हित में नहीं है।

### आरटीआई पर कही ये बात

- कपिल सिब्बल ने आर्थिक सर्वेक्षण में सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून की समीक्षा की बात पर चिंता जताई।
- उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम लोकतंत्र का एक बुनियादी अधिकार है।
- आरटीआई के जरिए नागरिकों को सरकार के कामकाज की जानकारी मिलती है।
- सिब्बल के अनुसार, यह कानून पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।
- उन्होंने चेतावनी दी कि अगर इस अधिकार को सीमित किया गया, तो समाज को बड़ा नुकसान हो सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

शीर्ष अदालत ने हाल ही में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के 2026 के संसदीय रेगुलेशंस पर अंतरिम रोक लगा दी। अदालत ने कहा कि नियम पहली नजर में अस्पष्ट हैं, इनके परिणाम बहुत व्यापक हो सकते हैं और समाज पर खतरनाक असर डाल सकते हैं। कोर्ट ने केंद्र और यूजीसी से 19 मार्च तक जवाब मांगा है। इन याचिकाओं में कहा गया है कि नियमों में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा सीमित कर दी गई है।

### क्या हैं यूजीसी के नए नियम?

13 जनवरी को अधिसूचित इन नियमों के तहत सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को भेदभाव की शिकायतों की जांच और समानता बढ़ाने के लिए 'संसदीय कमेटी' बनाना अनिवार्य किया गया है। इन समितियों में ओबीसी, एससी, एसटी, दिव्यांग और महिलाओं के प्रतिनिधियों को शामिल करने का प्रावधान है। ये नियम 2012 के पुराने दिशानिर्देशों की जगह लाए गए हैं, जो केवल सलाहात्मक प्रकृति के थे।

### छात्रों का विरोध के बीच सरकार का आश्वासन

कई राज्यों में छात्र संगठनों ने इन नियमों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए हैं। इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भरोसा दिलाया कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा और नियमों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। अदालत ने भी माना है कि याचिकाओं में कानून से जुड़े महत्वपूर्ण सवाल उठाए गए हैं।

### यूजीसी पर क्या बोले सिब्बल?

सिब्बल ने कहा कि 2014 से जब भारत सरकार में मौजूदा नेतृत्व आया, तब से नीतियां बिना व्यापक चर्चा के बनाई जा रही हैं। उनके अनुसार, सरकार अपने विचार किसी से साझा नहीं करती और यही प्रवृत्ति हर बड़े फैसले में नजर आती है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधता वाले देश में सभी समुदायों की चिंताओं को ध्यान में रखना जरूरी है।

# मेरी एक ही पार्टी है कांग्रेस, केरल चुनाव में पूरी ताकत से करूंगा प्रचार: शशि थरूर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम



अपनी पार्टी से नाराजगी व मतभेद की खबरों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर साफ-साफ कह दिया कि वे पार्टी छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी केरल विधानसभा चुनाव में सिर्फ अपनी पार्टी कांग्रेस और यूडीएफ की जीत चाहते हैं और खुद भी इसके लिए प्रचार करेंगे।

### जीत के लिए करूंगा प्रचार

तिरुवनंतपुरम में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी एकमात्र इच्छा केरल में होने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी और ष्ठस्न गठबंधन की जीत देखना है। उन्होंने यह भी कहा कि वह पार्टी और गठबंधन की जीत के लिए प्रचार करेंगे।

### मेरी केवल एक ही पार्टी है: कांग्रेस

थरूर ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी केवल एक ही पार्टी है, और वह है कांग्रेस। यह सवाल बार-बार न पूछा जाए। इससे पहले शुक्रवार को भी उन्होंने साफ किया था कि वह कांग्रेस में ही रहेंगे और कहीं नहीं जा रहे हैं। गुरुवार को शशि थरूर ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की थी। इस बैठक का उद्देश्य उनके उन गिले-शिकवों को दूर करना था, जो पिछले कुछ समय से केरल कांग्रेस के भीतर उन्हें दरकिनार किए जाने की खबरों के बाद उपजे थे। कोच्चि में एक कार्यक्रम के दौरान उनके साथ हुए व्यवहार से थरूर आहत थे, लेकिन आलाकमान से बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक है और हम सभी एक साथ हैं।

### कांग्रेस के लिए अहम हैं चुनाव

केरल विधानसभा चुनाव कांग्रेस के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। पार्टी 10 साल से विपक्ष में है और इस बार सत्ता में वापसी की पूरी कोशिश कर रही है। ऐसे में थरूर जैसे बड़े नेता का चुनाव प्रचार में सक्रिय रहना पार्टी के लिए काफी अहमियत रखता है।

# विश्व आर्थिक मंच में कर्नाटक ने 46 कंपनियों से की द्विपक्षीय बातचीत, नहीं हुआ कोई समझौता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने शनिवार को कहा कि दावोस में हुए विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के दौरान उन्होंने वैश्विक और भारतीय कंपनियों, निवेशकों और विभिन्न देशों के नेतृत्व के साथ 46 द्विपक्षीय बैठकें कीं।

### कर्नाटक में निवेश के लिए तैयार हुई मजबूत पाइपलाइन

पाटिल ने कहा कि इन बैठकों से कर्नाटक के लिए एक मजबूत निवेश पाइपलाइन तैयार हुई है। उन्होंने कहा, दावाओ से कर्नाटक के लिए विमानन और लॉजिस्टिक्स, पेय पदार्थ और खाद्य प्रसंस्करण, स्वच्छ उर्जा, उन्नत विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग), अंतरिक्ष तकनीक, डाटा केंद्र, जीसीसी और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रों में निवेश और साझेदारी की एक भरोसेमंद पाइपलाइन बनी है।

### सरकार के स्तर पर भी हुई चर्चा

मंत्री के मुताबिक, इस यात्रा के दौरान सरकार के स्तर पर भी बातचीत हुई। उन्होंने कहा, हमने लिकटेंस्टीन और सिंगापुर के साथ सरकार के स्तर पर चर्चाएं कीं, ताकि सहयोग को मजबूत किया जा सके और संयुक्त रूप से कर्नाटक में निवेश आकर्षित किया जा सके।

### किन क्षेत्रों की कंपनियों के साथ की बैठकें?

- मंत्री एमबी पाटिल ने बंगलूरू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।
- इस दौरान पाटिल ने बताया कि उन्होंने डब्ल्यूईएफ में वैश्विक और भारतीय कंपनियों, निवेशकों, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न देशों के नेताओं के साथ कुल 46 द्विपक्षीय बैठकें कीं।
- उन्होंने बताया कि इनमें 26 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां और 15 से अधिक भारतीय कंपनियां शामिल थीं।
- ये बैठकें एयरोस्पेस और रक्षा, विनिर्माण, खाद्य प्रसंस्करण, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, डाटा केंद्र, डिजिटल बुनियादी ढांचा और स्वच्छ उर्जा जैसे क्षेत्रों से जुड़ी थीं।


### दिग्गज हस्तियों के साथ भी बैठकें की

उन्होंने कहा, हमने आईएमएफ की गीता गोपीनाथ और उद्यमी निखिल कामत जैसे लोगों से मुलाकात की और वैश्विक आर्थिक रुझानों, उद्यमिता और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बदलती भूमिका पर विचार साझा किए।

# आज भारतीय तटरक्षक बल मनाएगा अपना 50वां स्थापना दिवस

## भारतीय समुद्री सुरक्षा के लिए मजबूत ढाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय तटरक्षक बल 1 फरवरी 2026 को अपना 50वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इसकी स्थापना 1977 में की गई थी। आज ये ईकाई 155 जहाजों और 80 विमानों वाली एक मजबूत समुद्री शक्ति के रूप में काम कर रही है। स्थापना दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को आयोजन भी किया जाएगा। 1 फरवरी, 1977 को समुद्री चुनौतियों का सामना करने और भारत के बढ़ते समुद्री हितों की रक्षा के लिए इसकी स्थापना हुई थी। अधिकारियों ने बताया तटरक्षक बल को केवल सात सरफेस प्लेटफॉर्म के साथ शुरू किया गया था। आज 155 जहाजों और 80 विमानों के साथ मजबूत बल बन चुका है। भारतीय तटरक्षक बल ने 2030 तक इस संख्या को बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। जिसमें जहाजों का संख्या 200 और विमनों का संख्या 100 की जानी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया संस्थाना के बाद से बल ने 11,800 से अधिक लोगों की जान बचाई है। तटरक्षक बल को समुद्री कानून प्रवर्तन, तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव, समुद्री पर्यावरण संरक्षण और मानवीय सहायता का काम सौंपा गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय नौसेना के साथ समन्वय से लेकर लक्षद्वीप में साहसी बचाव अभियानों और हाल के महीनों में केरल तट से तीन प्रमुख समुद्री घटनाओं को मजबूती से संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तटरक्षक बल में महिलाओं को भी समान अवसर दिया जाता है। समुद्र, आसमान और जमीन पर आधारित सभी भूमिकाओं में महिलाओं के शामिल होना सुनिश्चित किया जाता है। इससे महिलाओं के प्रति एक सम्मान और साकारात्म माहौल बनता है। प्रधानमंत्री के 'अमृत काल' के विजन से निर्देशित और स्ल्व्रक्र (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) और ह्यस्ल्व्रक्र (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र उन्नति) के सिद्धांतों को पूरा करने के लिए भी तटरक्षक बल एक प्रमुख स्तंभ है। स्थापना दिवस से पहले, भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने तटरक्षक बल को शुभकामनाएं दी हैं।

# बलूचिस्तान में सेना की कार्रवाई, 57 आतंकियों को मार गिराया, 10 सुरक्षाकर्मी मारे गए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक बार फिर हिंसा और आतंक का बड़ा दौर देखने को मिला है। अलग-अलग जगहों पर हुए हमलों और जवाबी अभियानों में 57 आतंकवादी मारे गए, जबकि 10 सुरक्षाकर्मियों की भी जान चली गई। यह घटनाक्रम बताता है कि पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रहीं और हालात लगातार अस्थिर बने हुए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, आतंकियों ने सुरक्षा बलों, कानून प्रवर्तन एजेंसियों और आम नागरिकों को निशाना बनाते हुए 12 अलग-अलग स्थानों पर हमले किए। इसके बाद देर रात से लेकर शनिवार दोपहर तक सुरक्षा बलों ने जवाबी अभियान चलाया। इन अभियानों के दौरान भारी गोलीबारी हुई और बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए।

### रेलवे ट्रैक पर विस्फोटक, बड़ा हादसा टला

पाकिस्तान के संघीय आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि आतंकियों ने नसीराबाद जिले में रेलवे ट्रैक पर बड़ी मात्रा में विस्फोटक लगा दिए थे। बम निरोधक दस्ते ने समय रहते इन्हें हटाकर संभावित बड़े हादसे को टाल दिया। हालांकि हमलों में 10 पुलिसकर्मी और अर्धसैनिक फ्रंटियर कॉर्प्स के जवान मारे गए। इससे पहले गुरुवार और शुक्रवार को पनजगुर और हरनाई में हुए अभियानों में 41 आतंकवादी मारे गए थे। वहीं, पंजाब प्रांत में छह और खैबर पख्तूनख्वा में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के पांच आतंकवादी ढेर किए गए। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकियों की पहचान की जा रही है और यह जांच हो रही है कि वे किन संगठनों से जुड़े थे।

### कई शहरों में एक साथ हमले

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि क्वेटा, ग्वादर, मकरान, हब, चमन और नसीराबाद सहित कई इलाकों में हमले हुए। आतंकियों ने पुलिस और फ्रंटियर कॉर्प्स को निशाना बनाया। ग्वादर के पास आतंकियों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या कर दी, जिनमें एक महिला और तीन बच्चे शामिल थे।

### बढ़ती हिंसा से गहराता संकट

हाल के वर्षों में बलूचिस्तान में हिंसा तेजी से बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, एक साल में मौतों की संख्या 787 से बढ़कर 956 हो गई, जो करीब 22 प्रतिशत अधिक है। 2025 में देशभर में 699 आतंकी हमले दर्ज किए गए, जो पिछले वर्षों की तुलना में बड़ा उछाल है। लगातार बढ़ते हमले इस बात का संकेत हैं कि क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियां गंभीर बनी हुई हैं।

# गाजियाबाद के खोड़ा में दो गुटों में खूनी जंग, 2 की मौत 1 घायल

- शराब के नशे में हुआ जमकर उत्पात कानून व्यवस्था और पुलिस पर उठे सवालिया निशान
- खाने के पैसों को लेकर हुआ विवाद जो बना जान जाने का कारण

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद



गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में देर रात एक ढाबे पर हुए विवाद ने दो युवकों की जान ले ली। खाने के पैसे को लेकर शुरू हुआ झगड़ा देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। चाकूबाजी में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर हालत में है। घटना खोड़ा थाना क्षेत्र के अंबेडकर गेट के पास स्थित वैष्णो ढाबे की है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है । आम।नागरिकों ने पुलिस प्रशासन और उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाते हुए कड़ी कार्यवाही की मांग उच्चाधिकारियों से।किया है । जनता ने शराबियों के उत्पात एवं ढाबे रेस्टोरेंटों में शराबियों को प्रश्रय देने पर भी गहरी नाराजगी जताई है। ज्ञात हो कि बीते रात खोड़ा के अंबेडकर गेट के पास स्थित वैष्णो ढाबे पर खाना खाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि ढाबे पर खाने के पैसे अधिक मांगे जाने पर कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में हिंसा में बदल गई। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। इस हमले में खोड़ा निवासी सत्यम (26 वर्ष) और उसके दोस्त श्रीपाल (25 वर्ष) की मौके पर ही गंभीर चोटें आयी । दोनों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ढाबे और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ढाबे पर खाना खा रहे लोग जान बचाकर भाग निकले। आरोपी वारदात के बाद पैदल ही मौके से फरार हो गए।घटना की सूचना मिलते ही एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव और डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। रात में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। डीसीपी ट्रांस हिंडन, निमिष पाटिल ने बताया डायल 112 पर सूचना मिली थी। तीन लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जिसमें दो की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों पक्षों ने शराब का सेवन किया हुआ था। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक श्रीपाल मूल रूप से बहराइच का रहने वाला था और खोड़ा के नेहरू विहार में किराए पर रहता था। तीसरा युवक नशे की हालत में होने के कारण ठीक से बयान नहीं दे पा रहा है। जांच में सामने आया है कि पैसे को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने सूरज, राजन और विशेष की पहचान की है।

# हिंदू रक्षा दल की घोषणा 4 चौथे बच्चे पर 21 हजार और पांचवें बच्चे पर 31 हजार पुरस्कार

- विवादित बयान से जनसंख्या नियंत्रण के सरकारी प्रचार प्रसार का उड़ा माखौल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद




हिंदू रक्षा दल प्रमुख और विवादित नेता भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी के बयान ने एक बार फिर सोशल मीडिया में विवादित और वायरल कर दिया है। अपने बयानों और कारनामों से चर्चा के केंद्र बने रहने वाले हिंदू रक्षा दल नेता और कार्यकर्ता अब फिर से प्रशासन के निशाने पर आ गए है। हम दो हमारे दो के सरकारी प्रचार प्रसार को दरकिनार करके हिन्दू रक्षा दल प्रमुख ने सीधे अब चौथे बच्चे पर 21 हजार रुपए तो पांचवे बच्चे पैदा करने पर 31 हजार रुपए देने की घोषणा करके सनसनी फैला दिया है। गाजियाबाद में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान हिन्दू रक्षा दल अध्यक्ष पिंकी के बयान ने राजनीतिक और सामाजिक हलकों में विवाद खड़ा कर दिया है। मंच से संबोधन के दौरान उन्होंने जनसंख्या और धर्म को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमान अधिक बच्चे पैदा कर भारत पर कब्जा करना चाहते हैं और सनातन धर्म को खत्म करने की बात कही। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि चौथा बच्चा पैदा करने पर 21 हजार रुपये और पांचवां बच्चा पैदा करने पर 31 हजार रुपये देने की घोषणा की जाएगी, ताकि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने में लोग आगे आए।

### तीखे बयानों और सोशल मीडिया सनसनी के लिए प्रसिद्ध हैं एचआरडी नेता और कार्यकर्ता

सोशल मीडिया सनसनी बनने के लिए हिंदू रक्षा दल और इनके समर्थकों की टीम लगातार ऐसे अशांति के वातावरण पैदा करती है, जिससे प्रशासन को मजबूरन इन्हें जेल के सलाखों के पीछे भेजना पड़ता है । अभी कुछ दिनों पूर्व ही दल प्रमुख अपने पुत्र और कार्यकताओं के साथ जेल से छुटकर बाहर निकले हैं। जनसंख्या वृद्धि पर नेता पिंकी चौधरी का बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद विभिन्न संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। आलोचकों का कहना है कि इस तरह के बयान समाज में वैमनस्य फैलाने वाले हैं और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ हैं। फिलहाल इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन बयान को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और कार्रवाई की मांग की जा रही है।